
इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलती जीवनशैली और बढ़ता मानसिक तनाव व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 149, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 32.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 25 सूर्यास्त 07 :11

हल्द्वानी, रविवार, 20 जुलाई 2025


भारत धर्मनिरपेक्ष, अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित...12



## ... कदम नयी मंज़िल की ओर

मंजिल उन्ही को मिलती है जो सपने देखते हैं।
हौसला ही मंजिल तक ले जाता है।
मेहनत और लगन ही मंजिल तक ले जाती है।

## रजत की डमरू, महाकाल की कांवड़



पीलीभीत के रजत वर्मा ने बदायूं में रामगंगा के कछला घाट से जल लाने के लिए इस बार डमरू और महाकाल की विशेष कांवड़ स्वयं तैयार की। वह हर साल नई कांवड़ बनाते हैं। बदायूं के कछला घाट से कांवड़ लेकर रजत शनिवार को बरेली पहुंचे। यहां अलखनाथ मंदिर परिसर में विश्राम किया, जिसके बाद वह शाम को पीलीभीत के लिए रवाना हो गए। फोटो- हरदीप सिंह टोनी

# कोई ताकत भारत को निर्देश नहीं दे सकती

### उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- किसी आख्यान से प्रभावित होने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली में वाइस-प्रेसिडेंट्स एन्क्लेव में भारतीय रक्षा संपदा सेवा के अधिकारी समूह के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोगों को किसी आख्यान से प्रभावित नहीं होना चाहिए क्योंकि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह निर्देश नहीं दे सकती कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। धनखड़ ने कहा कि इस देश में सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि भारत आपसी सहयोग से काम करता है, परस्पर सम्मान रखता है और अन्य देशों के साथ कूटनीतिक संवाद करता है। उन्होंने कहा, लेकिन अंततः हम संप्रभु हैं, हम अपने फैसले खुद लेते हैं। धनखड़ की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विपक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया भारत-पाकिस्तान झड़प में 'संघर्ष विराम' कराने के दावे पर सरकार से स्पष्टीकरण की मांग कर रहा है। उन्होंने यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा के प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा, बाहरी आख्यानों से निर्देशित न हों। इस देश में, एक संप्रभु राष्ट्र में, सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं। दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो भारत को यह निर्देश दे कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। उपराष्ट्रपति ने क्रिकेट की शब्दावली में कहा कि हर खराब गेंद को खेलना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, क्या इस बात पर माथापच्ची करने की जरूरत है कि किसने क्या कहा? जो क्रिकेट पिच पर अच्छे रन बनाता है, वह हमेशा खराब गेंदें छोड़ता है। वे लुभाने वाली होती हैं, लेकिन कोशिश नहीं की जातीं। और जो कोशिश करते हैं, उनके लिए आपके पास विकेटकीपर और गली में किसी के दस्ताने होते हैं।

## पेड़ों की कटाई की फर्जी अनुमति हुई जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली वन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि आवासीय परियोजना के लिए वसंत कुंज के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए उप वन संरक्षक के नाम का इस्तेमाल कर फर्जी अनुमति जारी की गई। पश्चिमी वन प्रभाग के उप संरक्षक ने पर्यावरण कार्यकर्ता भावरीन कंधारी की याचिका पर एक हलफनामा दायर किया था। याचिका में कहा गया है कि उक्त भूमि शीर्ष अदालत के नौ मई, 1996 के आदेश के तहत संरक्षित है। इस क्षेत्र में पेड़ों की कटाई या बदलाव से पहले अदालत की पूर्व अनुमति आवश्यक है।

# आतंक और नशा-मुक्त समाज बनाने की हर एक नागरिक की जिम्मेदारी

**जम्मू, एजेंसी**



जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रतिबंधित आतंकवादी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) की भाषा बोलने वाले कुछ तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद-मुक्त और नशा-मुक्त समाज बनाना यहां के प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

उपराज्यपाल ने यह बात यहां शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) में प्रांतीय आर्य महासम्मेलन' को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने किसी का नाम लिये बिना कहा, कुछ तत्व हैं जो (आतंकवादी समूह) टीआरएफ की भाषा बोलते हैं। पुलिस प्रशासन और सुरक्षा बल शांति सुनिश्चित करने तथा ऐसे तत्वों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह दो-दिवसीय कार्यक्रम आर्य प्रतिनिधि सभा, जम्मू और कश्मीर द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की स्थापना की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर की शांति एवं प्रगति के लिए सेना, पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वेदांता समूह पर वायसराय की रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं : पूर्व सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **चंद्रचूड़ ने कहा- कंपनी कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह है तैयार**

पूर्व मुख्य न्यायाधीश (पूर्व सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर वायसराय रिसर्च की वेदांता समूह पर रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है और कंपनी कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वेदांता समूह ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी वायसराय रिसर्च रिपोर्ट में लगाए आरोपों के संबंध में उनसे स्वतंत्र कानूनी राय मांगने के बाद आई है।

पूर्व सीजेआई ने कहा कि वायसराय का सूचीबद्ध कंपनियों में शॉर्ट पोजीशन लेने और फिर अवैध रूप से लाभ कमाने के लिए भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित करने का रिकॉर्ड रहा है। चंद्रचूड़ ने कहा कि कंपनी पर वायसराय रिसर्च की रिपोर्ट में गंभीर आरोप हैं, जिससे वेदांता समूह के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, रिपोर्ट में पोंजी स्कीम और परजीवी जैसे गंभीर आरोप हैं, जिनसे प्रश्नकर्ता (वेदांता) के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

## संधवां ने 15 सदस्यीय प्रवर समिति का किया गठन

**बेअदबी रोधी विधेयक**

**चंडीगढ़।** पंजाब विस अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने बेअदबी रोधी विधेयक पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के लिए शनिवार को सदन की 15 सदस्यीय प्रवर समिति का गठन किया।

यह कदम पंजाब पवित्र धर्मग्रंथों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम विधेयक, 2025 को विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से सदन की प्रवर समिति को भेजने का निर्णय के कुछ दिनों बाद उठाया गया है। विधेयक में धार्मिकग्रंथों की बेअदबी के कृत्यों के लिए आजीवन कारावास तक की सजा का प्रस्ताव है। समिति विधेयक पर रिपोर्ट छह महीने में प्रस्तुत करेगी। पंजाब विस सचिवालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, समिति का नेतृत्व अमृतसर दक्षिण से आप विधायक इंदरबीर सिंह निज्जर करेंगे।

# अनुभव-अनुसंधान स्वास्थ्य सेवा में स्वर्णिम मानक कुंजी

### विशेषज्ञों ने एमबीबीएस-बीएएमएस के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एकीकृत एमबीबीएस-बीएएमएस पाठ्यक्रम को लेकर जारी तीखी बहस के बीच विशेषज्ञों ने कहा कि दोनों विशेषज्ञताओं के बीच नैदानिक अनुभव और अनुसंधान सहयोग साझा करना भारत के लिए एकीकृत स्वास्थ्य सेवा में स्वर्णिम मानक स्थापित करने की कुंजी है।

हालांकि चिकित्सा पेशेवरों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं के बीच इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या भारत अपने प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत कर सकता है? वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन और ट्रिपल अमेरिकन बोर्ड-प्रमाणित चिकित्सक डॉ. अजय कश्यप ने कहा, भारत शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत का जन्मस्थान है और राइनोप्लास्टी (नाक का पुनर्निर्माण), मोतियाबिंद सर्जरी और गुदा-मलाशय सर्जरी जैसे उनकी शल्य चिकित्सा तकनीकें आज भी उपयोग में हैं। डॉ. अजय कश्यप की हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'द क्वेस्ट ऑफ सुश्रुत' इस प्राचीन शल्यचिकित्सक के योगदान की पड़ताल करती है और इस बात पर जोर देती है कि भारत, चिकित्सा पुनर्जागरण के कगार पर खड़ा है।

### दुनिया भर के स्वास्थ्य केंद्र इन ढांचों से ले रहे प्रेरणा

सर गंगा राम अस्पताल में लैप्रोस्कोपिक, लेजर एवं सामान्य शल्य चिकित्सा के अध्यक्ष और एकीकृत चिकित्सा के समर्थक डॉ. बीबी अग्रवाल ने कहा, यह पूर्व बनाम पश्चिम या प्राचीन बनाम आधुनिक का मामला नहीं बल्कि मरीज के लिए क्या सबसे अच्छा काम कर सकता है, इसको लेकर है। भारत के पास एकीकृत स्वास्थ्य सेवा में एक स्वर्णिम मानक स्थापित करने का अवसर है, लेकिन इसे वैज्ञानिक सत्यापन, नैदानिक परीक्षणों और मानकीकृत देखभाल प्रोटोकॉल के आधार पर स्थापित किया जाना चाहिए। व्यक्तिगत संरचना (प्रकृति), ऋतु में परिवर्तन और समग्र जीवनशैली समायोजन के आधार पर अलग-अलग उपचार सहित कई आयुर्वेदिक सिद्धांत वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं। दुनिया भर के स्वास्थ्य केंद्र अब इन ढांचों से प्रेरणा ले रहे हैं, जिन्हें अक्सर 'एकीकृत स्वास्थ्य' के रूप में फिर से प्रचारित किया जाता है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलती जीवनशैली और बढ़ता मानसिक तनाव व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 149, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

आज का मौसम: 32.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 25 | सूर्यास्त 07 :11

हल्द्वानी, रविवार, 20 जुलाई 2025

भारत धर्मनिरपेक्ष, अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित...12

# भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पांच विमान मार गिराए गए

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया नया दावा



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया दावा किया है कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान पांच विमान मार गिराए गए। साथ ही उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव उनके हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने यह स्पष्ट नहीं किया कि किसी एक पक्ष के विमान मार गिराए गए या फिर वह दोनों पक्षों के नुकसान की बात कर रहे थे। भारत सैन्य टकराव समाप्त कराने के ट्रंप के दावे को वस्तुतः खारिज करते हुए यह कहता रहा है कि अमेरिका की मध्यस्थता के बिना दोनों पक्षों ने सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाइयां रोकीं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के लिए शुक्रवार को आयोजित रात्रिभोज के दौरान कहा कि एक तरफ भारत और दूसरी ओर पाकिस्तान था। दोनों के बीच सैन्य टकराव जारी था। विमान मार गिराए जा रहे थे। चार या पांच विमान। मुझे लगता है कि वास्तव में पांच विमान मार गिराए गए थे। हालात बद से बदतर होते जा रहे थे।

उन्होंने कहा कि दोनों के पास परमाणु हथियार हैं और वे एक-दूसरे पर हमले कर रहे थे। हमने व्यापार के जरिए इसका समाधान किया। हमने कहा आप लोग व्यापार समझौता करना चाहते हैं। अगर आप हथियार, शायद परमाणु हथियार से हमला करने वाले हैं तो हम व्यापार समझौता नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने छह महीने में इतनी उपलब्धियां हासिल कर लीं, जितनी कोई भी अन्य प्रशासन आठ साल में भी हासिल नहीं कर सका। ट्रंप 10 मई के बाद से कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव खत्म कराने में मदद की और दोनों देशों से कहा कि यदि वे संघर्ष को रोक दें तो अमेरिका उनके साथ बहुत सारा व्यापार करेगा।

भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत की कार्रवाई के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले किए। 10 मई को टकराव रोकने पर सहमति बनीं।

## मोदी जी पांच विमानों का सच क्या है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य संघर्ष का दौरान पांच लड़ाकू विमानों के गिराए जाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को लेकर शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताना चाहिए कि पांच विमानों का सच क्या है क्योंकि यह जानना देश का हक है। वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अब इस बारे में संसद के भीतर स्पष्टीकरण देना चाहिए।

## गणेश उत्सव की तैयारी



मुंबई के परेल में गणेश चतुर्थी उत्सव के लिए एक कार्यशाला में भगवान गणेश की मूर्तियाँ बनाने में जुटे कलाकार। महाराष्ट्र में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। • एजेंसी

## एक नजर

### बिक्रम मजीठिया की न्यायिक हिरासत दो अगस्त तक बढ़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली जिले की एक अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की शनिवार को न्यायिक हिरासत दो अगस्त तक बढ़ा दी। शिअद नेता को इससे पहले छह जुलाई को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 25 जून को मजीठिया को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया था।

### द्रमुक नेता करुणानिधि के सबसे बड़े बेटे मुथु का निधन

**चेन्नई।** द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि के सबसे बड़े बेटे एवं गुजरे जमाने के अभिनेता एमके मुथु का शनिवार को निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। मुथु का यहां के उपनगरीय इलाके इंजम्बक्कम स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है।

### ठाणे में खुदाई में मिले प्राचीन नक्काशीदार पत्थर के टुकड़े

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक निर्माण स्थल पर खुदाई के दौरान नक्काशीदार पत्थरों के टुकड़े मिले, जो संभवत: प्राचीन स्तंभों के हिस्से हैं। इनकी जांच के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि ये अवशेष टेंभी नाका इलाके में आनंद आश्रम के पास एक निजी भूखंड पर निर्माण कार्य के दौरान मिले।

# छोटे और पूर्वी राज्यों से देश का एक समान विकास कर रहे मोदी

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने रुद्रपुर में किया उत्तराखंड निवेश उत्सव को संबोधित

- मुख्यमंत्री को सराहा, कहा- पारदर्शिता व दूरदर्शिता से काम कर रही धामी सरकार

मुख्य संवाददाता, रुद्रपुर/देहरादून

**अमृत विचार :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब तक छोटे और पूर्वोत्तर राज्यों का विकास नहीं होगा, देश का समान विकास नहीं हो सकता है व देश आगे नहीं बढ़ सकता है इसीलिए मोदी सरकार ने ऐसे राज्यों के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। पीएम मोदी छोटे व पूर्वी राज्यों से देश का एकसमान विकास कर रहे हैं। उत्तराखंड में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी टीम की पीठ थपथपाते कहा कि धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार पारदर्शिता, तीव्रता और दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है।

शनिवार को रुद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में केन्द्रीय मंत्री शाह ने 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउंडिंग के अवसर पर आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव-2025 समारोह और प्रदेश सरकार की 1271 करोड़ की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया।

कहा कि छोटे राज्यों को लेकर राजनीतिक पंडितों का गणित फेल हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जब उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य का निर्माण किया तो राजनीतिक पंडितों का मानना था कि छोटे राज्यों की परिकल्पना सफल नहीं होगी। आज तीनों राज्य अपने पैरों पर खड़े होकर आगे बढ़ रहे हैं और इसमें सोने पर सुहागा यह कि वर्ष 2014 में केन्द्र में मोदी सरकार आ गई। शाह ने उत्तराखंड में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने पर मुख्यमंत्री धामी की सराहना करते हुए कहा कि, गुजरात औद्योगिक विकास में देश में सबसे आगे है परंतु मैदानी राज्यों के मुकाबले पहाड़ी राज्यों में निवेश लाना पहाड़ जैसी चुनौती है और सीएम धामी ने यह कर दिखाया। हालांकि अभी धामी सरकार के पास बाकी बचे निवेश की चुनौती है। इससे 81 हजार से अधिक रोजगार का सृजन होगा और यह सरकार की अच्छी नीति का परिणाम है।



गृहमंत्री शाह का स्वागत करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### शाह को बताया नए भारत का लौह पुरुष

मुख्यमंत्री धामी ने गृह मंत्री शाह को नए भारत के लौह पुरुष की संज्ञा दी। निवेशकों को उत्तराखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर पंतजलि प्रमुख बाबा रामदेव ने केंद्र में मोदी और राज्य में धामी सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड में निवेश के लिए बेहतर माहौल है, प्रदेश जल्द ही पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में हब बनेगा। यूपीएस ग्रुप के सुनील राय और नैनी पेपर के पवन अग्रवाल ने उत्तराखंड में निवेश के लिए सुनहरा मौका बताया।

### बोले शाह-हवन में हड्डियां डालना बंद करो

संबोधन के दौरान गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए नसीहत दी कि हवन में हड्डियां डालने का काम बंद करो नहीं तो नकारात्मक राजनीति के चलते हाशिए पर जा चुकी कांग्रेस के बचे खुचे लोग दूरबीन से भी ढूंढने पर नहीं मिलेंगे।

(संबंधित पेज-2)

# धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़, छह राज्यों में की छापेमारी, 10 गिरफ्तार

## यूपी, राजस्थान, बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड व दिल्ली में नेटवर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने छह राज्यों में चलाया आपरेशन

**अमृत विचार :** आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने धर्मांतरण के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 50 सदस्यीय पुलिस टीम ने छह राज्यों में विशेष आपरेशन 'मिशन अस्मिता' के तहत छापा मारकर आरोपियों को दबोचा। यह गिरोह किशोरियों को 'लव जिहाद' में फंसाकर जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कराता था। यह जानकारी यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान दी।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि इस गिरोह के काम करने का तरीका आतंकी संगठन आईएसआईएस से मेल खाता है। जांच में इस गिरोह के तार एसडीपीआई और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी जुड़े मिले हैं। अब तक यह गिरोह सैकड़ों लोगों का धर्मांतरण करवा चुका है। जांच में सामने आया कि इनके अलग-अलग मॉड्यूल काम करते थे। एक समूह फंडिंग जुटाता था, दूसरा लोगों को कट्टर बनाता था और तीसरा उन्हें छिपाने की व्यवस्था करता था। गिरफ्तार आरोपियों में एक पीड़िता की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वह एके-47 राइफल के साथ नजर आ रही है।आगरा के पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के मुताबिक मार्च में दो बहने संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई थीं। जांच के दौरान इस गिरोह के बारे में जानकारी मिली। साइबर सेल की मदद से गिरोह के तार छह राज्यों से जुड़े होने की पुष्टि हुई। 50 पुलिस कर्मियों का विशेष दस्ता बनाकर ऑपरेशन चलाया गया।



डीजीपी राजीव कृष्ण

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गोवा से आयशा उर्फ एसबी कृष्णा, कोलकाता से अली हसन उर्फ शेखर रॉय, ओसामा, आगरा से रहमान कुरैशी, मुजफ्फरनगर से अब्बू तालिब, देहरादून से अबुर रहमान, राजस्थान के जयपुर से मोहम्मद अली-1, जुनैद कुरैशी, मोहम्मद अली-2 और दिल्ली से मुस्तफा को गिरफ्तार किया।

### आरोपियों की तय थी अलग-अलग भूमिका

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक इस गिरोह के खिलाफ 'लव जिहाद' का उपयोग कर विदेशों से फंडिंग हासिल करने के प्रमाण मिले हैं। साथ ही धर्मांतरण व कट्टरता फैलाने के ठोस सबूत भी मिले हैं। आरोपियों की अलग-अलग भूमिका रहती थी। इसमें फंड जुटाने, फंड को कड़ियों के हिसाब से खर्च करना, सेफ हाउस उपलब्ध कराना, विधिक सलाह देना, नए मोबाइल व सिम उपलब्ध कराना, प्रेम जाल में फंसाना, धर्म परिवर्तन के लिए सपने दिखाकर उकसाना, कट्टर बनाने का काम बंटा था।

# दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर अब डाक कांवड़ का जोर



जल लेने हरिद्वार पहुंचे डाक कांवड़िए। • अमृत विचार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- ढाई करोड़ से ज्यादा शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर रवाना
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पुलिस से सीधे संपर्क में है हरिद्वार पुलिस

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा मेला अब अंतिम पड़ाव की ओर है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने आराध्य का जलाभिषेक करने के लिए शनिवार शाम तक ढाई करोड़ से ज्यादा शिव भक्त हरिद्वार से अपने गंतव्य को प्रस्थान कर चुके हैं।

23 जुलाई को शिवरात्रि है। जिसके तीन दिन पहले डाक कांवड़ियों की संख्या बढ़नी शुरू हो जाती है ऐसे में अब दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर डाक कांवड़ का जोर रहेगा। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए हरियाणा, नई दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर जिलों की पुलिस से हरिद्वार पुलिस सीधे संपर्क में है। हर पल की गतिविधि इन राज्यों के साथ हरिद्वार पुलिस साझा कर रही है। हरिद्वार पुलिस द्वारा शनिवार शाम को जारी आंकड़ों के अनुसार, श्रावण कांवड़ मेला में 18 जुलाई की शाम छह बजे से 19 जुलाई की शाम छह बजे तक हरिद्वार से गंगाजल लेकर करीब 48 लाख शिवभक्त गंतव्य को प्रस्थान कर चुके हैं। जबकि 10 जुलाई से शुरू हुए कांवड़ मेले में 19 जुलाई की शाम तक गंगाजल लेकर गंतव्य को प्रस्थान करने वाले कांवड़ियों की संख्या 2 करोड़ 48 लाख 90 हजार है।

### चाक-चौबंद सुरक्षा

कांवड़ मेले को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए एसटीएस, एसटीएफ और खुफिया एजेंसियां सतर्क हैं। हरिद्वार से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक हाई अलर्ट की स्थिति है। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि डाक कांवड़ियों की संख्या बढ़ी है।

# पर्यावरण संरक्षण : ग्राम पंचायतों में महीने के तीसरे शुक्रवार को लगेगी ग्रीन चौपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पंचायतीराज और वन विभाग के समन्वय से गांव बनेगा हरित गांव
- राज्य स्तर पर सम्मानित होगी उत्कृष्ट कार्य करने वाली चौपाल

**अमृत विचार :** प्रत्येक गांव को हरित गांव के रूप में स्थापित करने की योगी सरकार की कार्ययोजना शनिवार से लागू कर दी गई है। अब अगस्त माह से ग्राम पंचायतों में महीने के तीसरे शुक्रवार को 'ग्रीन चौपाल' लगेगी। इसमें पंचायतीराज और वन विभाग के समन्वय से हर गांव को हरित गांव बनाया जाएगा।

साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायत की ग्रीन चौपाल को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। गांवों में ग्रीन चौपाल के जरिए पर्यावरण संरक्षण होगा, जिसमें आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। ग्राम हरित निधि की स्थापना व संचालन पर फोकस होगा। पौधरोपण के लिए ग्राम पंचायतवार माइक्रोप्लान की विवेचना व क्रियान्वयन में ग्रीन चौपाल की सक्रिय सहभागिता रहेगी। ग्राम चौपाल शासन व जिला वृक्षारोपण समिति की मंशा के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करेगा। मिशन लाइफ, वन, वन्यजीव, आर्द्र भूमि, पर्यावरण, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, पौधरोपण, कार्बन क्रेडिट, वैकल्पिक ऊर्जा आदि के संबंध में संचालित योजनाओं से आमजन को भी जागरूक किया जाएगा। प्रदेश की हरियाली बढ़ाने के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल की बैठक होगी। इस दिन राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले दिन अनिवार्य रूप से ग्रीन चौपाल की बैठक होगी। ग्राम प्रधान ग्रीन चौपाल के अध्यक्ष होंगे। ग्राम पंचायत सचिव को संयोजक बनाया गया है।

# डीयू ने जारी की यूजी प्रवेश की मेरिट लिस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक में नामांकन की पहली सीट आवंटन सूची जारी कर दी। विश्वविद्यालय द्वारा शाम 5 बजे प्रकाशित सूची में 69 कॉलेजों द्वारा संचालित 79 स्नातक कार्यक्रमों में 71,624 सीटों के आवंटन शामिल हैं।

उम्मीदवारों को 21 जुलाई को शाम 4:59 बजे तक सीट स्वीकार करनी होगी। कॉलेज 22 जुलाई तक आवेदनों का सत्यापन और अनुमोदन करेंगे और इस चरण के तहत नामांकन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 23 जुलाई है। दूसरी सूची 28 जुलाई को जारी की जाएगी। स्नातक प्रथम वर्ष के लिए शैक्षणिक सत्र 1 अगस्त से शुरू होने वाला है।

# ग्रेटर नोएडा में मेडिकल छात्रा ने की आत्महत्या

नोएडा, एजेंसी

- डीन समेत सात पर मामला दर्ज दो प्रोफेसर हिरासत में



ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित एक विश्वविद्यालय के छात्रावास में एक मेडिकल छात्रा ने शुक्रवार रात आत्महत्या कर ली। उसे प्रताड़ित करने के आरोप में डीन समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो प्रोफेसर को हिरासत में लिया गया है।

अपर पुलिस उपायुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि नालेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति शर्मा ने छात्रावास के अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुमार ने बताया कि गुरुग्राम निवासी ज्योति के पिता रमेश जांगड़ा ने विश्वविद्यालय के डीन डॉक्टर एम सिद्धार्थ और प्रोफेसर सैरी मैडम, महेंद्र, अनुराग अवस्थी एवं सुरभि के अलावा एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। रमेश का आरोप है कि इन लोगों के उत्पीड़न, दुर्व्यवहार एवं धमकाए जाने के कारण उनकी बेटी ने आत्महत्या की।

# चार गैर हिंदू कर्मियों को किया निलंबित

- तिरुपति मंदिर प्रबंधन ने की कार्रवाई

**तिरुपति।** श्री वेंकटेश्वर मंदिर के आधिकारिक संरक्षक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने गैर हिंदू होने और अन्य धर्मों का पालन करने के आरोप में अपने चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। मंदिर समिति ने उप कार्यकारी अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण) बी. एलिजर, बीआईआरआरडी अस्पताल की नर्स एस. रोजी, बीआईआरआरडी अस्पताल की ग्रेड-1 फार्मासिस्ट एम. प्रेमवती और एस.वी. आयुर्वेद फार्मेसी की कर्मी जी. असुंथा को निलंबित कर दिया।

# मध्य हिमालय में बढ़ रही ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा

## एरीज की वैज्ञानिक ने पांच वर्ष के प्रेक्षण के बाद निकाले निष्कर्ष, मानवजनित गतिविधियों को बताया कारण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मध्य हिमालय में ग्रीनहाउस गैस की मात्रा में वृद्धि पाई गई है। कार्बन डाइऑक्साइड 2.66 पीपीएम और मीथेन में 9.53 पीपीबी प्रति वर्ष की दर से वृद्धि हो रही है। एरीज के वैज्ञानिकों ने पांच वर्ष के प्रेक्षण के आधार पर ये निष्कर्ष निकाले हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के निदेशक डॉ. मनीष नाजा के सुपरविजन में डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने शोध किया है। डॉ. प्रियंका ने बताया कि कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देने में सहायक होती हैं और यह दोनों गैसें उत्तराखंड और नेपाल यानी मध्य हिमालय क्षेत्र में लगातार वृद्धि की ओर इशारा करती रही हैं। इन गैसों की तुलना में कार्बन मोनोऑक्साइड में क्रमिक गिरावट आई है, जो 3.15 पीपीबी प्रति वर्ष दर्ज की गई है। इसके कम होने का कारण वाहनों के इंजनों का आधुनिकीकरण हो सकता है।

### पहली बार भारतीय वैज्ञानिकों ने किया शोध



डॉ. प्रियंका बताती हैं कि भारतीय वैज्ञानिकों ने पहली बार मध्य हिमालय में प्रमुख ग्रीन हाउस गैसों पर शोध किया है। इस शोध में करीब पांच वर्ष का समय लगा और वर्ष 2014 से 2018 के आंकड़े एकत्र किए गए। यह शोध हिमालय में जलवायु शमन प्रयासों को मान्य करने, सटीक उत्सर्जन सूची बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### प्रदूषण पर नीति बनाने में शोध मददगार



एरीज निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने बताया कि यह शोध नीति निर्माताओं और जलवायु मॉडल निर्माताओं का मार्गदर्शन करेगा। दक्षिण एशिया की बदलती जलवायु की वास्तविकता बताता है और दक्षिण एशिया में जलवायु शमन रणनीतियों और नीति विकास के लिए मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान करता है।

### यह निष्कर्ष आया सामने

शोध से पता चलता है कि मध्य हिमालय में ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता अन्य दूरस्थ पृष्ठभूमि स्थलों की तुलना में सामान्यत: अधिक है। सक्रिय प्रकाश संश्लेषण के कारण कार्बन डाइऑक्साइड दिन के उजाले के दौरान निम्नतम स्तर पर पहुंच जाती है, मीथेन और कार्बन मोनोऑक्साइड दिन में चरम पर होती हैं क्योंकि पर्वतीय हवाएं प्रदूषकों को ऊपर ले जाती हैं।





विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करते गृह मंत्री अमित शाह, साथ में सीएम धामी, विस अध्यक्ष ऋतु खंडूरी, योग गुरु बाबा रामदेव, उत्तराखंड निवेश उत्सव में जन अभिवादन स्वीकार करते गृह मंत्री शाह और मुख्यमंत्री धामी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उत्तराखंड निवेश उत्सव-2025 के दौरान स्मृति चिन्ह भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

# सीएम धामी को सुपर शाबासी, पल-पल झलका विश्वास

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कार्यक्रम के दौरान बंपर निवेश पर मुख्यमंत्री की पीठ थपथपाई, साथ ही ब्रांडिंग भी की

- पुष्कर सिंह धामी का कई बार नाम लेकर की तारीफ
- नीतियों का किया जमकर प्रचार व्यवस्थाओं को खूब सराहा

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** वर्ष 2023 में निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर मौजूद रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से एक खास चर्चा की थी। यह चर्चा पराक्रम से संबंधित थी। तब गृह मंत्री ने कहा था-निवेश के एमओयू (समझौता ज्ञापन) लाने में पराक्रम नहीं है।

असल पराक्रम निवेश के प्रस्ताव को धरातल पर उतारने में है। करीब डेढ़ साल बाद निवेश उत्सव के मौके पर उत्तराखंड के इस पराक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री ने खुले दिल से मान्यता दी। सीएम धामी को सुपर शाबासी दी। यह भी विश्वास दिला दिया कि उत्तराखंड के इस तरह के हर प्रयास में केंद्र की मोदी सरकार मजबूती से उसके साथ खड़ी है।

शनिवार को रुद्रपुर में उत्तराखंड निवेश उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2023 के निवेशक सम्मेलन के समापन का खास तौर पर जिक्र किया। रुद्रपुर के कार्यक्रम में उपस्थित निवेशकों और लोगों को बताया कि किस तरह से उन्होंने पराक्रम दिखाने का मुख्यमंत्री धामी से आह्वान किया था। शाह ने खुले दिल से स्वीकार किया कि निवेश प्रस्तावों को तीस फीसदी तक धरातल पर उतार देना सचमुच बहुत बड़ी उपलब्धि है।

सीएम धामी और उनकी सरकार के बेहतरीन प्रदर्शन को गृह मंत्री ने एक बार नहीं, बल्कि बार-बार सराहा। सीएम पुष्कर सिंह धामी के नाम का खास तौर पर उल्लेख करते हुए उन्होंने कभी भाई कहा, तो कभी लोकप्रिय और यशस्वी मुख्यमंत्री बताया।

उत्तराखंड की सराहना करते हुए शाह ने अपने गृह राज्य गुजरात की भी चर्चा की और पहाड़ में निवेश के संबंध में चुनौती को दिलचस्प ढंग से सामने रखा। उन्होंने उत्तराखंड में निवेश लायक बने बेहतरीन माहौल के पीछे छिपी बुनियादी बातों का जिक्र किया।

### गृह मंत्री के वे शब्द, जो बने विश्वास के प्रमाण

1. मैं पूरे उत्तराखंड के प्रतिनिधि के रूप में पुष्कर सिंह धामी और उनकी टीम को बधाई और साधुवाद देना चाहता हूं, क्योंकि आज एक लाख करोड़ का निवेश जमीनी सच्चाई बन गया है।
2. पहाड़ी राज्यों में निवेश लाने में पहाड़ चढ़ने जितनी कठिनाई होती है, लेकिन सीएम ने सारी परिकल्पनाओं को तोड़ा है। प्रदेश में एक लाख करोड़ का निवेश आने के साथ ही 81 हजार से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं।
3. सीएम ने औद्योगिक विकास और पर्यावरण के बीच में संतुलन भी स्थापित किया है। नीतियों में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता व दृष्टि में दूरदर्शिता के साथ ही प्रदेश के विकास का खाका खींचा है।

### पीएम संग सीएम की कैमिस्ट्री का कमाल

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की गजब की कैमिस्ट्री है। इस कैमिस्ट्री का कमाल ही है कि निवेश के मामले में उत्तराखंड ने ऊंची छलांग लगाई है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सीएम ने कड़ी मेहनत की है। निवेशकों को बेहतर सुविधाएं और माहौल देने के लिए उनके प्रयासों पर अब सफलता का रंग चढ़ रहा है। प्रधानमंत्री सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से दिल्ली जाकर सीएम लगातार मिलते रहे हैं। केंद्र की सहायता से उत्तराखंड को अपने संकल्प को पूरा करने में खासी मदद मिली है।

### विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत की कल्पना की है, लेकिन विकसित उत्तराखंड के बिना विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। देश के समग्र विकास के लिए छोटे राज्यों सहित उत्तर पूर्व के राज्यों का विकास भी जरूरी है। सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उत्तराखंड तो वैसे भी ज्योर्तिलिंग, शक्तिपीठ, पंचब्रदी, पंच केदार और पंच प्रयाग की भूमि है, इस राज्य का विकास कोई नहीं रोक सकता। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। राज्य में वर्ष भर पर्यटक आएं, इसके लिए 360 डिग्री पर काम किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री प्रदेश के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। जब कुछ लोगों ने ऑलवेदर रोड का विरोध किया तो केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में मजबूत पैरवी कर ऑलवेदर रोड को चारधामों तक पहुंचाने का काम किया। सरकार हेमकुंड साहिब के साथ ही केदारनाथ के लिए रोपवे परियोजना पर काम कर रही है। उन्होंने धामी सरकार के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा किस तरह इस छोटे से राज्य में निवेश का बढ़ावा देने के लिए पर्यटन, एमएसएमई, स्टार्टअप, फिल्म नीति सहित कई प्रयास किए गए। आने वाले समय में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक उपचार और जैविक खेती प्रदेश के विकास का आधार बनेंगे।

### तीन गुना से अधिक मिली सहायता

गृह मंत्री ने कहा कि, मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में उत्तराखंड को साढ़े तीन गुना से अधिक एक लाख 86 हजार करोड़ रुपये प्रदान किए गए। इसके अलावा 31 हजार करोड़ सड़कों के लिए, चालीस हजार रेलवे प्रोजेक्ट के लिए, सौ करोड़ एयरपोर्ट के लिए प्रदान किए, इस तरह कुल केंद्रीय सहायता, पिछली सरकार के मुकाबले चार गुना अधिक हो जाती है।

### दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी लग रहे उद्योग

गृह मंत्री शाह ने कहा कि, उत्तराखंड के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी उद्योग लग रहे हैं। राज्य सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए, नीति में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता और विजन में दूरदर्शिता के साथ विकास का नया खाका खींचने में सफल रही है।

# देवभूमि से नई ऊर्जा और चेतना लेकर लौटता हूं

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार के प्रयासों को सराहा
- कहा- विकसित उत्तराखंड से ही पूरा होगा विकास, 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य

संवाददाता, रुद्रपुर/देहरादून



**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, जब भी वे चार धामों और गंगा, यमुना की भूमि उत्तराखंड आते हैं तो नई ऊर्जा और चेतना लेकर लौटते हैं। देवभूमि उत्तराखंड ने पूरी दुनिया को आध्यात्मिक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यहां की नदियां आधे भारत की पेयजल, सिंचाई की जरूरतों को पूरा करती हैं।

शनिवार को रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने धामी सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ करते हुए, केंद्र सरकार से भरपूर सहायता का आश्वासन दिया। गृह मंत्री शाह ने दिसंबर 2023 में आयोजित उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के समापन समारोह का जिक्र करते हुए कहा कि तब उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कहा था कि, राज्य सरकार का असल पराक्रम समिट में हुए तीन लाख 56 हजार करोड़ के एमओयू को धरातल पर उतारने का होगा, लेकिन अब उन्हें खुशी है कि मुख्यमंत्री की टीम ने चुनौतियों के बावजूद, आज एक लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट धरातल पर उतार दिया है। इससे 81 हजार नए रोजगार सृजन का रास्ता साफ हो गया है।

### 2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशभर में विकास का खाका खींचते हुए हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बनाए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई दस साल में 60 प्रतिशत बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आठ लाख किमी सड़कें बनी हैं। 333 जिलों में सुविधाजनक वंदे भारत ट्रेन पहुंच चुकी है। दस सालों में 45 हजार किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया गया, 88 नए हवाई अड्डे बने साथ ही इनलैंड वाटर वे कारगो में 11 गुना बढ़ोत्तरी हुई है।

# सोशल मीडिया पर रही निवेश की धूम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** प्रदेश में 1 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग पूरी होने पर रुद्रपुर में उत्तराखंड निवेश उत्सव मनाया गया तो सोशल मीडिया पर इसकी धूम मच उठी।

सोशल मीडिया साइट X पर #UttarakhandNiveshUtsav दिनभर देशभर में नंबर-1 पर ट्रेंड करता रहा। आम नागरिकों के साथ ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों और निवेशकों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेशवासियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

कई सोशल मीडिया यूज़र्स ने सीएम धामी को कुशल प्रशासक बताते हुए लिखा कि उत्तराखंड में इतने बड़े पैमाने पर निवेश की ग्राउंडिंग संभव हो सकी है, तो इसका श्रेय उनके निर्णायक नेतृत्व, पारदर्शी कार्यशैली और विकास के प्रति प्रतिबद्ध दृष्टिकोण को जाता है।

कई प्रतिक्रियाओं में यह भी कहा गया कि मुख्यमंत्री के विजन के चलते ही आज उत्तराखंड निवेश, नवाचार और नौकरियों का केंद्र बनता जा रहा है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
हयूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा प्रदेश

- मुख्यमंत्री धामी ने किया उत्तराखंड निवेश उत्सव को संबोधित
- कहा- यह उत्सव केवल आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि उत्तराखंड के समावेशी विकास का प्रतिबिंब

संवाददाता, रुद्रपुर/देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि आज हम उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की सफलतापूर्वक ग्राउंडिंग का उत्सव मना रहे हैं।

आज का उत्सव केवल आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध संभावनाओं, उद्यमिता की भावना और जन भागीदारी पर आधारित समावेशी विकास का प्रतिबिंब है, जो राज्य को आत्मनिर्भरता और औद्योगिक समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। आज 1342 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के अंतर्गत 3.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौतों में से 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तराखंड निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विकसित भारत के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए देश में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जा रहे हैं।

आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम वाला देश बन गया है।



कार्यक्रम के दौरान बातचीत करते गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### निवेशकों को हरसंभव सहयोग देंगे: सीएस

**रुद्रपुर :** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि उत्तराखंड निवेशकों के मध्य, विश्वसनीय, प्रतिस्पर्धात्मक और भविष्य के लिए तैयार गंतव्य के रूप में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य निवेशकों को शांतिप्रिय वातावरण के साथ ही कुशल प्रशासन के जरिए हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

### 30 से अधिक नीतियों को लागू किया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में औद्योगिक नीति, लॉजिस्टिक नीति, स्टार्टअप नीति, एमएसएमई नीति सहित 30 से अधिक नीतियों को लागू कर राज्य में उद्योगों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्टार्टअप के लिए 200 करोड़ रुपये के वेंचर फंड की स्थापना की गई है। राज्य में निवेश प्रोत्साहन के लिये निवेश मित्र की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। काशीपुर में अरोमा पार्क, सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, पंतनगर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की है। करीब 13 सौ करोड़ रुपये की लागत से खुरपिया में स्थापित होने वाली इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी भी उत्तराखंड के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तराखंड को एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स की श्रेणी प्राप्त हुई है। प्रदेश में 260 से अधिक व्यावसायिक सेवाओं में ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### वेलनेस की सर्वश्रेष्ठ नीति घोषित की: रामदेव

**रुद्रपुर :** पतंजलि समूह के संस्थापक बाबा रामदेव ने कहा कि उत्तराखंड राज्य भारत माता का मुकुट है। राज्य सरकार प्रकृति और पर्यावरण के साथ आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। उत्तराखंड ने वेलनेस की सर्वश्रेष्ठ नीति घोषित की है। राज्य सौर ऊर्जा, हाइड्रो पावर के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। बाबा रामदेव ने समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा की।

# यह बड़ा पॉजिटिव डेवलपमेंट निकलेंगे दूरगामी परिणाम

- एक लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग पर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन उत्साहित
- कुल प्रस्तावों की 30 फीसदी ग्राउंडिंग होना बेहद खास : पंकज गुप्ता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में एक लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग पर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड उत्साहित है। एसोसिएशन की प्रतिक्रिया गर्मजोशी से भरी है।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गुप्ता का मानना है कि निवेशक सम्मेलन के सिर्फ डेढ़ साल बाद कुल निवेश का तीस फीसदी धरातल पर उतरना असाधारण उपलब्धि है। यह पॉजिटिव डेवलपमेंट हैं, जिसके दूरगामी परिणाम निकलेंगे। गुप्ता ने कहा कि निवेशक सम्मेलन हर राज्य कर रहा है। निवेशकों को आकर्षित करने की तमाम कोशिशें हो रही हैं। मगर देखने में ये ही आया है कि पांच से दस फीसदी ग्राउंडिंग पर आकर बात ठहर जाती है। उत्तराखंड की तीस फीसदी ग्राउंडिंग की उपलब्धि बहुत बड़ी है। निश्चित तौर पर यह मुख्यमंत्री और उनकी सरकार के प्रयासों का प्रतिफल है। जिससे निवेश लायक अनुकूल माहौल बना है। निवेशकों का प्रदेश के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है। कहा कि पूर्व में सिर्फ उद्योगों को फोकस करके आर्थिक विकास की तरफ कदम बढ़ाए गए, लेकिन धामी सरकार ने उद्योगों के साथ ही ऊर्जा, पर्यटन, हाउसिंग समेत सभी क्षेत्रों को ध्यान में रखकर सर्वांगीण आर्थिक विकास की मजबूत बुनियाद रख दी है। राज्य सरकार निवेश लायक माहौल बनाने के लिए इंटरनल कनेक्टिविटी पर काम कर रही है, तो केंद्र सरकार एक्सटरनल कनेक्टिविटी पर भरपूर सहयोग दे रही है। केंद्र और राज्य का यह बेहतर तालमेल न सिर्फ उत्तराखंड को मजबूत आर्थिक आधार देगा, बल्कि रोजगार की भी नई राह खोलेगा।

### सीएम की नजर में निवेशक हैं ब्रांड एंबेसडर

**देहरादून :** राज्य सरकार निवेशकों को उनके अनुकूल माहौल देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी का नतीजा है कि निवेशक उत्तराखंड को लेकर उत्साहित हैं। आंकड़ों की बाजीगरी से हटकर निवेश की ग्राउंडिंग के जो असल आंकडे.नजर आ रहे हैं, वह उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य के हिस्से आई बड़ी उपलब्धि है। निवेशकों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हमेशा उत्तराखंड का ब्रांड एंबेसडर बताया है। मुख्यमंत्री का मानना है कि राज्य में निवेश करने वाले निवेशकों को उत्तराखंड में जो अच्छे अनुभव प्राप्त हो रहे हैं, उसे वह देश-दुनिया के सामने ला रहे हैं। एक तरह से वे हमारे ब्रांड एंबेसडर बनकर कार्य कर रहे हैं।

# ...कांग्रेसी दूरबीन से भी देखने को नहीं मिलेंगे

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- शाह ने कांग्रेस पर नकारात्मक राजनीति का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जोरदार प्रहार करते कहा कि कांग्रेस हमेशा नकारात्मक राजनीति करती है, खासकर जब उत्तराखंड में विकास हो रहा हो। यह ऐसा है जैसे कोई दूध में नींबू निचोड़ दे। शाह ने विपक्षी दल को सलाह दी कि यदि उसे अपना अस्तित्व बचाना है, तो उसे अपनी इस आदत से बाज आना चाहिए। नहीं तो नकारात्मक राजनीति के चलते हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस के बचे खुचे लोग दूरबीन से भी ढूंढने पर नहीं मिलेंगे।

शाह ने कहा कि प्रदेश के विकास के मौके पर वह राजनीति नहीं करना चाहते हैं, लेकिन आज कांग्रेस ने इसके लिये मजबूर किया। उन्होंने कहा कि आज सुबह कांग्रेस की ओर से एक ट्वीट किया, ''अमित भाई उत्तराखंड को क्या मिला... अपने दौरे पर यह भी जनता को बताना।'' उन्होंने कांग्रेस के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वर्ष 2004 से 2014 तक 10 साल कांग्रेस की सरकार में उत्तराखंड को 53000 करोड़ रुपये की केन्द्रीय मदद मिली जबकि प्रधानमंत्री मोदी की दस साल की सरकार में 2014 से 2024 के बीच उत्तराखंड को कांग्रेस के मुकाबले सवा चार गुना अधिक पैसा मिला। मोदी सरकार की ओर से दस वर्षों में प्रदेश को 186000 करोड़ की आर्थिक मदद दी गई। इसके अलावा 31000 करोड़ सड़कों, 41000 करोड़ रेल सेवा और 100 करोड़ एयरपोर्ट के विकास के लिए अतिरिक्त रूप से दिया गया है जो कि कांग्रेस के मुकाबले सवा चार गुना अधिक है। गृह मंत्री ने कांग्रेस को नसीहत दी कि प्रदेश के विकास में वह प्रदेश सरकार का समर्थन करें।

## आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी और बादल भी छाए रहेंगे

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 24.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 19.11

## एक नजर

### बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। उजाला नगर शनिबाजार गेट बनभूलपुरा निवासी अफजाल अहमद ने पुलिस को बताया कि 18 जुलाई की सुबह उन्होंने अपनी मोटर साइकिल नानक स्वीट हाऊस के पास खड़ी और बाजार चला गया। जब वह वापस लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी।

### विदेशी फंडिंग से धर्मांतरण सिंडिकेट चला रहे छांगुर ने देवभूमि में भी जमाई जड़ें, गढ़वाल में मिले गुर्गों ने खोला राज

# कुमाऊं में छांगुर कनेक्शन की तलाश में जुटी पुलिस

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** हाई-प्रोफाइल धर्मांतरण सिंडिकेट के मुख्य आरोपी छांगुर बाबा उर्फ करीमुल्ला शाह उर्फ जमालुद्दीन उर्फ जलालुद्दीन का धर्मांतरण सिंडिकेट पूरे देश में फैला है और अब गढ़वाल (उत्तराखंड) कनेक्शन भी सामने आ गया है। जिसके बाद से कुमाऊं मंडल में भी हलचल बढ़ गई है। कुमाऊं के सभी छह जिलों में अब पुलिस ने छांगुर कनेक्शन की तलाश शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि छांगुर ने कुमाऊं में भी अपना पुख्ता सिंडिकेट तैयार कर रखा है। अगर कुमाऊं में लव जिहाद से जुड़े हालिया मामलों पर गौर करें तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इसके पीछे छांगुर का हाथ हो।

बता दें कि धर्मांतरण सिंडिकेट को तोड़ने में जुटी यूपी एटीएस की टीम ने देहरादून से अबुर रहमान और एक महिला को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस को दोनों का छांगुर से कनेक्शन होने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। पुलिस को इस मामले में और लोगों के भी शामिल होने का शक है। यही वजह है कि अब यूपी एटीएस के साथ देहरादून पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि छांगुर ने कुमाऊं में भी अपना नेटवर्क खड़ा किया है। बताया जा रहा है कि नैनीताल, यूएस नगर जैसे जिलों में छांगुर का सिंडिकेट हो सकता है और इसकी वजह है इन जिलों में रहने वाली मुस्लिम आबादी। बताया जा रहा है कि देहरादून में हत्थे चढ़े छांगुर के गुर्गों ने छांगुर के कुमाऊं कनेक्शन का जिक्र किया है। आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल का कहना है कि सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट रहने और इस तरह के मामलों में कोताही न बरतने की हिदायत दी गई है।

### खुल रहीं छांगुर के काले कारनामों की परतें

**हल्द्वानी :** यूपी एटीएस के मुताबिक, जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के काले कारनामों की परतें लगातार खुल रही हैं। ईडी ने बलरामपुर के उतरौला में गुरुवार को छापेमारी कर यहां पर ताजुद्दीन कांप्लेक्स के रहस्य से पर्दा उठा दिया। करोड़ों रुपये के निवेश से बने इस कांप्लेक्स की जमीन छांगुर ने नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर करीब छह साल पहले खरीदी थी।




# चालान के बाद भी अफसरों की नाक के नीचे जारी रहा काम

### अधिकारियों का दावा, मौके पर जांच की जा रही है, शारदा मार्केट में अवैध तरीके से बनाई जा रहीं 77 दुकानों के निर्माण का मामला

संवाददाता, हल्द्वानी

**77** दुकानों का बेखौफ होकर किया अवैध निर्माण, शिकायत पर शुक्रवार को पहुंची थी संयुक्त टीम

**29** जुलाई को भवन स्वामी आलोक और माया शारदा देंगे जिला विकास प्राधिकरण को नोटिस का जवाब



हल्द्वानी के नैनीताल रोड स्थित शारदा मार्केट में शनिवार को किया जा रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शारदा मार्केट में अवैध तरीके से बनाई जा रहीं 77 दुकानों का निर्माण चालान कटने के बावजूद भी दूसरे दिन बेखौफ चलता रहा। अमृत विचार की टीम ने शनिवार को मौके पर जाकर देखा तो मजदूर काम करते मिले। वहीं इस संबंध में जिम्मेदारों से वार्ता की तो उनका कहना है कि अगर काम चल रहा होगा तो इसे रुकवा दिया जाएगा।

गौरतलब है कि शुक्रवार को यहां नगर निगम और विकास प्राधिकरण की टीमें पहुंची थीं। उन्होंने चालान करने के साथ ही काम भी रुकवा दिया था। क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के सचिव ने नोटिस देकर काम करने वाले से जबाव मांगा था। 29 जुलाई को भवन स्वामी आकर नोटिस का जवाब देंगे।

वहीं चालान कटने और काम रोके जाने के बावजूद शनिवार को भी जिस तरह से शारदा मार्केट में अवैध तरीके से बन रही दुकानों का निर्माण जारी रहा उसे देखकर तो यही लगता है कि संबंधित में प्रशासन का कोई खौफ नहीं है। ऐसा तब है कि जब ये दुकानें क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण और नगर निगम कार्यालय के पास में ही है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि मौके पर निरीक्षण के लिए जेई को भेजा जा रहा है। इसके बाद भी अगर काम चल रहा है तो इसे सीज ही किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह मामला तब प्रकाश में आया जब बीते शुक्रवार को पार्षद रवि जोशी की शिकायत पर जिला विकास प्राधिकरण, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए काम रुकवाया गया था। जांचके दौरान पता चला कि तीन-तीन फ्लोर में दर्जनों दुकानें बनाई गई हैं। जब प्राधिकरण की ओर से नक्शा और दुकानों के निर्माण की अनुमति के दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो निर्माणकर्ता कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके जिसके बाद भवन स्वामी माया देवी शारदा और आलोक शारदा के नाम से चालान कर नोटिस देकर अवैध व्यावसायिक निर्माण का जवाब मांगा गया है। टीम का कहना था कि जवाब नहीं मिलने पर सील की कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारियों को नहीं दिखा इतना बड़ा निर्माण

**हल्द्वानी :** यह निर्माण उस जगह पर हो रहा है जहां पर नैनीताल रोड को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है। मुख्य बाजार में इस रोड से छोटे-बड़े अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। पास में ही प्रशासन के बड़े अधिकारियों के कार्यालय हैं। इसके बाद भी नैनीताल रोड से सटे इस बाजार में खुलेआम इतना बड़ा अवैध निर्माण हो रहा था और किसी भी अफसर की इस पर नजर नहीं गई, यह बड़ा प्रश्न है। आखिर कैसे नगर निगम, जिला व क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण किसी गली मुहल्ले में बिना स्वीकृति के एक नाली, खिड़की, दरवाजे, छोटी सी बाउंड्री के निर्माण तक को रुकवाने पहुंच जाते हैं और इतना बड़ा निर्माण होता उन्हें नहीं दिखा।

> मौके पर ही निर्माण रोक दिया गया था। जवाब के लिए नोटिस दिया गया है। इसके बावजूद निर्माण किया जाएगा, तो कार्रवाई की जाएगी।
> –**विजय नाथ** शुक्ल, सचिव, जिला विकास प्राधिकरण

> 29 जुलाई को भवन स्वामी को नोटिस का जवाब देना है। अगर इस दौरान निर्माण कार्य किया जा रहा है तो अब भवन को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। –**गोपाल सिंह चौहान**, सचिव, क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण

### राजेंद्र नगर में लाल निशान का विरोध

**हल्द्वानी :** पार्षद प्रीती आर्या ने कहा कि राजेंद्र नगर राजपुरा में नाला चौड़ीकरण के नाम पर गरीबों के घरों लाल निशान लगाए जा रहे हैं। कहा कि किसी के मकान की आधी ईंट भी टूटने नहीं देंगे चाहे आन्दोलन को किसी भी हद ले जाना पड़े या कोर्ट की शरण लेनी पड़े। हेमंत साहू ने कहा शासन-प्रशासन बेलगाम हो गया है। राजपुरा में कभी इतना पानी नहीं आता कि की नाले को चौड़ीकरण की जरूरत पड़े लाल निशान लगाने से लोग डर के साए में जी रहे हैं। गरीब इंसान पूरे जीवन की जमा पूंजी लगाकर एक-एक तिनका जोड़कर मकान बनाता है। अधिकारियों को ऐसी हरकत करने से पहले हजार बार सोचना चाहिए।

# ग्राम सभा सदस्य पद के लिए प्रत्याशियों में कम रहा रुझान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी ब्लॉक में ग्राम सभा सदस्यों (वार्ड मेंबर) की कुल 560 सीटों में से 230 सीटें खाली हैं। इनमें कई सीटों पर निर्विरोध चुनाव हो गए हैं लेकिन अभी भी भी कई सीटें ऐसी हैं, जिन पर नामांकन ही नहीं हुए थे और ये सीटें खाली रह गई हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों में जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य की सीटों को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। हालांकि ग्राम सभा सदस्यों की सीटों में इस तरह का उत्साह नहीं रहा। हल्द्वानी ब्लॉक की कुल 60 ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायत सदस्य के 560 पद हैं। इनमें 375 प्रत्याशियों ने नामांकन कराए थे। 18 प्रत्याशियों के नामांकन रद्द हो गए। 10 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिए थे। 314 पदों पर ग्राम सभा सदस्यों का चुनाव निर्विरोध ही हो गया लेकिन फिर भी 230 पद खाली ही रह गए। औसतन हर ग्राम सभा में 9 से 13 सदस्य होते हैं। कोई ग्राम सभा तभी संचालित होती है जब ग्राम सभा सदस्यों की कुल सीटों में दो तिहाई सीटें भर गई हों। ग्राम सभा सदस्य भी गांव के विकास और नीतियों में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। उप प्रधान भी ग्राम सभा सदस्य में किसी एक को चुना जाता है। चुनाव अधिकारियों के अनुसार छह माह में दोबारा वार्ड मेंबर के चुनाव कराकर ग्राम सभा बोर्ड का गठन किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर दिनेश रावत के अनुसार अभी पंचायत चुनाव कराए जाने की तैयारी की जा रही है। ग्राम सभा सदस्यों की बाकी खाली सीटों को लेकर बाद में चुनाव कराया जाएगा।

### सबसे छोटी 'संसद'

**हल्द्वानी :** ग्राम सभा सदस्य यानी वार्ड मेंबर का क्षेत्र बहुत ही छोटा क्षेत्र होता है। गांव को वार्डों में विभाजित किया जाता है और उसका वार्ड मेंबर होता है। जिस तरह से नगर निगम क्षेत्र में पार्षद का क्षेत्र होता है उसी तरह से गांवों को वार्डों में विभाजित किया जाता है। ग्राम सभा बोर्ड की बैठक होती है जिसमें ग्राम सभा सदस्य अपनी राय रखते हैं। साथ ही किसी ग्राम सभा सदस्य को कोई नीति पसंद नहीं है तो वह इसका विरोध करता है। यह संसद की कार्य प्रणाली की तरह ही होता है। इसलिए सबसे छोटी संसद भी कहा जाता है।

# वि.सभा के मानसून सत्र में उठेंगे हल्द्वानी के लाल निशान: सुमित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- विधायक सुमित हृदयेश ने की सदन में उठाने की घोषणा
- आरोप लगाया कि भाजपा की यह सोची समझी रणनीति

**अमृत विचार :** हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि, हल्द्वानी में कई घरों पर प्रशासन द्वारा लाल निशान लगाए गए हैं, जिससे आम जनता, व्यापारी वर्ग और हर धर्म व जाति के लोगों के बीच डर और असुरक्षा का माहौल बना है। आरोप लगाया कि, यह एक सोची-समझी रणनीति लगती है जिसके जरिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर जनता पर मानसिक दबाव बना रही है।

विधायक ने कहा कि, मैं स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि यह सिर्फ़ घरों पर निशान नहीं हैं, बल्कि हज़ारों लोगों की उम्मीदों, सपनों और खून-पसीने से बने आशियानों पर हमला है। एक घर को बनाने में व्यक्ति की पूरी ज़िंदगी लग जाती है, वह खून पसीने की कमाई लगा कर अपने और अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित स्थान तैयार करता है। ऐसे में इन लाल निशानों के ज़रिए प्रशासन क्या संदेश देना चाहता है।

विधायक के अनुसार, प्रशासन वर्ष 1960 के पुराने नक्शों का हवाला दे रहा है और 10 मीटर चौड़े नाले की बात कर रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि वर्ष 1960 में तो हल्द्वानी का अधिकांश हिस्सा जंगल था, क्या अब सरकार हल्द्वानी को फिर से जंगल में तब्दील करने की योजना बना रही है। आज जिन मकानों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वहां लोग आज़ादी के समय से रह रहे हैं। कुछ स्थानों पर तो दूसरी और तीसरी पीढ़ियां बस चुकी हैं। अब अचानक इस तरह का अमानवीय रवैया अपनाना दर्शाता है कि यह पूरी प्रक्रिया न सिर्फ़ असंवेदनशील है, बल्कि साज़िशपूर्ण भी प्रतीत होती है। विधायक ने चेतावनी देते कहा कि, मैं यह अन्याय किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करूंगा। एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि हल्द्वानी का बेटा और भाई होने के नाते मैं हर मंच से इस घोर अन्याय का विरोध करूंगा।

आगामी 19 अगस्त से शुरू होने वाले उत्तराखंड विधानसभा सत्र में मैं इस मुद्दे को पुरज़ोर तरीके से सदन के पटल पर उठाऊंगा और भाजपा सरकार एवं प्रशासन को जनता के सवालों के कठघरे में खड़ा करूंगा। उन्होंने कहा कि, हल्द्वानी की जनता से मेरी अपील है कि इस समय को कभी न भूलें। यह आपकी अस्मिता, आपके अधिकार और आपके सपनों का प्रश्न है। हम सब मिलकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज़ बुलंद करेंगे।

# सावधान: आज जिले में बारिश का रेड अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने नैनीताल जनपद में रविवार को भारी से भी बहुत भारी बारिश का अनुमान जारी किया है। साथ ही सोमवार और मंगलवार को भी भारी बारिश होने का अनुमान है।

मानसून मजबूत हो रहा है। अनुमान है कि नैनीताल जिले में रविवार को कई स्थानों पर अतिवृष्टि होगी। बारिश के तीव्र दौर चलेंगे। नदी, नाले उफान पर आ जाएंगे। तापमान में गिरावट होगी। पूरे जिले में आज रेड अलर्ट रहेगा। इसके साथ ही सोमवार और मंगलवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 20 से 22 जुलाई के दौरान खासतौर से पहाड़ों में कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस बार नैनीताल जिले में अभी तक सामान्य से कम बारिश हुई है। जुलाई में सामान्य तौर पर अभी तक 383.7 मिमी बारिश हो जाती है लेकिन अभी तक 200.4 मिमी बारिश ही हुई है। सामान्य से 48 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस बार जुलाई में अभी तक नैनीताल जिले में बारिश के अपेक्षाकृत बहुत ही कम दौर देखने को मिले हैं। बागेश्वर जिले को छोड़ दें बाकी के कुमाऊं मंडल में सामान्य से कम ही बारिश हुई है। इनमें सबसे कम बारिश चंपावत और नैनीताल जिले में हुई है। इधर हल्द्वानी में रविवार को धूप निकली और कभी-कभी बादल भी छाए रहे। अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश

**नैनीताल :** आईएमडी देहरादून ने रविवार को नैनीताल जिले में रेड अलर्ट जारी किया है। एडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि मानसून की सक्रियता के चलते प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को जनपद में कहीं-कहीं अत्यंत भारी वर्षा होने के साथ कुछ स्थानों में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। जिसका असर मंगलवार तक रहेगा। सर्वाधिक असर रविवार को रहने की संभावना है। आपदा प्रबंधन आईआरएस प्रणाली अंतर्गत जनपद के सभी तहसील स्तरीय विभागीय नोडल अधिकारी एवं अधिकारी हाई अलर्ट पर रहेंगे। मोटर मार्ग बाधित होने की स्थिति में एजेंसियां तत्काल मार्ग खुलवाना सुनिश्चित करेंगे। समस्त राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अपने तैनाती क्षेत्र में मौजूद रहेंगे। समस्त चौकी व थाने भी आपदा संबंधी उपकरणों समेत हाईअलर्ट पर रहेंगे। अधिकारी व कर्मचारी मोबाइल स्विच ऑफ नहीं रखेंगे। भूस्खलन संवेदनशील मार्गों पर पहले से ही उपकरणों की उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### सुहावना बना रहा नैनीताल का मौसम

**नैनीताल :** सरोवर नगरी का मौसम शनिवार को सुहावना बना रहा। घने कोहरे के बीच धूप निकलती रही। दिन बिना बारिश के गुजरा। वर्षा नहीं होने से नगरवासियों ने राहत महसूस की तो सैलानियों ने सुहावने मौसम के साथ नगर के रमणीक पर्यटन स्थलों में खूब मौज मस्ती की। इधर, नैनी झील का जलस्तर 81.1 फीट में है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 29 व न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 85 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

# बच्ची के गले से छीना लॉकेट, आरोपी फरार

**हल्द्वानी :** घर से समोसा खरीदने निकली बच्ची को लुटेरे ने अपना शिकार बना लिया। लुटेरे ने बच्ची के गले में पड़ा लॉकेट लूटा और पैदल ही फरार हो गया। बनभूलपुरा पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

चौधरी कालोनी गौजाजाली बनभूलपुरा निवासी आशा देवी पत्नी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी 9 साल की बेटी वंदना 14 जुलाई की शाम करीब समोसा खरीदने निकली थी। बताया कि गणपति विहार कालोनी समीप एक लुटेरा बेटी के गले में पड़ा लॉकेट छीनकर फरार हो गया। बच्ची घर पहुंची और घटना बताई तो परिजन आनन-फानन में लुटेरे की तलाश में निकले, लेकिन लुटेरे का पता नहीं लगा। जिसके बाद बच्ची की मां आशा बनभूलपुरा पुलिस के पास पहुंची। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

**पर्व** — बाजारों में पहुंचीं विभिन्न प्रकार की आकर्षक राखियां, राखियों की कीमत दस रुपये से लेकर हजार रुपये तक

# राखी का त्योहार, कलाइयों पर सजेगा बहना का प्यार

संवाददाता, हल्द्वानी



हल्द्वानी के बाजार में बिकने को पहुंचीं राखियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहनों और भाइयों में खासा उत्साह रहता है। खासकर बहनें भाइयों के लिए आकर्षक राखियां खरीदती हैं, वहीं भाई भी बहनों के लिए उपहार लाते हैं। वैसे तो रक्षाबंधन का पर्व अगस्त माह में है, लेकिन इस पर्व के लिए अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजारों में विभिन्न प्रकार की आकर्षक राखियां दिखाई भी देने लगी हैं। इनकी कीमत दस रुपये से लेकर हजारों रुपये तक हैं।

इस बार रक्षाबंधन का पर्व नौ अगस्त को मनाया जाएगा। भाई-बहन के अटूट प्रेम का यह त्योहार हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं। वहीं, भाई भी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। हल्द्वानी के बाजारों में अब राखियों से दुकानें सज गई हैं। विभिन्न प्रकार की राखियां महिलाओं को आकर्षित कर रही हैं। तिकोनिया, मंगलपड़ाव, पटेल चौक, सदर बाजार, मीरामार्ग और कारखाना बाजार में राखियों की दुकानों पर भीड़ उमड़ने लगी है। महिलाओं को आकर्षित करने के लिए पारंपरिक, कढ़ाईदार, सिल्वर-प्लेटेड, कार्टून कैरेक्टर वाली, स्टोन जड़ित, और कस्टमाइज्ड राखियां उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए चॉकलेट, घड़ी और खिलौनों वाली राखियां भी बाजार में आ चुकी हैं।

### दुकानदार बोले

> इस बार राखियों की मांग काफी अच्छी है। हमने जयपुर, दिल्ली और मुंबई से खास डिजाइन मंगवाए हैं। कस्टमर खास तौर पर थीम बेस्ड और स्टोन वर्क वाली राखियों की डिमांड कर रहे हैं। कीमत 10 रुपये से शुरू होती है, लेकिन कुछ राखियां 1500 रुपये तक भी बिक रही हैं। –**रवि वर्मा**, राखी विक्रेता

> लोग अब यूनिक और हैंडमेड राखियों को पसंद कर रहे हैं। मैंने खुद कढ़ाई वाली और बीडवर्क से बनी राखियां तैयार की हैं। महिलाएं इन्हें खूब पसंद कर रही हैं। इसके अलावा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इको-फ्रेंडली राखियां भी उपलब्ध हैं।
> –**नीलम अग्रवाल**, राखी विक्रेता

# हादसे में लखनऊ के 5 श्रद्धालु घायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



गौला बाईपास पर ट्रक में घुसी कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गौला बाईपास पर ट्रंचिंग ग्राउंड के पास हाईवे पर बना कट एक बार फिर हादसे की वजह बन गया। लखनऊ से कैंची दर्शन को निकला कार सवार परिवार कूड़ा ले जाने वाले ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में कार सवार परिवार बच तो गया, लेकिन बुरी तरह घायल हो गया। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लखनऊ के विवेक पांडे निवासी राजन पांडे, प्रज्वल तिवारी, अनक दुबे, शिवम पांडे व शगुन पांडे कार में सवार होकर कैंची धाम दर्शन के लिए निकले थे। शनिवार को हल्द्वानी पहुंचने के बाद कार सवार गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहे को जा रहे थे इसी दौरान ट्रंचिंग ग्राउंड के पास तेज रफ्तार कार, कूड़ा गाड़ी से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार पांचों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बनभूलपुरा पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि कार गौला पुल की ओर जा रही थी। जबकि कूड़े का ट्रक ट्रंचिंग ग्राउंड के सामने बने कट से विपरीत दिशा में घुसा और तभी हादसा हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि सड़क पर बना कट हादसे का कारण बना। कूड़ा उतारने के बाद कूड़ा गाड़ी विपरित दिशा को मुड़ रही थी। इसी बीच कार कूड़ा गाड़ी से टकरा गई। उन्होंने बताया कि घायलों में महिला को अधिक चोट आई है। राजन पांडे व शिवम पांडे सगे भाई हैं।

# नैनीताल में निकाली शोभायात्रा, झांकियों ने मनमोहा

## झांकियों के प्रदर्शन में शेर के डांडा की टीम रही प्रथम, लेक सिटी वेलफेयर क्लब के दो दिवसीय हरेला महोत्सव का हुआ आगाज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब का दो दिवसीय हरेला महोत्सव का आगाज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हो गया है। क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा सांस्कृतिक टीमों की महिलाओं और स्कूली बच्चों ने भव्य यात्रा निकाली। शोभा यात्रा गोवर्धन हाल सेवा समिति से शुरू हुई और मल्लीताल बाजार होते हुए नैनीताल क्लब की शैले हॉल में संपन्न हुई।

इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष डॉक्टर सरस्वती खेतवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि हरेला महोत्सव हमारी संस्कृति से जुड़ा है। महोत्सव आपस में मेलजोल को बढ़ावा देते हैं। उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं को सजाने का जो काम लेक सिटी क्लब ने किया है, इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी ने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति में उत्तराखंड का महत्वपूर्ण योगदान है। शोभा यात्रा में हमारी संस्कृति को बचाने के लिए विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन किया गया।


महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करतीं पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल।


महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

इसमें शेर के डांडा ने प्रथम स्थान और हल्द्वानी की गौरा महेश्वर की टीम ने द्वितीय तथा नैनी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक दलों द्वारा नंदा राज यात्रा, बग्वाल, हरेला पर्व, पर्यावरण बचाने का संदेश व कुमाउनी गीतों के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। इसमें मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर के बच्चों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हल्द्वानी से गोरा महेश्वरी, सांस्कृतिक मंच, मधुबन, नई सोच नई उमंग आदि दलों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

इस दौरान प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष आभा साह, हेमा भट्ट, रानी शाह ,रमा भट्ट, डॉ. प्रगति जैन, जीवंती भट्ट, विनीता पांडे, गीता शाह, ज्योति ढौंढियाल, दीपा पांडे, प्रेमा अधिकारी, सीमा सेठ, रमा तिवारी, मीनाक्षी कीर्ति, अमिता साह, कविता त्रिपाठी, सरस्वती शिराला, जय वर्मा, मीनू बुधलाकोटी, कंचन जोशी, भावना साह, वंदना जोशी, डॉ.पल्लवी, तुसी, अनुराधा भट्ट, मानसी गर्ग व तनु सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन दीपा पांडे व डॉ. प्रगति जैन ने किया।

## पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नैनीताल, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हरेला उत्सव के अंतर्गत सेंट जॉन्स विद्यालय में शनिवार को विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की अधिकारी मित्र किरण रतूड़ी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पौधरोपण अभियान से पर्यावरण जागरुकता को बढ़ावा देने और पेड़ों और पारिस्थितिक संरक्षण के महत्व को लेकर बच्चों को जागरूक करना है। बुरांश, कनौल, तेजपत्ता, गेंदा व हाइड्रेंजा समेत कई अन्य प्रजाति पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में सभासद गजाला कमाल, सभासद लता दफौटी, सभासद भगवत सिंह रावत, सभासद मनोज साह जगाती, तारा बोरा, नीतू आर्या, ज्योति त्रिपाठी, अनीता बोरा, विक्रम सिंह रावत, आशा जोशी, किरण मेर, लता फर्त्याल, मोनिका वर्मा, रुचि साह, पल्लवी जोशी, दिया आर्या, शाहीन, तुलसी, पूनम व रेणू आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण करते बच्चे व अन्य। ● अमृत विचार

## एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**नैनीताल, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने शनिवार को ऐतिहासिक हरमिटेज परिसर में जुरासिक युग की प्रजाति जिंकगो बिलोबा नामक पौधा रोपित किया। इस दौरान देवदार, चिनार और जिंकगो बिलोबा जैसे महत्वपूर्ण व दुर्लभ पौधों का रोपण किया किया। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि इससे हमारी भावनात्मक और पारिवारिक जड़ों से भी गहरा संबंध बनता है। उन्होंने कहा कि हमारी मां हमें जीवन देती हैं और पेड़ हमें जीवन के लिए सर्वाधिक जरूरी ऑक्सीजन देते हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान एक ऐसी पहल है, जोकि प्रकृति और परिवार के मूल्यों को जोड़ती है। याद रखना चाहिए कि पौधरोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही जरूरी है। विश्वविद्यालय में हरित परिसर नीति, सौर ऊर्जा का प्रयोग, जल संरक्षण और हर्बल गार्डन की स्थापना जैसे कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में विवि पीआरओ व एनसीसी अधिकारी डॉ. रीतेश साह, डॉ. राजेंद्र बोरा, जसोद बिष्ट, जतिन, कमल, सुरेंद्र व भुवन जोशी आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप


फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

### विधायक भगत ने चुनावी कार्यालय का किया शुभारंभ

**कालाढूंगी :** कोटाबाग ब्लॉक के जिला पंचायत क्षेत्र 15 गेबुवा-पत्तापानी से भाजपा समर्थित प्रत्याशी ललित वर्मा के चुनावी कार्यालय का विधायक बंशीधर भगत ने शुभारंभ किया। विधायक भगत ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास की गांरटी से भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चुनाव में एकजुट होकर प्रत्याशी को अधिक से अधिक वोटों से विजय बनाने को कहा। इस दौरान भगवान तिवारी, मयंक तिवारी, हेम पाठक, विनोद बधानी, देवेंद्र ढोडियाल, पीतांबर तिवारी, बिशन नागरकोटी, नरेंद्र बिष्ट, कुंदन शाह, दीपा ढौंडियाल, भगत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।


भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### सुंदरकांड के साथ रामलीला की तालीम शुरू

**नैनीताल :** आदर्श रामलीला एवं जन कल्याण समिति सूखाताल में रामभक्तों की ओर से सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही रामलीला तालीम शुरू कर दी गई है। समिति अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत ने बताया कि इस बार रामलीला पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ सांस्कृतिक ढंग से मनाई जाएगी। रामलीला मंचन अभ्यास का शुभारंभ किया गया है। शुभारंभ पर नगर के अनेक लोगों ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। रामलीला मंचन की तालीम रोजाना की जाएगी। इस वर्ष कई नए कलाकारों को भी शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर महासचिव रितेश साह, उपाध्यक्ष हेम लता पांडे, सावित्री सनवाल, वार्ड सभासद गजाला कमाल, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, प्रेमा साह, लता मेहरा आदि मौजूद रहे।

### अब भीमताल के टापू में लहराएगा तिरंगा

भीमताल, अमृत विचार : भीमताल नगर की शान के साथ साथ पूरे विश्व में प्रसिद्ध भीमताल झील के मुख्य आकर्षण का केंद्र भीमताल के टापू में अब तिरंगा लहराता हुआ दिखाई देगा। मामले की जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता सतीश टम्टा ने अवगत कराया कि इस संदर्भ में नगर पालिका के द्वारा एक प्रस्ताव सिंचाई विभाग और जल संस्थान को भेजा गया था। जिसकी अनापत्ति प्राप्त हो गई है। शीघ्र ही तिरंगा लगने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। वहीं, उन्होंने बताया कि मानकों के अनुसार तिरंगे को लगाया जाएगा।


नैनीताल में आवाजाही करते पर्यटक। ● अमृत विचार

### नैनीताल में सप्ताहंत पर बढ़ी सैलानियों की आमद

**नैनीताल :** सप्ताहंत पर शनिवार को सरोवर नगरी मे सैलानियों की आमद बढ़ गई है। नगर के आंतरिक पर्यटन स्थलों में रौनक रही। दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश के सैलानी नगर भ्रमण पर पहुंचे हैं।शुक्रवार शाम से ही सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था, जोकि शनिवार देर शाम तक जारी रहा। मालरोड समेत नगर के मुख्य स्थानों में स्थित होटलों के अधिकांश कमरे पैक रहे। मालरोड टोल टैक्स के अनुसार, आठ सौ से अधिक पर्यटक वाहनों ने नगर में प्रवेश किया। सैलानियों की आमद बढ़ने से स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन समेत अन्य पर्यटन स्थलों में रौनक रही। सैलानियों की आमद बढ़ने से पर्यटन कारोबारी खुश नजर आए। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार, रविवार को एकदिवसीय भ्रमण पर आने वाले सैलानियों की संख्या अधिक रहेगी। पार्किंग स्थलों के फुल होने के कारण वाहन चालक पार्किंग को लेकर मशक्कत करते नजर आए।


अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम प्रमोद कुमार। ● अमृत विचार

### चुकम मतदेय स्थल में करें राफ्टिंग व ट्रैक्टर की व्यवस्था

**रामनगर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने शनिवार को रिटर्निंग ऑफिसर ,खंड विकास अधिकारी, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सभी मतदेय स्थलों की समीक्षा की गई। चुकम जैसे दुर्गम क्षेत्र में मतदेय स्थल के लिए राफ्टिंग व ट्रैक्टर व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देशित किया गया। चुकुम क्षेत्र के पश्चिमी क्षेत्र में जहां कोसी नदी है तो वहीं पूरब दिशा में घना जंगल है। ऐसे में वहां राफ्टिंग व ट्रैक्टर की व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए है। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अलावा क्षेत्र में सभी प्रकार की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए भी निर्देश दिए गए। इस दौरान चुनाव अधिकारी प्रिया सैनी, खंड विकास अधिकारी गिरीश पांडे व संजीव शर्मा मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद में पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

**रामनगर :** पारिवारिक जमीनी विवाद को लेकर एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। घटना निकटवर्ती नंदपुर गांव की है। ग्राम नंदपुर में केवल सिंह और उनके भाई रहते हैं। केवल सिंह ने बताया कि गांव में ही उनके पिता की आठ बीघा जमीन छोड़ गए थे। उस जमीन पर दोनों भाइयों का बराबर का हिस्सा था, लेकिन उनके भाई ने एक महीने पहले वह जमीन अपने मिलने वाले पूर्व प्रधान और एक अन्य को वह जमीन बेच दी। फिलहाल मामला कोर्ट में चल रहा है। शनिवार सुबह उनके भाई ने पुस्तैनी मकान को जबरन तोड़ना शुरू कर दिया। पीड़ित व्यक्ति का पुत्र भरत परेशान होकर नंदपुर की पानी की टंकी पर चढ़ गया। वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने समझा बुझाकर नीचे उतारा।

### कराटे में शानाया सेमवाल ने पाया द्वितीय स्थान



**भीमताल :** भीमताल निवासी शानाया ने सिकाई ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप उत्तराखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। शानाया कारोबारी अखिलेश सेमवाल की पुत्री है। हरमन माइनर स्कूल भीमताल में आयोजित आठवीं सिकाई स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में नैनीताल जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उधम सिंह नगर दूसरे और देहरादून तीसरे स्थान पर रहा। विभिन्न जिलों से करीब 300 प्रतिभागियों ने चैंपियनशिप में भाग लिया। शुभारंभ प्रधानाचार्य महिम भट्ट ने किया। प्रतियोगिता का संचालन सिंहान हिमांशु कुलेथठा और अनीता बोहरा ने किया।

# सीमांकन के विरोध में हंगामा

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** गौला रोड रेलवे क्रॉसिंग और हाथीखाना क्षेत्र को रेलवे की भूमि बताते हुए सीमांकन कार्य के विरोध में क्षेत्रवासियों ने हंगामा किया। नाराजगी को देखते हुए रेलकर्मी वहां से निकल गए। आक्रोशित लोगों ने तहसील में प्रदर्शन भी किया। उप जिलाधिकारी रेखा कोहली के समझाने पर लोग शांत हुए।

शनिवार की दोपहर को सीनियर सेक्शन इंजीनियर वर्क काठगोदाम के नेतृत्व में पहुंचे रेल कर्मियों और तहसीलदार कुलदीप पांडे के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों ने गौला रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप से पूरब की ओर को फलाहारी बाबा मंदिर तक नपाई का कार्य शुरू कर दिया। जैसे ही उक्त लोग हाथी खाना क्षेत्र में नाप जोक कर रहे थे, तो एकत्र हुए स्थानीय लोगों ने रेलवे की टीम को रोकते हुए कहा कि जिस भूमि की वह नाप-जोख कर रहे हैं, वह रेलवे की नहीं है। तहसीलदार ने रेलवे कर्मचारियों से उक्त भूमि का नक्शा आदि मांगा तो वह दिखाने में सफल नहीं हो सके। विरोध को देखते हुए सीनियर सेक्शन इंजीनियर टीम के साथ वहां से चले गए। क्षेत्रवासियों ने रेलवे के अधिकारी अपनी भूमि बात कर लोगों को अनावश्यक परेशान कर रहे हैं। उप जिलाधिकारी रेखा कोहली ने नगरवासियों का आश्वस्त किया कि रेल कर्मचारी पहले अपनी भूमि का नक्शा प्रस्तुत करेंगे। परीक्षण के बाद ही आगे कोई कार्रवाई की जाएगी।


हाथीखाना में सर्वे करती रेलवे व राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# चोरों ने खंगाले दो मकान नकदी और जेवरात चोरी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीरुमदारा क्षेत्र में चोरों ने दो घरों के ताले तोड़कर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे दी है। चोरों ने इन घरों से नकदी व जेवरात चोरी कर लिए।

माधवन कॉलोनी की रहने वाली धर्मा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका दिल्ली में भी एक मकान है। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली में रह रही है। उनके मकान का ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखे दस हजार रुपये एवं सोने की बलियां चुरा ली। उनके मकान में मोहिनी देवी किरायेदार रहती है। वह भी घर पर नहीं थी। चोरों ने उनके कमरे से भी सोने का गुलोबंद, जिसकी कीमत एक लाख पच्चीस हजार है, बारह हजार नगद एवं जेवरात चोरी कर लिए हैं। उधर, पीरुमदारा बद्री बिहार फेस तीन निवासी गौरव नैनवाल ने तहरीर में बताया कि बीती सत्रह जुलाई को वह परिवार के साथ अपने पहाड़ गए थे। उन्हें घर के ताले टूटने की सूचना मिली। जिस पर वह पीरुमदारा पहुंचे तो देखा घर के ताले टूटे पड़े थे और समान बिखरा पड़ा था। घर से नगदी, जेवर एवं अन्य घरेलू सामान गायब था। पीरुमदारा चौकी इंचार्ज सुनील धनिक ने बताया कि जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

## 6.21 ग्राम स्मैक के साथ एक धरा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पुलिस ने एक शातिर स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसने समीर नाम के उस व्यक्ति का नाम भी बताया, जिससे वह स्मैक खरीदकर लाया था।

मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि कुसुमखेड़ा स्थित रिलायंस क्यू मार्ट के पीछे एक बगीचे में छिपे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शिवम भट्ट पुत्र प्रकाश चंद्र भट्ट निवासी कालिका कॉलोनी लाहौरिया साल तल्ला मुखानी के रूप में हुई है। आरोपी के पास से 6.21 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल, नकदी 2050 रुपए और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26
CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in




# यूओयू के कई नए पाठ्यक्रमों को मिली मान्यता

## यूजीसी ने मानवाधिकार और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर समेत कई पाठ्यक्रमों की दी स्वीकृति

संवाददाता, हल्द्वानी



उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद कुलपति व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से एक बार फिर बड़ी सौगात मिली है। यूजीसी की ओर से जारी पत्र के अनुसार, विश्वविद्यालय को विभिन्न नए पाठ्यक्रमों को संचालित करने की अनुमति मिल गई है।

इनमें दो वर्षीय मानवाधिकार में स्नातकोत्तर कार्यक्रम, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा विशेष शिक्षा के अंतर्गत एमएड (बौद्धिक विकासात्मक विकलांगता), एमएड (श्रवण बाधित), एमएड (दृष्टि बाधित) जैसे पाठ्यक्रमों को भी स्वीकृति दी गई है। यूजीसी ने पूर्व से संचालित विशेष शिक्षा स्नातक कार्यक्रमों दृष्टि बाधित, बौद्धिक दिव्यांगता, श्रवण बाधित और शिक्षण अक्षमता को निरंतर जारी रखने की अनुमति भी दी है। सभी विशेष शिक्षा के स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 2.5 वर्ष के होंगे, जबकि ओडीएल बीएड कार्यक्रम 2 वर्ष, सूचना विज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम 1 वर्ष और मानवाधिकार में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 2 वर्ष का रहेगा। यूजीसी ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन सभी कार्यक्रमों को हर वर्ष संचालन की अनुमति लेनी होगी। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. खेमराज भट्ट ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह यूओयू के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विश्वविद्यालय ने अकादमिक और भौतिक दोनों क्षेत्रों में शानदार प्रगति की है। डॉ. भट्ट ने बताया कि यूजीसी से मान्यता प्राप्त विशेष बीएड और एमएड कार्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे, जबकि पुस्तकालय विज्ञान और मानवाधिकार के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में शनिवार से ही ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यूओयू प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जिसे अपने समस्त कार्यक्रमों के संचालन के लिए प्रतिवर्ष यूजीसी से मान्यता प्राप्त करनी होती है। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि विश्वविद्यालय के सभी कार्यक्रम यूजीसी के मानकों और दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित होते हैं।

### एमबीपीजी में हुए 477 प्रवेश, अभी तक कुल 1212 ने लिया प्रवेश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में इन दिनों प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। कुमाऊं के सबसे बड़े कॉलेज एमबीपीजी में शनिवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान कुल 477 प्रवेश हुए, जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर में कुल 240, 240 प्रवेश, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 98, बीएससी पीसीएम में 57 और बीएससी जेडबीसी में 82 प्रवेश हुए। अभी तक कॉलेज में कुल 1212 प्रवेश हो चुके हैं। इधर, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में बीकॉम सामान्य में 33, बीकॉम ऑनर्स में 13, बीए प्रथम सेमेस्टर में 50, बीएससी पीसीएम प्रथम सेमेस्टर में 12 और बीएससी प्रथम सेमेस्टर बॉयोलॉजी ग्रुप में कुल 45 प्रवेश हुए।

# लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक में प्रतिभाग करेंगे प्रदेश के तीन सितारे

- थाईलैंड चैंपियनशिप में भी मनदीप और चिराग ने दिखाया दम
- टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में शामिल खिलाड़ियों को मिलेगी पूरी तैयारी की सुविधा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** लॉस एंजेलिस में वर्ष 2028 में होने वाले ओलंपिक के लिए उत्तराखंड के खेल प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। राज्य के तीन अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टाप्स) में हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में रुद्रपुर के अर्जुन अवॉर्डी मनोज सरकार, बाजपुर की गोल्डन गर्ल मनदीप कौर और काशीपुर के चिराग बरेठा शामिल हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के मिशन ओलंपिक सेल की ओर से किए गए चयन के बाद इन खिलाड़ियों को अब ओलंपिक की तैयारियों के लिए उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, संतुलित आहार, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की एंट्री फीस और हवाई यात्रा की सुविधाएं पूरी तरह से निशुल्क मिलेंगी। इन खिलाड़ियों ने पूर्व में भी पेरिस ओलंपिक में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया था।

हालांकि, तब ये पदक जीतने से चूक गए थे। लेकिन टोक्यो 2021 ओलंपिक में मनोज सरकार ने कांस्य पदक जीतकर देश और राज्य का नाम रोशन किया था। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार मनोज सरकार विश्व में पांचवें, मनदीप कौर तीसरे और चिराग बरेठा 13वें स्थान पर हैं। मनदीप और चिराग वर्तमान में चेन्नई स्थित आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। बता दें कि खेल मंत्रालय की ओर से शुरू किए गए टाप्स का लक्ष्य ओलिंपिक के संभावित पदक विजेताओं को तैयारी के लिए वित्तीय सहायता मुहैया कराना है। टाप्स में शामिल हुए खिलाड़ियों को बैडमिंटन ट्रेनिंग, हवाई यात्रा, आवासीय भोजन सुविधा के साथ ही टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की सभी वित्तीय सहायता खेल मंत्रालय उठाता है।

### थाईलैंड चैंपियनशिप में भी किया शानदार प्रदर्शन



मनदीप कौर।



चिराग बरेठा।



मनोज सरकार।

हाल ही में 17 से 22 जून तक थाईलैंड में आयोजित एशियन पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भी इन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मनदीप कौर ने एकल वर्ग में रजत, जबकि युगल और मिश्रित युगल में दो कांस्य पदक जीते। वहीं, चिराग बरेठा ने मिश्रित युगल और युगल वर्ग में दो कांस्य पदक अपने नाम किए।

# कार्यशाला में अभिभावकों को शब्दों की शक्ति का महत्व समझाया

संवाददाता, हल्द्वानी



बिड़ला स्कूल में आयोजित कार्यशाला में मौजूद अभिभावक व शिक्षिका।

**अमृत विचार :** आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग हल्द्वानी में शब्दों की शक्ति विषय पर आधारित पैरेंटिंग की एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का संचालन सिमरन राहिल एवं समृद्धि पाठक ने दो सत्रों में किया और इसमें 30 अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यशाला में बताया गया कि शब्दों का बच्चों की सोच और व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सत्र में सकारात्मक वाक्य, व्यवहार संबंधी सुझाव और एक इंटरैक्टिव क्विज भी शामिल थी। प्रधानाध्यापिका वंदना टम्टा ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया और उन्हें इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र सभी के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। अंत में अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे वे बच्चों के साथ सकारात्मक संवाद कर सकते हैं। अभिभावकों को बच्चों के व्यक्तित्व को आकार देने में शब्दों की शक्ति का महत्व समझाया। प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा ने कहा कि विद्यालय द्वारा अभिभावकों के मार्गदर्शन के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं भविष्य में भी आयोजित की जाएंगी।

# दीक्षांत स्कूल में शतरंज महाकुंभ का हुआ आगाज

- खंड शिक्षाधिकारी तारा सिंह व सिंथिया स्कूल के प्रबंधक ने किया उद्घाटन

संवाददाता, हल्द्वानी



प्रतियोगिता शुरू कराते बीईओ तारा सिंह, प्रवींद्र रौतेला व दीक्षांत के प्रबंधक समित टिक्कू।

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता में नैनीताल और ऊधम सिंह नगर जिले के 32 स्कूलों के कुल 400 से अधिक विद्यार्थी शतरंज के इस महासंग्राम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में तारा सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी हल्द्वानी और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवींद्र कुमार रौतेला, प्रबंधक सिंथिया स्कूल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक समित टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे समेत समस्त समन्वयक, शिक्षक और विभिन्न विद्यालयों से आए प्रशिक्षक व प्रतिभागी उपस्थित रहे। खंड शिक्षाधिकारी ने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस देश के भविष्य हैं और शतरंज की यह प्रतियोगिता उन्हें अपनी सोच और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत बनाने का अवसर प्रदान करेगी। प्रवींद्र रौतेला ने कहा कि शतरंज हमें हर चाल सोच-समझकर चलना सिखाता है, ठीक वैसे ही जीवन में हमें हर निर्णय सोच-समझ कर लेना चाहिए। प्रबंधक समित टिक्कू ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सफलता की शुभकामनाएं दीं।

### प्रतियोगिता के विजेता

**कनिष्क बालक वर्ग :** तेजस तिवारी (दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल), आदित्य धपोला (आनंदा एकेडमी)

**कनिष्क बालिका वर्ग :** रिदम अरोड़ा (मारिया स्कूल), तानिया पांडे (विजन वैली स्कूल)

**माध्यमिक बालक वर्ग :** प्रांजल बिष्ट (दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल), सक्षम दर्शन (दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल)

**माध्यमिक बालिका वर्ग :** सौम्या मेहरा (आनंद एकेडमी), रिभया जोशी (आलसेंट कॉलेज)

**वरिष्ठ बालक वर्ग :** पुष्पेंद्र राज (क्वींस पब्लिक स्कूल), वेदांत कांडपाल (इंस्पिरेशन स्कूल)

**वरिष्ठ बालिका वर्ग :** इशिका बंगा (आरएएन डिबडिबा), तान्या सलारिया (आलसेंट कॉलेज)

## गुरु हरिकिशन साहिब की पावन स्मृति में श्रद्धा और सेवा का संगम

**हल्द्वानी :** आठवें सिख गुरु श्री गुरु हरिकिशन साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर रामपुर रोड स्थित गुरुद्वारा में गुरमत समागम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सुखमनी साहिब के पाठ से हुआ। लुधियाना से आए बलप्रीत सिंह व साथी रागियों ने श्री हरिकिशन धियाइये जिस डिट्ठे सब दुख जाए का गायन कर संगत को निहाल किया। सरबजीत सिंह धुंदा ने ऐतिहासिक कथा के माध्यम से गुरु साहिब के त्याग, सेवा और करुणा से भरे जीवन का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। छज्जू झीवर को गीता सार बोलने की शक्ति देकर लालचंद को चकित कर दिया और सिख धर्म अपनाने को प्रेरित किया। समागम के दौरान गुरु का लंगर अटूट रूप से चला, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष अमरीक सिंह आनंद ने किया और संगत का आभार जताया। आयोजन में मनप्रीत सिंह सेठी, हरविंदर सिंह आनंद, रंजीत सिंह कोहली, अमरजीत चड्ढा, मनजीत सिंह, सविंदरपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, भुप्रीत सिंह, गगनदीप सिंह, इंदरपाल सिंह, अर्जुन, बलवंत सिंह, जसप्रीत चड्ढा, सुरिंदर सिंह, गुरबचन सिंह समेत कई श्रद्धालु और सेवादार शामिल रहे।

## नालियों व फुटपाथ से हटाया अतिक्रमण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम की टीम की ओर से शनिवार को शहर में सड़क किनारे ठेले–फड़ लगाकर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में टीम सबसे पहले मंडी बाईपास पहुंची, जिस दौरान उन्होंने यहां से मंगल पड़ाव तक सड़क और फुटपाथ घेरकर ठेले चला रहे व्यवसायियों का सामान जब्त किया गया और 14 हजार का चालान किया गया। इसके बाद टीम रामपुर रोड पहुंची और यहां भी अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई कर चालान किया गया। इस दौरान फुटपाथ पर बने बाबा मेडिकल स्टोर विरुद्ध कार्रवाई कर 2 हजार रुपए का चालान किया गया। साथ ही अन्य जगह किए गए अतिक्रमण को भी हटाकर कार्रवाई की गई।

# पदक जीतकर लौटी सीआरपीएफ टीम का स्वागत

संवाददाता, हल्द्वानी



अमेरिका से गोल्ड जीत कर लौटी सीआरपीएफ की टीम के साथ डीआईजी एसडी पांडे।

**अमृत विचारः** अमेरिका के बर्मिंघम शहर में 27 जून से 6 जुलाई 2025 तक आयोजित 21वें वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र काठगोदाम के चार जांबाज़ खिलाड़ियों ने कराटे टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर देश और बल का नाम रोशन किया।

स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में दिलीप कुमार मालव, अनिल शर्मा, महेन्द्र यादव और अजय यंगचन शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल मुकाबलों में मलेशिया और रोमानिया जैसी मजबूत टीमों को पराजित कर भारत को गौरव दिलाया।

खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर काठगोदाम पहुंचने पर उनका रेलवे स्टेशन पर ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। सीआरपीएफ के अधिकारियों, जवानों, खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों ने देश के इन खिलाड़ियों का हर्षोल्लास से अभिनंदन किया। इसके साथ ही सीआरपीएफ के डीआईजी शंकर दत्त पाण्डेय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर, फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों की यह जीत पूरे देश और बल के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक रवि कुमार सिकरवार, सहायक कमांडेंट जोगेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सीआरपीएफ की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सुरक्षा बलों के जवान न केवल देश की रक्षा में बल्कि खेल के क्षेत्र में भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

# पंचायत चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं का रखें ध्यान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मेडिकल कालेज सभागार में सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के साथ ही पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ को सैद्वान्तिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में उपस्थित जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी ने कहा कि हर निर्वाचन एक नया निर्वाचन होता है। आयोग के दिशा निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करते हुये प्रशिक्षण के दौरान अपनी शंका और संशय का समाधान कर लेना चाहिए। मतदान दिवस पर बूथ पर राज्य निर्वाचन आयोग के जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मतदान प्रक्रिया को पूरा कराएं। मतदान के दिन बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पोलिंग स्टेशन के लिए निर्धारित रूट प्लान के तहत ही मतदान पार्टी प्रस्थान करेगी। मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र के 100 मीटर परिधि में धारा 144 प्रभावी रहेगी और मतदान स्थल पर लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतदाता की पहचान के बाद मत करने से पूर्व अमिट स्याही मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी पर लगाई जाएगी और मतपत्र खडे. में मोड़ा जाएगा, जिसका दायित्व मतदान अधिकारी प्रथम व द्वितीय का होगा। मतपेटी खोलने व सील करने के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। एडीएम केएन गोस्वामी, प्रभारी मास्टर ट्रेनर एचबी चंद, नोडल मतपेटी राजेन्द्र पांडे थे।

## आज कालाढूंगी रोड क्षेत्र में छह घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** विद्युत विभाग की ओर से रविवार को कालाढूंगी रोड के पास नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने का कार्य किया जाएगा। जिस कारण आज शहर में छह घंटे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार विद्युत वितरण खण्ड शहरी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 33/11 केवी उपसंस्थान कालाढूंगी चौराहा से जुड़े कालाढूंगी रोड फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। इस दौरान कालाढूंगी रोड, भोलानाथ गार्डन, हीरानगर, जेल परिसर, पाण्डे निवास, और मुखानी क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।















अमृत विचार
www.amritvichar.com

# फार्म हाउस में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

## परिजनों ने युवक की हत्या करने का लगाया आरोप, शव का डॉक्टरों के पैनल से कराया जाएगा पोस्टमार्टम

संवाददाता, काशीपुर


राहुल (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार:** एक फार्म हाउस में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में ग्रामीणों के घुस जाने से अफरातफरी का माहौल बना रहा। इस दौरान शव का पोस्टमार्टम डॉक्टर पैनल व वीडियोग्राफी के साथ हल्द्वानी में कराए जाने पर सहमति बनी, लेकिन बाद में रिपोर्ट दर्ज न किए जाने को लेकर ग्रामीण शव को भेजने को राजी नहीं हो सके। शाम तक यह हंगामा चलता रहा।

कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर निवासी राहुल (32) पुत्र सूरज पाल ड्राइवरी का काम करता था। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह कुंडा थाना क्षेत्र के पन्नू फार्म से एक व्यक्ति उसको बुलाकर अपने साथ ले गया। सुबह लगभग साढ़े सात बजे राहुल के भाई संजय के पास पन्नू फार्म से फोन आया कि राहुल की अचानक तबियत खराब हो गयी है। तब वह लोग आनन-फानन में गांव से वहां पहुंचे। संजय ने बताया कि उसका भाई राहुल फार्म हाउस में ही एक सोफे पर अचेत अवस्था में पड़ा था। तब लोग उसको कार से मुरादाबाद रोड स्थित तीन-चार निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। परिजन उसके शव को लेकर घर आ गए और उसकी हत्या करने का एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए हंगामा काटने लगे। इसी दौरान किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान ग्रामीण पोस्टमार्टम न कराने को लेकर आक्रोशित नजर आए और पोस्टमार्टम के चैनल को जबरन पार करते हुए रूम तक जा घुसे। पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी प्रकार से लोगों को समझाकर बाहर निकाला। इसके बाद पोस्टमार्टम हल्द्वानी कराने और वीडियोग्राफी में कराने की सहमति बनी, लेकिन दोपहर बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही शव को हल्द्वानी भेजने को लेकर ग्रामीण और परिजन अड़ गए। शाम 5 बजे के बाद पुलिस शव को हल्द्वानी भेजने में कामयाब हो पाई। कुंडा थाना प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम डॉक्टर पैनल व वीडियोग्राफी के साथ कराने की अनुमति मांगी जा रही है। उसके बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।


काशीपुर में पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े ग्रामीण। ● अमृत विचार

### दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** युवक की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को दी तहरीर में मृतक राहुल की पत्नी रवीना ने कहा कि वर्तमान में उसका पति बीडीसी पद के प्रत्याशी गुरताज सिंह भुल्लर का आने वाले बीडीसी के चुनाव में समर्थन कर रहे थे और उनका प्रचार कर रहे थे, गुरताज सिंह भुल्लर के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे प्रगट सिंह पन्नू व उसके पिता कश्मीर सिंह पन्नू निवासी पन्नू फार्म भगतपुर इस बात से नाराज थे और उसके पति को कहते थे कि चुनाव में हमारा समर्थन कर नहीं तो तेरे साथ अच्छा नहीं होगा। आरोप लगाया कि कश्मीर सिंह पन्नू व उसके पुत्र प्रगट सिंह पन्नू ने हमसाज होकर उसके पति की हत्या कर दी है। कुंडा थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# कॉलेज के रसायन विभाग में निकले सपोले, हड़कंप

**काशीपुर:** राधेहरि डिग्री कॉलेज के रसायन विभाग में अचानक सपोले निकलने से हड़कंप मच गया। कॉलेज की सूचना पर पहुंचे सांप पकड़ने वाला व्यक्ति सपोले को पकड़ कर ले गया।

राधेहरि पीजी कॉलेज में शनिवार की दोपहर कॉलेज के रसायन विभाग में अचानक सपोला दिखाई दिया। इस दौरान उसके काटने से एक प्राध्यापक बाल-बाल बच गए। सांप पकड़ने वाले अब्दुल वाहिद नाम के व्यक्ति को बुलाया गया।

उन्होंने एक सांप को पकड़कर बोतल में बंद कर दिया। इसके बाद तीन-चार सपोले और निकल आए। उन्होंने बमुश्किल सभी को पकड़कर बोतल में बंद कर दिया। प्राध्यापक डॉ. महीपाल सिंह, डॉ. भानू प्रताप गौतम ने बताया कि 14 जुलाई को ग्रीष्मावकाश के बाद कॉलेज खुला था। उस दिन भी एक बड़ा सांप निकला था। शनिवार को पांच सपोले निकले हैं। वह बहुत तेजी से सीटी मार रहे थे। पकड़ने वाले व्यक्ति इन सांपों को रसल वाइपर बता रहा है। बताया कि विभाग के पीछे ऊंची झाड़ियां उगी हुई है। संभवतः वहां से सपोले आए होंगे।

# राज्य औषधीय बोर्ड के उपाध्यक्ष का स्वागत


उत्तराखंड राज्य औषधीय बोर्ड के उपाध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य औषधीय बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पंवार के रुद्रपुर आगमन पर जनपद ऊधमसिंह नगर के सभी कर्मचारी संगठनों ने उनका स्वागत किया। प्रताप सिंह पंवार ने पूर्व में पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में लंबा कार्यकाल पूर्ण किया था।

शनिवार को कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद सरकार ने प्रताप सिंह पंवार के नेतृत्व क्षमता, कार्य कुशलता और उज्ज्वल छवि को देखते हुए उन्हें राज्य मंत्री का दायित्व प्रदान किया। पदाधिकारियों ने कहा कि उनके राज्य मंत्री बनाए जाने पर कर्मचारी वर्ग भी आश्वस्त है कि उनकी लंबित समस्याओं पर राज्य मंत्री का सहयोग प्राप्त होगा। इस दौरान उत्तराखंड राज्य औषधीय बोर्ड के उपाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे कार्मिक संगठन एवं सरकार के मध्य एक कड़ी के रूप में कार्य करेंगे। इस अवसर पर मिनिस्टीरियल फेडरेशन के अध्यक्ष अमरदीप सिंह, पर्वतीय कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष बीएन बेलवाल, महामंत्री प्रदीप कुमार यादव, शिक्षक संगठन से होरी लाल, परिवहन कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा चौधरी समेत रमेश जोशी, तरुण तिवारी, नितेश शर्मा, राहुल पुरोहित, चंद्र प्रकाश, केसी विश्वकर्मा, हरिप्रसाद, प्रेम शंकर सिंह, जगदीप राणा, मोहन राठौर, राजू जीना, संग्राम सिंह, मोहित तिवारी आदि उपस्थित थे।

# ग्राम फिरोजपुर में होगा ग्राम प्रधान का चुनाव

- निवर्तमान ग्राम प्रधान का पर्चा खारिज होने के बाद अंशु गौतम का निर्विरोध निर्वाचन हो गया था तय
- हाईकोर्ट के पर्चा बहाल करने के आदेश के बाद दोनों प्रत्याशियों को आवंटित किये चुनाव चिन्ह

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब ग्राम फिरोजपुर में ग्राम प्रधान पद के लिये चुनाव होगा। निवर्तमान ग्राम प्रधान का पर्चा खारिज होने के बाद अंशु गौतम का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया था। अब हाईकोर्ट के पर्चा बहाल करने के आदेश के बाद चुनाव के लिये दोनों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये हैं।

ग्राम फिरोजपुर में ग्राम प्रधान पद के लिये अंशु गौतम और नेहा गौतम ने नामांकन दाखिल किया था। नेहा गौतम का नामांकन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उनकी मां ने वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण किया है। इसके खिलाफ नेहा गौतम हाईकोर्ट चली गईं। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद चुनाव अधिकारी के नामांकन रद्द करने के आदेश पर रोक लगा दी। वहीं कोई प्रत्याशी न होने के कारण अंशु गौतम का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया था।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को नेहा गौतम ब्लॉक पहुंचीं और निर्वाचन अधिकारी को हाईकोर्ट के आदेश की प्रति उपलब्ध कराई। आदेश के अनुपालन में आरओ ने अन्य प्रत्याशी को भी बुलाया। जहां दोनों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। बता दें कि नेहा गौतम व उसका परिवार वर्ष 2014 से ग्राम प्रधान के पद पर काबिज है। इधर आरओ अजय जॉन ने बताया कि न्यायालय ने कहा है कि नेहा गौतम को चुनाव चिन्ह आवंटित करें। ये चुनाव में प्रतिभाग करेंगी। आदेश के अनुपालन में दोनों प्रत्याशियों को बुलाया गया था। दोनों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। अब इस सीट पर चुनाव होगा।

# मुख्य सचिव ने निर्माणाधीन एम्स का किया निरीक्षण

- हेलीपैड बनाने के निर्देश दिए, सेटेलाइट एम्स में हेली एम्बुलेंस के साथ ही तीमारदारों के लिए ठहरने की भी की जाएगी व्यवस्था

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में निर्माणाधीन एम्स का निरीक्षण करते मुख्य सचिव आनंद वर्धन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के हल्द्वानी मार्ग स्थित खुरपिया फॉर्म में निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स का मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव के साथ तमाम विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स की कार्यदायी संस्था नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रबंधक से कार्य प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली और एम्स में हेली एम्बुलेंस की सुविधा के लिए हेलीपैड तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने मंडलायुक्त से वार्ता करने के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में मरीजों को हेली एंबुलेंस की सुविधा प्रधान हो सके, इसकी भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्य एम्स की तर्ज पर मरीज के साथ तीमारदारों के ठहरने की व्यवस्था भी यहां की जाएगी। निरीक्षण करते हुए मुख्य सचिव ने एम्स के बाउंड्री वॉल के किनारे नालों को मजबूत बनाते हुए उस पर चार पुलिया का निर्माण करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट एम्स के निर्माण में देरी एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा मरीजों एवं जनता को बेहतर सुविधाएं एवं व्यवस्था प्रदान करने की दिशा में हर संभव प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान गन्ना एवं चीनी आयुक्त टीएस मर्तोलिया सहित तमाम विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# रेखा देवी शर्मा के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

- रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में नुक्कड़ सभा के बाद समर्थकों ने पांच ग्राम पंचायतों में निकाला रोड शो




संवाददाता, दिनेशपुर



रोड शो निकालते निर्दलीय प्रत्याशी रेखा देवी शर्मा व समाजसेवी कैलाश शर्मा।

**अमृत विचार:** 19 बरीराई से जिला पंचायत सदस्य पद की निर्दलीय प्रत्याशी रेखा देवी शर्मा को सैकड़ों समर्थकों ने अपना समर्थन देते हुए आशीर्वाद दिया। वक्ताओं ने समाजसेवी कैलाश शर्मा द्वारा समाज में किए कार्यो की सराहना की। उन्होंने जिपंस निर्दलीय प्रत्याशी रेखा देवी शर्मा को भारी मतों से जिताने की मतदाताओं से अपील की।

शनिवार को 19 बरीराई जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी रेखा देवी शर्मा के समर्थन में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए समाजसेवी कैलाश शर्मा ने कहा कि वह विगत 18 वर्षों से क्षेत्र के निर्धन परिवार के लोगों की समस्याओं का समाधान प्रशासन से करवाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिपंस निर्दलीय प्रत्याशी रेखा देवी शर्मा ने हमेशा उनके साथ कंधे से कंधा मिलकर समाज सेवा की है। जिपंस प्रत्याशी रेखा देवी शर्मा ईमानदार, कर्मठ, शिक्षित, मेहनती व सुयोग्य महिला प्रत्याशी हैं। उन्होंने जिपंस प्रत्याशी रेखा देवी शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जिपंस निर्दलीय प्रत्याशी रेखा देवी शर्मा ने कहा कि आप लोगों का आशीर्वाद मिलने पर वह सर्वप्रथम क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा, नशा मुक्त समाज एवं निर्धन व गरीब परिवारों के लिए एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध करवाएंगी। तत्पश्चात रोड शो चक्कीमोड़ रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर कूल्हा, कोपा, ललपुरी, खटोला, चंदननगर, रामबाग, कुंदननगर, लंगड़ाभोज, तिलपुरी, सुंदरपुर से वापस रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में समाप्त हुआ। इस मौके पर समाजसेवी ममता पानू, प्रकाश परगाईं, कविता बिनवाल, माया पांडा, गोपाल सिंह नयाल, धन सिंह, बकुली देवी, हेमा नयाल, राधा देवी, गोवर्धन आर्या, जानकी देवी, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।




बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda काशीपुर मुख्य शाखा, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, काशीपुर मुख्य शाखा श्रीमती नीरज शर्मा पत्नी श्री प्रदीप कुमार शर्मा के नाम पर स्थित नीचे उल्लिखित संपत्ति को अपने एक ग्राहक द्वारा अनुरोधित ऋण/क्रेडिट सुविधा के लिए सुरक्षा के रूप में स्वीकार करना चाहती है।
यदि किसी को नीचे उल्लिखित संपत्ति पर कोई अधिकार/स्वामित्व/हित/दावा है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने दावे को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक सबूत के साथ 10 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करें।
यदि 10 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि संपत्ति किसी भी प्रभार/दावे/भार से मुक्त है और बैंक बंधक के साथ आगे बढ़ेगा।

**संपत्ति का विवरण**

1. बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 355 मिन, ग्राम– पैगा, तहसील– काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 0.4225 हेक्टेयर। सम्पत्ति गिफ्ट डीड सं. 3191, दिनांक 02.05.2019 के अनुसार श्रीमती नीरज शर्मा पत्नी श्री प्रदीप कुमार शर्मा के नाम पर विधिवत पंजीकृत है एवं लीज डीड नं. 8883 दिनांक 27.10.2023 को श्रीमती नीरज शर्मा पत्नी श्री प्रदीप कुमार शर्मा ने मैसर्स महिमा इण्डस्ट्रीज के नाम पर लीज के लिए विधिवत पंजीकृत किया है। सीमायें – पूरब में उमेश चन्द्र का खेत, पश्चिम में चांद खान का खेत, उत्तर में रास्ता (ठाकुरद्वारा–अलीगंज बाईपास रास्ता), दक्षिण में 12 फीट चौड़ी चक रोड।
2. बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 355 मिन, ग्राम– पैगा, तहसील– काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 4227 वर्ग मीटर। सम्पत्ति गिफ्ट डीड सं. 6577, दिनांक 22.07.2022 के अनुसार श्रीमती नीरज शर्मा पत्नी श्री प्रदीप कुमार शर्मा के नाम पर विधिवत पंजीकृत है एवं लीज डीड नं. 7963 दिनांक 25.09.2023 को श्रीमती नीरज शर्मा पत्नी श्री प्रदीप कुमार शर्मा ने मैसर्स महिमा इण्डस्ट्रीज के नाम पर लीज के लिए विधिवत पंजीकृत किया है। सीमायें – पूरब में 13 फीट चौड़ी चक रोड, पश्चिम में नीरज शर्मा की सम्पत्ति, उत्तर में 18 फीट चौड़ी ठाकुरद्वारा–अलीगंज बाईपास रोड, दक्षिण में 13 फीट चौड़ी चक रोड।

बैंक ऑफ बड़ौदा, काशीपुर मुख्य शाखा | संपर्क नं. 8477009660 | नरेंद्र कुमार एडवोकेट 9412153081


भाजपा के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सागर धामी के लिए जनसंपर्क करतीं महिलाएं।

### भाजपा जिपंस प्रत्याशी सागर धामी के लिए किया जनसंपर्क

**खटीमा :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत नगला तराई जिला पंचायत सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सागर सिंह धामी "सूरज" के चुनाव प्रचार में उतरी महिला कार्यकत्रियों ने छोटी बगुलिया, बड़ी बगुलिया, ऊंची बगुलिया सहित सिसैया, मेलाघाट, वन महोलिया में जमकर प्रचार किया। उन्होंने जिला पंचायत प्रत्याशी सागर सिंह धामी सूरज के चुनाव निशान कुल्हाड़ी के सामने मोहर लगाकर भारी बहुमत से जिताने की अपील की। पूर्व प्रधान सरोज देवी ने कहा कि क्षेत्र की जनता का सागर धामी को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर पार्वती देवी, अनीता देवी, दुर्गा देवी, भूरी देवी, गीता धामी, शकुंतला, जानकी, सीमा मौजूद रहीं।




उत्तराखंड निवेश उत्सव में कार्यक्रम पेश करतीं महिला कलाकार। ● अमृत विचार



रुद्रपुर में उत्तराखंड निवेश उत्सव कार्यक्रम में मौजूद उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री, विधायक व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

# गृह मंत्री ने किया 1342.84 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

## 8.13 करोड़ से होगा रुद्रपुर में सड़क चौड़ीकरण और 5.55 करोड़ से होगा गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण, स्पोर्ट्स स्टेडियम में योजनाओं का बटन दबाकर किया लोकार्पण-शिलान्यास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तराखंड निवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान 1342.84 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 1263.5 करोड़ की 16 योजनाओं का शिलान्यास और 79.34 करोड़ की 4 योजनाओं का लोकार्पण किया।

शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने पिथौरागढ़ में गृह विभाग जिला कारागार पिथौरागढ़ का 34.49 करोड़ की लागत, चंपावत में राजकीय पॉलीटेक्निक चंपावत का 18 करोड़ की लागत से भवन, चंपावत में राजकीय पॉलीटेक्निक टनकपुर का 16 करोड़ की लागत से भवन और पुलिस विभाग के 10.85 करोड़ से बनने वाले आवासीय भवनों का लोकार्पण किया।

इसके अलावा रुद्रपुर शहर के आंतरिक मार्ग के तहत एनएच-87 में डीडी चौक से इंदिरा चौक तक बांयी एवं दायीं ओर सड़क का चौड़ीकरण लंबाई 0.900 किमी. कार्य 8.13 करोड़ की लागत, रुद्रपुर में गांधीपार्क का सौंदर्यीकरण और विकास कार्य 5.55 करोड़ की लागत, ऊधमसिंह नगर में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास निगम में केंद्र पोषित योजना के तहत कामकाजी महिला छात्रावास 126 करोड़ की लागत, उत्तराखंड गृह विभाग 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर के तहत टाइप-2 के 108 आवासों का 47.79 करोड़ की लागत का शिलान्यास किया।

इसी तरह उत्तराखंड शहरी विकास विभाग केंद्र पोषित योजना के तहत हल्द्वानी नगर में प्रशासनिक भवन सहित बस टर्मिनल संबंधित 378.35 करोड़ की लागत से विकास कार्य, हल्द्वानी नगर में वर्षा जल प्रबंधन प्रणाली एवं सड़क निर्माण के 217.82 करोड़, टनकपुर में पेयजल आपूर्ति प्रणाली के 171.54 करोड़, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, हर्रावाला देहरादून परिसर में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना 71.58 करोड़, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में विभिन्न विभागों के आधुनिकीकरण जीर्णोद्धार, उच्चीकरण एवं अन्य सुविधाओं आदि के निर्माण 45.68 करोड़, उत्तराखंड आवास विभाग नैनीताल जनपद में मेट्रो पोल होटल परिसर (शत्रु सम्पति) में सरफेस पार्किंग 42.77 करोड़, 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार में टाइप-2 के 108 आवास 42.66 करोड़, पुलिस विभाग के आवासीय भवनों 35.66 करोड़, पुलिस विभाग के अनावासीय भवन 26.52 करोड़, पुलिस विभाग के नये कानूनों के क्रियान्वयन के लिए वीसी कक्षों का निर्माण 18.56 करोड़, पुलिस विभाग के अनावासीय भवन 14.90 करोड़ और उत्तराखंड आवास विभाग के तहत चम्पावत के नगर पालिका परिसर में लकड़ी के टाल के पास की भूमि पर मल्टी लेबल कार पार्किंग एवं कॉपलैक्स को 9.99 करोड़ रुपये से निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



रुद्रपुर में उत्तराखंड निवेश उत्सव का उद्घाटन करते गृह मंत्री अमित शाह, साथ में सीएम धामी। ● अमृत विचार

### 300 नए रोजगारों का सृजन: अग्रवाल

**रुद्रपुर :** नैनी पेपर्स के प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल ने कहा कि उनकी कंपनी अपना नया अत्याधुनिक प्लांट से उत्पादन शुरु कर चुकी है, जिससे 300 नए रोजगारों का सृजन हुआ है। वे गन्ने की खोई से कागज बना रहे हैं, साथ ही प्लांट में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी भी शत प्रतिशत कृषि उपज है। कृषि उपज के रूप में पेड़ उगाने से न सिर्फ पर्यावरण को फायदा पहुंच रहा है, बल्कि किसानों की भी आय बढ़ रही है।

### यहां निवेश के अवसर और लाभप्रद: राय

**रुद्रपुर :** यूपीईएस शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ सुनील राय ने कहा कि उत्तराखंड के ज्यादातर शिक्षण संस्थान, किसी ना किसी संस्था से मान्यता प्राप्त हैं, इससे यहां शिक्षण की गुणवत्ता का पता चलता है। उनका संस्थान, उत्तराखंड सरकार के साथ मिलकर राज्य के विकास में योगदान दे रहा है। उत्तराखंड में अब कनेक्टिविटी काफी सुधर गई है, इससे यहां निवेश के अवसर और भी लाभप्रद हो जाते हैं। राज्य में 10 से अधिक रिसर्च संस्थान होने से भी, शिक्षण संस्थानों को इसका फायदा मिलता है।

### ये रहे मौजूद

समारोह में मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, सांसद अजय भट्ट, महेंद्र भट्ट, विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक सहित राज्य सरकार के कई मंत्री और विधायक उपस्थित हुए। इससे पहले सांस्कृतिक टीमों ने मंगलगान के जरिए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर गृह मंत्री ने कुल 1342.84 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें 1263.5 करोड़ की 16 योजनाओं का शिलान्यास और 79.34 करोड़ की 4 योजनाओं का लोकार्पण किया गया।




बैरिकेडिंग से बंद केंद्रीय गृह मंत्री का निर्धारित रूट। ● अमृत विचार

# अचूक व अभेद रही सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता, रुद्रपुर

● केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन पर रहा हाई अलर्ट

**अमृत विचार:** उत्तराखंड निवेश उत्सव में पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुरक्षा अचूक और अभेद रही। हेलीपैड से लेकर आयोजन स्थल तक गृह मंत्री का निर्धारित मार्ग जीरो जोन रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तीन कैटेगरी भी निर्धारित की गई थीं।

उद्यमियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव में शिरकत करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हेलीकॉप्टर से दोपहर करीब दो बजे पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में उतरे। इस दौरान परेड ग्राउंड और आसपास कड़ी सुरक्षा रही। सुबह पांच बजे से ही चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस फोर्स तैनात हो गया था। वहीं, कार्यक्रम स्थल पर भी भीड़ और वीवीआईपी का निर्धारण तीन कैटेगरी में रखा गया था। प्लेटिनम पास यानी वीवीआईपी, डायमंड यानी वीआईपी एवं मीडिया और गोल्ड यानी पब्लिक व कार्यकर्ताओं की श्रेणी थी।

प्लेटिनम की एंट्री गेट एक, डायमंड की गेट दो और गोल्ड की एंट्री गेट तीन से की गई। जैसे ही हेलीकॉप्टर दो बजे परेड ग्राउंड पर उतरा तो पूरे इलाके को जीरो जोन और यातायात विहीन कर दिया। साथ ही जिस मार्ग से केंद्रीय गृह मंत्री की आवाजाही हुई, उस मार्ग को खाली करवाकर जीरो जोन कर दिया गया। गृहमंत्री शाह का काफिला भारी सुरक्षा के बीच कार्यक्रम स्थल पहुंचा, जहां बैरिकेडिंग की गई थी। कार्यक्रम स्थल को जैमर लगाकर संचार विहीन कर दिया।

### काले कपड़े पहने महिलाएं लौटाईं

**रुद्रपुर :** बाह्य व आंतरिक कड़ी सुरक्षा के साथ कार्यक्रम स्थल में संदिग्ध वस्तुओं के अलावा विरोध का प्रतीक काला कपड़ा भी प्रतिबंधित रहा। यही कारण था कि कार्यक्रम स्थल पर विशेष समुदाय की महिलाएं काले कपड़े पहनकर आईं तो गोल्ड प्रवेश द्वार से ही महिलाओं को वापस कर दिया गया, जबकि आग्नेय वस्तु, काला रुमाल, काली टोपी, गुब्बारा, पानी की बोतल, मैटल उपकरण, वैध-अवैध शस्त्र, लाइटर, माचिस, पोस्टर बैनर, अनावश्यक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को स्कैनर व मेटल डिटेक्टर से बिना जांचे-परखे प्रवेश नहीं दिया गया।



कार्यक्रम में आने वाली महिलाओं की चेकिंग करतीं सुरक्षा कर्मी। ● अमृत विचार

# कांग्रेस नेताओं को रोका, पुलिस से हुई नोकझोंक

● पुलिस ने संजय नगर खेड़ा में ही रोका, बंगाली समाज को आरक्षण का उठाया मुद्दा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह मंत्री को ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने रोक दिया जिसको लेकर पुलिस और नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई और कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार तहसीलदार को ज्ञापन देकर नेताओं ने अपनी संतुष्टि की।

शनिवार को पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन के साथ कांग्रेसी नेता संजयनगर खेड़ा में एकत्रित हुए। यहां से वे स्पोर्ट्स स्टेडियम कूच करने ही वाले थे कि थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप मोहन चंद्र पांडेय और एसओजी प्रभारी संजय पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने कूच करने से रोक दिया जिसे देखकर कांग्रेसी भड़क गए और नारेबाजी के साथ ही नोकझोंक भी हुई। सूचना मिलने पर तहसीलदार दिनेश कुटोला ने ज्ञापन लेकर कार्यकर्ताओं को रोका।

बंगाली नेताओं का कहना था कि वह गृहमंत्री को ज्ञापन देकर यूपी व उत्तराखंड में बंगाली समुदाय को भी आरक्षण देने, बिना शर्त नागरिकता देने, बांग्ला भाषा पढ़ाने, विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय छात्रवृति देने, आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस को देश का प्रथम नागरिक या फिर प्रथम पीएम का दर्जा देने व 23 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने, बंगाली हिंदुओं पर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को रोकने का मुद्दा उठाने जा रहे थे। इस मौके पर किशोर हल्दार, सुब्रत विश्वास, संजय आइस, मोनिका ढाली, प्रीति साना, विकास मलिक, अर्जुन विश्वास, असीत बाला आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में कांग्रेसियों को जाने से रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

शिष्टाचार भेंट | उत्तराखंड के राज्यपाल ने यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

# 'वन यूनिवर्सिटी, वन रिसर्च' कार्यक्रम की जानकारी साझा की

मुख्य संवाददाता, देहरादून/लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शनिवार को उत्तर प्रदेश भ्रमण के दौरान लखनऊ स्थित राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों राज्यपालों के मध्य शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती तथा विश्वविद्यालयों के मध्य सहयोग और समन्वय जैसे विविध महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

इसके उपरांत राज्यपाल सिंह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके मध्य दोनों राज्यों के समग्र विकास से जुड़े विषयों जैसे-शिक्षा, उच्च शिक्षा, अवस्थापना सुविधाएं तथा विकास योजनाओं पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने उत्तराखंड में संचालित "वन यूनिवर्सिटी, वन रिसर्च" कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार यह पहल शोध और नवाचार की दिशा में विश्वविद्यालयों की भूमिका को सशक्त बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड की पावन भूमि का आत्मीय स्मरण करते हुए राज्य के प्रति अपने विशेष जुड़ाव को व्यक्त किया।





उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी के साथ राज्यपाल गुरमीत सिंह।

### गृहमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षा से किया खिलवाड़

**किच्छा :** अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र पपनेजा उर्फ बंटी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रुद्रपुर आगमन पर बारिश का बहाना बनाकर प्रशासन द्वारा विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। पपनेजा ने कहा कि प्रशासन द्वारा बारिश का बहाना बनाकर सभी स्कूलों को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा के इशारे पर प्रशासन द्वारा सभी स्कूलों को बंद कर स्कूल बसों को रुद्रपुर में भीड़ जुटाने के लिए पार्टी कार्य में लगा दिया गया। क्योंकि भाजपा को अंदेशा हो गया था कि कार्यक्रम में भीड़ नहीं जुट पाएगी।



भूपेंद्र पपनेजा बंटी।

# मौसम का हवाला देकर स्कूलों को बंद करना निंदनीय : कापड़ी

संवाददाता, खटीमा

● बसों का लोगों को कार्यक्रम में पहुंचाने में करते हैं दुरुपयोग

**अमृत विचार:** विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष और विधायक भुवन कापड़ी ने रुद्रपुर में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम के लिए स्कूलों की बसों में लोगों को भर कर ले जाने के लिए मौसम का हवाला देकर स्कूलों में छुट्टी कराने की कड़ी निंदा की है।

उपनेता प्रतिपक्ष कापड़ी ने वीडियो जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार शिक्षा को ताक पर रखकर रैलियों में स्कूली बसों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि जब भी भाजपा की रैली होती है स्कूलों को बंद कराकर उनकी बसों का रैली में लोगों के पहुंचाने का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा भी बिना किसी मौसम के अलर्ट के भारी बारिश का हवाला देकर स्कूल बंद कर दिए गए। उन्होंने कहा कि यह अब नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि उन्हें आगे आकर आवाज उठानी होगी जिसकी मैं आज शुरुआत कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि आगे ऐसी किसी भी कारवाई का पुरजोर विरोध किया जाएगा।



भुवन कापड़ी।

# विचार अभिव्यक्ति की मर्यादा


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। संविधान निर्माताओं ने सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार बनाया है, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह अधिकार असीम नहीं है। इसकी सीमा है। संविधान के अनुच्छेद 19 में यह अधिकार स्पष्ट है। कहा गया है, "सभी नागरिकों को वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार होगा।" वहीं इसी अनुच्छेद के खण्ड 2 में इस अधिकार की मर्यादा बताई गई है। आगे कहा गया है कि, "भारत की संप्रभुता, अखण्डता, सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, लोकव्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हितों में अथवा न्यायालय अवमान के संबंध में विद्यमान विधि के प्रवर्तन पर फर्क नहीं पड़ेगा।" बीते कुछ समय से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के इस अधिकार का दुरुपयोग बढ़ रहा है। इस पर राष्ट्रीय बेचैनी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में स्पष्ट किया है कि विचार अभिव्यक्ति की यह स्वतंत्रता निरपेक्ष नहीं है।

दरअसल सोशल मीडिया में सक्रिय एक बड़े वर्ग द्वारा आभासी आक्रमण दंगा भड़काने वाले पोस्ट डाले जा रहे हैं। अश्लील चित्र और अवैध संबंधों का महिमामण्डन किया जा रहा है। ऐसे में सोशल मीडिया जैसे विशाल मंच के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश चिंतित है। सांप्रदायिक संघर्ष भड़काने वाली झूठी सूचनाएं भी राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक बताई जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विकलांग व्यक्तियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने अटॉर्नी जनरल से सोशल मीडिया के दिशा निर्देश तैयार करने की अपेक्षा की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का निरंकुश दुरुपयोग राष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। एक अन्य मुकदमे में सर्वोच्च न्यायपीठ ने कहा है कि, "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मूल्यवान है। आखिरकार देश के नागरिक स्वयं अपना नियमन क्यों नहीं कर सकते?" भारत विश्व प्रतिष्ठित देश है। हम भारत के लोग अपने परिजनों/देशवासियों से शब्द संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। यह बात सही है कि विचार अभिव्यक्ति आवश्यक है, लेकिन इससे भी ज्यादा आवश्यक यह बात है कि अभिव्यक्ति का सौंदर्य और उसका प्रवाह अश्लील अभद्र और आक्रामक न हो। संप्रति सोशल मीडिया में सदाचार और अभद्र आचरण को भी जाति वर्ग में बांटने का प्रचार चल रहा है। आखिरकार विचार अभिव्यक्ति का अर्थ क्या है? अस्तित्व सत्य है, अस्तित्व सुंदर है और शिव भी है। हमारे उद्भव का स्रोत अस्तित्व है। अस्तित्व प्रतिपल अभिव्यक्त हो रहा है। सत्य, शिव और सुंदर को प्रकट करना और राष्ट्र को आनंद आपूरित करना अभिव्यक्ति का उद्देश्य है।

संगीत, कला, काव्य और साहित्य सहित सभी सृजन विचार स्वातंत्र्य में ही खिलते हैं। आधुनिक विश्व के सभी देशों में इनका सम्मान है। लेकिन भारत और शेष विश्व में इनके उद्देश्यों में मौलिक अंतर है। भारतीय संगीत, कला, काव्य और साहित्य का लक्ष्य लोकमंगल है। यहां जो लोकमंगल नहीं साधता वह साहित्य नहीं हो सकता।

संगीत, कला, काव्य और साहित्य सहित सभी सृजन विचार स्वातंत्र्य में ही खिलते हैं। आधुनिक विश्व के सभी देशों में इनका सम्मान है। लेकिन भारत और शेष विश्व में इनके उद्देश्यों में मौलिक अंतर है। भारतीय संगीत, कला, काव्य और साहित्य का लक्ष्य लोकमंगल है। यहां जो लोकमंगल नहीं साधता वह साहित्य नहीं हो सकता। यहां श्रीकृष्ण भी बांसुरी वादक हैं और शिव नटराज। ऋग्वेद में अग्नि देवता व बृहस्पति को भी कवि बताया गया है। यहां विचार अभिव्यक्ति का लक्ष्य किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाना नहीं था। भारतीय भाषाओं के सबसे लोकप्रिय कवि तुलसीदास ने रामचरित मानस लिखी थी। यहां पहले से ही इस्लामी शासन था लेकिन उनकी रामकथा में इस्लाम या तत्कालीन शासकों पर कोई टिप्पणी नहीं है। संविधान निर्माता सजग थे। उन्होंने विचार अभिव्यक्ति का स्वातंत्र्य दिया, साथ ही मर्यादा के बंधन भी लगाए। संविधान सभा (1.12.1948) में प्रो. के.टी. शाह ने बंधनों का विरोध किया, कहा कि "यहां मुख्य प्राविधान के बजाय अपवादों पर अधिक जोर दिया गया है, वास्तव में दांए हाथ से जो कुछ दिया गया है उसे तीन, चार बार बांए हाथों से छीन लिया गया है।" शाह ने समाचार पत्रों को अधिकार देने की मांग की। कहा "संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र में समाचार पत्रों की स्वाधीनता को प्रमुख स्थान दिया गया है। हमारे मसौदाकारों ने इसे क्यों छोड़ा?" दामोदर स्वरूप सेठ ने भी कहा कि "इस अनुच्छेद में जिन अधिकारों को दिया गया है उनका उसी अनुच्छेद की धारा या खण्ड से खण्डन हो जाता है।" अनेक तर्क हुए लेकिन अंततः बंधनों पर ही सहमति हुई। समाचार पत्रों को इसी अधिकार में सम्मिलित माना गया। मर्यादाओं की सूची में 'अपराध प्रेरण, शिष्टाचार, सदाचार, न्यायालय अवमान, आदि शब्द रखे गए थे। लेकिन चीनी हमले के समय वामपंथी समूहों ने राष्ट्रीय संप्रभुता को भी चुनौती दी। तब 'भारत की संप्रभुता और अखण्डता' को प्रभावित करने वाली अभिव्यक्ति पर मर्यादा की बात 1963 के 16वें संविधान संशोधन में जोड़ी गयी। राष्ट्र का संवर्द्धन हरेक नागरिक का कर्तव्य है। संविधान का अनुच्छेद 51क (42वां संविधान संशोधन) मूल कर्तव्यों का है। प्रख्यात संविधानविद् न्यायमूर्ति डी.डी.बसु की टिप्पणी पठनीय है कि "मूल कर्तव्य न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। इनका उल्लंघन भी दण्डनीय नहीं है लेकिन न्यायालय ऐसे व्यक्ति की प्रेरणा पर मूल अधिकार का प्रवर्तन करने से इंकार कर सकता है जिसने संवैधानिक कर्तव्यों में से किसी एक का उल्लंघन किया है।" इस सूची में संविधान का पालन, संवैधानिक संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर, राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखण्डता का सम्मान, समानता व भाईचारा बढ़ाने, सांस्कृतिक परंपरा का सम्मान और परिरक्षण आदि 11 संवैधानिक कर्तव्यों का पालन किए जाने की अपेक्षा की गई है। लेकिन अनेक लोग विचार अभिव्यक्ति के अधिकार का प्रयोग करते समय संवैधानिक कर्तव्यों का ध्यान नहीं रखते। भारत संघ बनाम नवीन जिंदल मामले (2004) में न्यायालय ने राष्ट्रध्वज के लहराने को भी विचार अभिव्यक्ति मानकर अनुच्छेद 19(1) की परिधि में मौलिक अधिकार बताया था। वाक् स्वातंत्र्य का अधिकार बड़ा है। शब्द सत्ता बड़ी है-शब्द संयम में प्रीति होती है, रस होता है। शब्द दुरुपयोग में उत्तेजना है, भावना और आस्था पर आक्रमण है।

विश्वविख्यात कलाकार एम.एफ. हुसैन ने सरस्वती व सीता के अश्लील चित्र बनाए थे। इसे विचार अभिव्यक्ति कहेंगे या विकार अभिव्यक्ति? सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामग्री की आंधी है। शब्द संयम में ही सौन्दर्य प्रकट होता है और शब्द अनुशासनहीनता में अश्लीलता। सर्वोच्च न्यायालय ने 2005 में मौन रहने को भी अनु. 19(1क) के अधीन विचार अभिव्यक्ति का अधिकार बताया था। राजनीति शब्दों का ही खेल है। लेकिन राजनीतिक शब्दकोष से शालीनता के तत्व गायब हैं। यहां आरोप-प्रत्यारोप हैं। संसद और विधानमण्डल में बोले गए शब्दों पर न्यायालय कार्यवाही नहीं कर सकते। इसलिए संसदीय शब्द अराजकता अपनी सीमा पार कर गई है। वाक् स्वातंत्र्य के अधिकार का सदुपयोग सामाजिक परिवर्तन में होना चाहिए। वाद-विवाद में मधुमय सम्वाद की प्राचीन संस्कृति को बढ़ाना चाहिए। समाज के छोटे से हिस्से की भी भावनाओं को आहत करने वाले शब्दों का प्रयोग अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग है। इसी तरह बात बे बात किसी विचार, संगीत, कला, काव्य या फिल्म को लेकर हल्ला बोलना भी स्वतंत्र समाज के लिए बहुत घातक है। राष्ट्र राज्य अपना कर्तव्य निभाए और नागरिक अपना।

# शिक्षा में समानता और दोहरे न्याय का स्कूल वर्जन




बात सिर्फ सरकारी या निजी स्कूल की नहीं है, बात उस दोहरे मापदंड की है जो शिक्षा के मंदिरों को बाजार और बेड़ियों में बांट रहा है। मान्यता दोनों को उसी सरकार से, उन्हीं नियमों और शर्तों पर मिलती है, लेकिन मानना सिर्फ सरकारी स्कूलों की मजबूरी बनती है, जबकि निजी स्कूलों को मिली है खुलेआम मनमानी की छूट।

सरकारी विद्यालय को हर दिशा-निर्देश का पालन करना है-चाहे वह समय पर प्रार्थना हो, पोषण मापक हो, टीकाकरण हो, दस्तावेजी सबूत हो या बार-बार बदले जाने वाले पोर्टल। वहीं निजी विद्यालय चाहें तो छुट्टियों में पढ़ाएं, फीस मनचाही लें, पाठ्यक्रम से हटकर किताबें पढ़ाएं और मनमाने मूल्यांकन करें-कोई पूछने वाला नहीं। अपनी सुविधा से जब चाहे छुट्टी, जब चाहे क्लास, जब चाहे विद्यालय का समय अपने अनुकूल कर लें।

सरकारी विद्यालय को हर दिशा-निर्देश का पालन करना है-चाहे वह समय पर प्रार्थना हो, पोषण मापक हो, टीकाकरण हो, दस्तावेजी सबूत हो या बार-बार बदले जाने वाले पोर्टल। वहीं निजी विद्यालय चाहें तो छुट्टियों में पढ़ाएं, फीस मनचाही लें, पाठ्यक्रम से हटकर किताबें पढ़ाएं और मनमाने मूल्यांकन करें-कोई पूछने वाला नहीं।

निजी विद्यालय तय करता है कौन पढ़ेगा, कितनी फीस देगा, कब छुट्टी होगी, और किस माध्यम से पढ़ाई होगी-स्मार्ट क्लास हो या विदेश यात्रा। जबकि सरकारी विद्यालय को हर बच्चा लेना है, चाहे वह पढ़ने को इच्छुक हो या नहीं, हर गैर शैक्षणिक गतिविधि करनी है, चाहे शिक्षण समय बर्बाद हो या नहीं, और हर आदेश का पालन करना है, चाहे वह व्यावहारिक हो या नहीं। निजी स्कूल अगर परीक्षा न लें तो 'ऑल्टर्नेट असेसमेंट', सरकारी स्कूल न लें तो 'शिथिलता'। क्या ये शिक्षा में समानता है या दोहरे न्याय का स्कूल वर्जन? ऊपर से अगर कोई परिणाम न निकले, तो सवाल सिर्फ शिक्षक से- जवाबदेही सिर्फ सरकारी व्यवस्था से।


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

अगर शिक्षा में वास्तव में सुधार चाहिए, तो दोनों को समान नियम, समान आज़ादी और समान ज़िम्मेदारी दी जाए। सरकारी स्कूलों को भी उतनी ही स्वतंत्रता मिले जितनी निजी स्कूलों को मिली है-नामांकन चयन की, पाठ्यक्रम पद्धति की, अनुशासन व्यवस्था की और शिक्षण प्रयोग की। तब होगी असली प्रतिस्पर्धा -ईमानदार, असरदार और बराबरी पर खड़ी। नहीं तो अभी तो ये एकतरफा मुकाबला है जिसमें सरकारी शिक्षक से वही चमत्कार मांगा जा रहा है जो एक हाथ बांधकर युद्ध जीतने जैसा है, इसलिए या तो तदनुसार बदलाव हो या फिर यह तय हो कि आखिर सरकारी स्कूलों से अपेक्षा क्या है?

# नदियों के संरक्षण से निकलेगा भूगर्भ जल का समाधान


डॉ .जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

पृथ्वी पर जीवन की कल्पना जल के बिना अधूरी है। जल ही जीवन का आधार है और इसका सबसे महत्वपूर्ण स्रोत भूगर्भ जल है, जिसे हम सामान्यतः कुंओं, नलकूपों, हैंडपंपों के माध्यम से उपयोग करते हैं। यह जल वर्षों की प्राकृतिक प्रक्रिया द्वारा धीरे-धीरे धरती की परतों में संग्रहित होता है और समय आने पर हमें जीवन देता है। परंतु विडंबना यह है कि आज हम इस अमूल्य धरोहर का अत्यधिक दोहन कर रहे हैं, जिससे न केवल जल संकट उत्पन्न हो गया है, बल्कि पर्यावरणीय असंतुलन भी गंभीर होता जा रहा है। इस संकट का यदि कोई सबसे प्रभावी और स्थायी समाधान है, तो वह है-नदियों का संरक्षण।

भारतवर्ष, जहां गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, कृष्णा, गोदावरी, ताप्ती, कावेरी जैसी पवित्र नदियां बहती हैं, वहां आज जल के लिए त्राहि-त्राहि मची है। यह कैसी विडंबना है कि नदियों की गोद में पले-बढ़े हम आज उसी जल के एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कारण स्पष्ट है -हमने नदियों को जीवनदायिनी समझने के बजाय मात्र एक संसाधन समझ लिया, उन पर बांध बनाए, उनका मार्ग बदला, उनके तटों पर कंक्रीट के जंगल उगाए, उनमें कचरा बहाया, और अब जबकि वे कराह रही हैं, तो हम स्वयं भी सूखती धरती और गिरते जलस्तर के बीच अपनी सांसें गिन रहे हैं।

आज भारत के लगभग 718 जिलों में से 256 जिले ऐसे हैं जहां भूजल स्तर अत्यंत गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। अनेक क्षेत्रों में जलस्तर 200 फीट से नीचे चला गया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं। केन्द्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्टों में यह सामने आया है कि भारत की 60 प्रतिशत से अधिक भूमि पर जलस्तर खतरनाक गति से गिर रहा है और यदि यही स्थिति रही, तो आने वाले 20 वर्षों में देश के अनेक हिस्सों में भूजल पूरी तरह समाप्त हो सकता है।

यहां यह भी समझना आवश्यक है कि नदियां केवल पहाड़ों से नहीं निकलतीं। बहुत-सी नदियां धरती के भीतर से निकलती हैं, जिन्हें "धरातलीय जलधाराएं" कहा जाता है।

यह संकट केवल पीने के पानी तक सीमित नहीं है। खेती, पशुपालन, उद्योग, ऊर्जा उत्पादन, पारिस्थितिकी और जीव-जंतुओं का अस्तित्व-ये सब जल पर निर्भर हैं। जब जल नहीं होगा, तो अनाज नहीं होगा, जब अनाज नहीं होगा, तो जीवन नहीं बचेगा। इसलिए भूजल का संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है।

अब प्रश्न उठता है कि भूजल का स्तर क्यों गिर रहा है? इसका प्रमुख कारण है-वर्षा जल का भूमिगत पुनर्भरण न हो पाना। जब वर्षा होती है और उसका जल भूमि में समा नहीं पाता, तब वह बहकर नालियों, नदियों और अंततः समुद्र में चला जाता है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब नदियां सूख चुकी होती हैं या उन पर इतना अतिक्रमण हो चुका होता है कि वे जल को समाहित नहीं कर पातीं।

नदियां भूजल पुनर्भरण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। जब नदियां अपने स्वाभाविक रूप में बहती हैं, तो उनके किनारे की भूमि वर्षा जल को सोख लेती है। यह जल धीरे-धीरे धरती की परतों में जाकर भूजल भंडार को भरता है। वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध किया है कि एक किलोमीटर लंबी और सौ मीटर चौड़ी नदी यदि सालभर बहती रहे, तो वह आसपास के दस किलोमीटर क्षेत्र में भूजल स्तर को संतुलित बनाए रख सकती है। लेकिन जब वही नदी सूख जाती है या उसका जल कचरे और प्रदूषण से भर जाता है, तब वह पुनर्भरण प्रक्रिया थम जाती है और जलस्तर गिरने लगता है।

यहां यह भी समझना आवश्यक है कि नदियां केवल पहाड़ों से नहीं निकलतीं। बहुत-सी नदियां धरती के भीतर से निकलती हैं, जिन्हें "धरातलीय जलधाराएं" कहा जाता है। ये नदियां भूजल से ही पोषित होती हैं। जब भूजल घटता है, तो ये नदियां सूख जाती हैं और जब ये सूख जाती हैं, तो भूजल और अधिक गिरता है-यह एक दुःखद चक्र बन जाता है। इसका समाधान तभी संभव है जब हम नदियों को पुनर्जीवित करें।

देश के कई हिस्सों में जब नदियों को पुनर्जीवित किया गया, तो परिणाम चमत्कारी रहे। राजस्थान के अलवर जिले में पर्यावरणविद् राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों सूखी नदियों को पुनर्जीवित किया गया, जिनके चलते लगभग 1200 गांवों में जल संकट समाप्त हो गया। वहां के कुएं फिर से भरने लगे, खेतों में हरियाली लौट आई और पशुओं को पानी मिलने लगा। महाराष्ट्र में "जलयुक्त शिवार" योजना के अंतर्गत 2014 से 2019 के बीच 16 हजार से अधिक गांवों में नालों और नदियों का गहरीकरण और चौड़ीकरण किया गया, जिससे 20 फीट से अधिक भूजल स्तर में सुधार हुआ। तमिलनाडु के वेल्लोर, कर्नाटक के बीदर, उत्तर प्रदेश के ललितपुर और बुंदेलखंड क्षेत्र में नदियों के पुनर्जीवन से न केवल भूजल स्तर बढ़ा, बल्कि वहां के किसान फिर से दो फसलों की खेती करने लगे। ये उदाहरण बताते हैं कि नदियां केवल जल की धार नहीं हैं, वे धरती की धड़कन हैं, जो सूख जाएं, तो सब कुछ सूख जाता है।

अब आवश्यकता है कि हम नदियों के संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान के रूप में अपनाएं। इसके लिए निम्नलिखित उपाय अत्यंत आवश्यक हैं-सबसे पहले नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों को सुरक्षित किया जाए। वहां वृक्षारोपण हो, अवैध निर्माण पर रोक लगे, रेत खनन नियंत्रित किया जाए और नालों की दिशा नदी की ओर मोड़ी जाए। वर्षा जल संचयन को अनिवार्य किया जाए। प्रत्येक भवन, विद्यालय, अस्पताल और उद्योग में वर्षा जल को भूमिगत टैंकों या जलधारण गड्ढों के माध्यम से जमीन में पहुंचाया जाए।

हमें पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों को फिर से अपनाना चाहिए। समाज को जल संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन में सक्रिय भागीदार बनाया जाना चाहिए। यह भी ज़रूरी है कि नदियों के किनारे जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए ताकि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का नदी जल में प्रवाह कम हो। नदी तटों पर 100 मीटर के क्षेत्र में वृक्षारोपण और चारागाह विकास से नदी की पारिस्थितिकी को स्थिर किया जा सकता है। जल न केवल जीवन का स्रोत है, बल्कि संस्कृति, आस्था, समाज और अर्थव्यवस्था का भी मूल है। यदि जल नहीं बचा, तो सभ्यता भी नहीं बचेगी।

# जड़ता से चैतन्यता की ओर


बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

प्रायः हम जड़ता को भौतिक वस्तुओं से संदर्भित करते हैं और चैतन्यता को जीवन से परंतु आध्यात्मिक अर्थों में चैतन्यता का तात्पर्य महज जीवन से नहीं वरन पूर्ण जागृत अवस्था में जीवंतता से है। ऐसी अवस्था जहां अपनी वास्तविक सत्ता का बोध हो, संसार में आने का औचित्य सिद्ध हो और त्याग, समर्पण, दया, समानता अपरिग्रह का निर्मल भाव अंतर्मन में निरंतर प्रवाहमान हो।

नाशवान मनुष्य द्वारा अपने सद कर्मों से सांसारिक आसक्ति रूपी जड़ता को ज्ञान, निष्काम कर्म व भगवत प्रेम से तोड़ना ही चैतन्य अवस्था की ओर अग्रसर माना गया है जिसका आग्रह हमारे मनीषियो और धर्मग्रंथो में भी किया गया है, जो कि सनातन का प्राण तत्व है।

अनंत काल से प्रकृति के समस्त तत्वो का उद्देश्य अपनी जड़ अवस्था को तोड़कर मानवता को लाभान्वित कर निरंतर चैतन्य अवस्था को प्रदर्शित करना रहा हैं। हमारे शास्त्रों में जीवनदायिनी नदियों को चैतन्य माना गया है क्योंकि पूरे जीवन काल वे सभ्यता और मानवता को सींचते, संरक्षण, संवर्धित करते हुए जीवन के अंत काल में अपने अस्तित्व को अनंत सागर में विलीन कर देती है जिससे पुनः जल जल चक्र के माध्यम से झरने, ताल, नदी के रूप में धरती में प्रवाहित होता है। यदि प्रकृति भौतिक दृष्टि से जड़ होने के बावजूद इतनी प्रबुद्ध, त्यागी, संयमी और दयालु व्यवहार प्रदर्शित करती है तो मनुष्य भौतिक दृष्टि से हृदय, चेतना व मेघा से संपन्न होने के बावजूद क्यों पतंगे की भांति सांसारिक लोभ, तृष्णा और संग्रह में आसक्त रहता है और निरंतर 84 की योनि में चक्कर लगाने के बावजूद अपनी जड़ता से बंधा रहता है।

मनुष्य परम सत्ता का अंश है जो कि पूर्ण है और अंश में पूर्णता के सभी संस्कार बीज रूप में समाहित रहते हैं। बस आवश्यकता है उसे उपयुक्त वातावरण की, भीतर से आत्म चेष्टा, निरंतर ज्ञान, वैराग्य और त्याग के अभ्यास की जिससे बीज की सुषुप्त अवस्था की जड़ता टूटे व मूल दिव्य संस्कार पौध के रूप में फलित होकर छायादार व फलदार वृक्ष के रूप में परिपक्वता ग्रहण कर प्रकृति व मानवता का हित करें। ईश्वरीय अंश होने के कारण यह मनुष्य जन्म का परम हेतु भी है और सार्थकता भी कि हम चैतन्य जागृत अवस्था को अनुभूत करें।

# मीरा का संदेश


सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

भक्तिकाल की कवयित्री तथा संतों की सूची में 'मीराबाई' का नाम शामिल है। मीरा थीं तो राजघराने की लेकिन मीरा की स्थिति-परिस्थिति देखकर तो प्रतीत होता है कि उनमें शिवत्व का वास था, क्योंकि धर्मग्रंथों में विष का संबंध या तो देवाधिदेव शिव से मिलता है या मीरा से। जहां देव-समूह की रक्षा के लिए शिवजी बड़े आह्लाद के साथ विषपान करते हैं, वहीं कृष्ण की भक्ति के बल पर उन्हें विष दिया गया तो उसे उसमें देव-तत्व का अमृत मिलाकर मीरा पी गईं।

मीरा के जीवन का इतिहास है कि उच्चस्तरीय परिवार में उनका विवाह हुआ। राजमहल में रहने वाली मीरा पर जन्म-जन्मांतर की भक्ति का असर था लिहाजा वह जोगन (योगी) बन गईं। इस कथ्य पर गौर किया जाए तो मनुष्य का शरीर किसी राजमहल से कम नहीं है। इस महल में दस द्वार और सात झरोखे हैं। द्वार के रूप में दस ज्ञानेंद्रियां और कर्मेन्द्रियां हैं तो सात झरोखों में मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्त्रार चक्र शामिल है। मीरा का जोगन बनना यह प्रमाणित करता है कि वाह्यजगत के बजाय अन्तर्जगत में स्थित होकर इन चक्रों को उन्होंने जागृत कर लिया। योगदर्शन में इन चक्रों को साधने को ही कुंडलिनी जागरण भी कहते हैं। मीरा के अत्यंत प्रचलित भजन में एक पद 'महलों में पली बन के जोगन चली, मीरा गली गली हरि गुण गाने लगी...' का उल्लेख है। जिसका सीधा अर्थ है कि मीरा ने अन्तर्जगत से में स्थित आह्लाद रूप में स्थित ईश्वरीय शक्तियों से जब संबंध बनाया तो शरीर कीनस-नाड़ियों के रूप में जितनी गलियां हैं, सब से

मीरा की अन्तरशक्तियों के जागरण का यह परिणाम रहा कि वह जहर को अमृत की तरह पी तो गईं ही, साथ ही समुद्र के खारापन को दूर करने के लिए मीठी सरिता का मिलन करा दिया।

गोविंद शब्द स्वतः निकलने लगा। योग की सिद्धि में रोम-रोम से 'ऊँ' और 'राम' की गूंज होने लगती है। इसी 'राम' गूंज को डाकू जीवन जी रहे रत्नाकर को महर्षि नारद ने बताया और इसकी साधना कराई तो डाकू प्रवृत्ति छूट गई तथा ऋषित्व भाव जागृत हो गया। फिर तो वाल्मीकि होकर रामायण की रचना की तथा प्रथम कवि कहलाए।

मीरा की अन्तरशक्तियों के जागरण का यह परिणाम रहा कि वह जहर को अमृत की तरह पी तो गईं ही, साथ ही समुद्र के खारापन को दूर करने के लिए मीठी सरिता का मिलन करा दिया। 'मीरा सागर में सरिता समाने लगी..' का आशय है कि जहां भी खारापन हो, विराट होने का दम्भ हो, वहां मृदुता भर देना तथा अहंकार के खारेपन को दूर कर देना। सागर का खारापन जिंदगी में काम-क्रोध, मद-लोभ आदि प्रपंचों की ओर इंगित करता है। समुद्र में अहंकार का ही परिणाम था कि लंका जाते समय भगवान श्रीराम ने भी समुद्र की हठवादिता को नष्ट कर उसे विनयी होने का आदेश दिया। इसे एक प्रतीक रूप में जीवन के अहंकार से जोड़ा जाना चाहिए। मीरा का जीवन हर मानव के लिए अनुकरणीय है। इन भावों को जो भी आत्मसात करेगा वह नकारात्मकता के जीवन-समुद्र को सरिता (नदी) से मृदुल बना सकता है।

# धामी के सपनों में कैसे फिट होगा उत्तराखंड


अर्चना राजहंस
पत्रकार

जब एक व्यक्ति कोई ख्वाब देखता है, तो उसे पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देना होता है। शायद इसीलिए कहा जाता है कि आंखों को सपने जरूर देखने चाहिए ताकि उसे पूरा करने के लिए आपके पैर दौड़ लगा सके। भारत का एक बहुत छोटा सा राज्य है उत्तराखंड, जो नया भी है और युवा भी और युवाओं को सपने देखने चाहिए। अच्छी बात ये है कि पिछले 4 बरसों से इस प्रदेश के मुखिया एक युवा हैं और वो भी जम कर सपने देखते हैं। इसी सपनों की कड़ी में एक सपना था उत्तराखंड को आर्थिक तौर पर मजबूत करने का और इसके लिए युवा मुख्यमंत्री ने एक बड़ी पहल की जिसमें दुनिया भर के इनवेस्टर्स आए। लेकिन कहते हैं ना कि जरूरी नहीं कि जमीन में बोया गया हर बीज एक पलदार वृक्ष का स्वरूप ले ही। इस वैश्विक निवेशक सम्मेलन (8-9 दिसंबर 2023) के दो वर्ष पूरे होते-होते सरकार ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जहां आमतौर पर सरकार की ज्यादातर योजनाएं धरातल से ऊपर नहीं उठ पाती है वहां अगर धामी सरकार इस विश्वस्तरीय सम्मेलन को करा पाने में सफल हुई जिसमें की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देश-विदेश के बड़े-बड़े इनवेस्टर्स शामिल हुए जिसमें विभिन्न क्षेत्र (स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स, उच्च शिक्षा, पर्यटन, फिल्म, उर्जा) में करीब-करीब साढ़े तीन लाख करोड़ के इनवेस्टमेंट (मेमोरेंडा ऑफ अनडर्स्टेंडिंग) की बात थी और एक लाख करोड़ की ग्राऊंडिंग संभव हो पाई है। उत्तराखंड सरकार का उद्देश्य

सरकार जहां एक तरफ इनवेस्टर्स को प्रदेश में इनवेस्ट करने के लिए सहूलियत मुहैया करा रही है वहीं प्रदेश में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से निबटने के लिए सरकार ने जीरो टोलरेंस की नीति भी अपनाई है।

जहां एक तरफ उत्तराखंड को भारत का नया इनवेस्टमेंट डेस्टिनेशन बनाना है वहीं इसके नेपथ्य में जाएं तो पता चलता है कि सरकार के लिए पलायन वो कोढ़ बन चुका है जिससे निबटारा पाने का यह रामबाण रोडमैप हो सकता है। एक आंकड़े के मुताबिक अभी तक हुए इनवेस्टमेंट में करीब 5 से 10 हजार स्थानीय लोग इसका सीधे तौर पर लाभ उठा पाएंगे। निवेशक बेधड़क राज्य में इनवेस्ट कर सके इसके लिए सरकार ने लचीला कानून के साथ-साथ पारदर्शिता पर अधिक जोर दिया है। सरकार जहां एक तरफ इनवेस्टर्स को प्रदेश में इनवेस्ट करने के लिए सहूलियत मुहैया करा रही है वहीं प्रदेश में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से निबटने के लिए सरकार ने जीरो टोलरेंस की नीति भी अपनाई है। चाहे अधिकारी हों या नौकरशाह, भ्रष्टाचार में सम्मिलित होने की भनक मात्र से राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री हर संभव प्रदेश की छवि को साफ-सुथरा रखने की कोशिश करते हैं। इस बीच पिछले 4 सालों में सरकार ने केंद्र की मदद से कई योजनाएं प्रदेश में लागू की हैं जिससे आधी आबादी को ठोंस फायदा पहुंचा है। आज उत्तराखंड में महिलाएं स्वरोजगार से काफी लाभान्वित हुई हैं। कई गांवों में जहां महिलाएं होम स्टे के जरिये घर बैठे कमा रही हैं और दूसरे गांवों के लिए भी मिसाल बन रही हैं वहीं लखपति दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं कुटीर उद्योग चला रही हैं। दिल्ली टू देहरादून ऑल वेदर रोड भी इसी कड़ी का हिस्सा है। पहले जहां पहाड़ में यात्रा करना बेहद मुश्किलों भरा होता था वहीं आज घंटों में सफर तय किया जा सकता है। इसका जीता-जागता उदाहरण है चार-धाम यात्रा में भक्तों की बेतहाशा वृद्धि।

धामी सरकार ने इनवेस्टर समिट में खुद भी कम दौड़ नहीं लगाई है। वो इनवेस्टर्स को मनाने और रिझाने के लिए लंदन और दुबई तक स्वयं गए और परिणाम स्वरूप इन देशों के उद्योगपतियों के अलावा स्पेन, क्यूबा, ग्रीस, आस्टा, जापान, साऊदी अरब, नेपाल से भी उद्यगपति सम्मेलन नज़र आए। बड़ी बात ये है कि सरकार ने सिर्फ इनवेस्टर समिट कराके झंडे नहीं गाड़े, धरातल पर इसे लागू करने में भी सफलता हासिल की है। सरकारी आंकड़े के मुताबिक तीन लाख, सत्तावन हजार, छह सौ तिरानवे करोड़ का एमओयू साइन हुआ जिनमें करीब-करीब एक लाख करोड़ के एमओयू की ग्राऊंडिग हो चुकी है और इस हिसाब से करीब-करीब 80 हजार स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ है। जिनमें उर्जा के क्षेत्र में करीब साढ़े 8 हजार, इंडस्ट्रीज में 44 हजार, टूरिज्म में 46 सौ, हाईयर एडुकेशन में 44 सौ तथा अन्य क्षेत्र में 14 हजार लोगों को रोजगार मिले हैं। यानी कि उत्तराखंड की धामी सरकार ने जो वादा किया था उसमें खरा उतरने की कोशिश की है और देर-सबेर इसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। लेकिन सवाल अब भी वही है कि क्या जो लोग पलायन कर चुके हैं उनके लिए धामी की ये कारीगरी कारगर हो पाएगी। क्या प्रदेश छोड़कर परदेश जा चुके युवा यहां वापसी का मन बनाएंगे और अगर युवाओं की वापसी में किसी तरह की शिथिलता दिखती है और वे वापसी का मन नहीं बना पाते हैं तो धामी क्या करेंगे? प्रदेश को हर तरह से सिक्योर करने में लगे हैं चाहे वो भ्रष्टाचार हो कि क्राइम। हालांकि, किसी बाहरी कंपनी या इंडस्ट्री या किसी भी अन्य तरीके के इनवेस्टमेंट की बात करें तो ये भी जगजाहिर है कि उन्हें भ्रष्टाचार और क्राइम वाले स्थान पर इनवेस्ट करने में दिक्कत होती है तो इस लिहाज से भी धामी का ये सारगर्भित कदम माना जाएगा। आने वाले समय में प्रदेश में चुनाव भी है ऐसे में धामी पर दबाव तो काफी रहेगा, देखने वाली बात ये होगी वो इन सब के बीच अपने सपनों को साकार करने के लिए और क्या करते हैं और क्या उनके सपनों के उत्तराखंड में युवाओं की घर वापसी होगी?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर झूम उठे श्रद्धालु

## खटीमा के श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के चौथे दिन उमड़े लोग, भावपूर्ण वर्णन किया


खटीमा में आयोजित कथा के दौरान शिव पार्वती के विवाह की झांकी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब कथा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित राम जी महाराज ने भगवान शिव के दिव्य स्वरूप, शिवलिंग पूजा विधि, शिव के मित्रों का उल्लेख और पार्वती की कठोर तपस्या से लेकर विवाह तक की संपूर्ण कथा सुनाई। कथा के दौरान जब भगवान शिव की बारात निकली तो श्रद्धालु झूम उठे और पूरे वातावरण को शिवमय कर दिया। पंडित राम जी महाराज ने कहा कि शिव महापुराण केवल कथा नहीं, बल्कि आत्मकल्याण का मार्ग है। उन्होंने बताया कि सावन मास में शिव महापुराण का श्रवण करना अत्यंत पुण्यदायक होता है और जो भक्त इस माह में शिवकथा का लाभ ले रहे हैं, वे वास्तव में बड़े भाग्यशाली हैं। कथा के दौरान

- **शिव महापुराण केवल कथा नहीं बल्कि आत्मकल्याण का मार्ग**


सुल्तानपुर पट्टी में हरिद्वार के लिए रवाना होते कांवड़िए। ● अमृत विचार

### शिवभक्तों का जत्था हरिद्वार रवाना

**सुल्तानपुर पट्टी, अमृत विचार :** सावन माह की शुरुआत के साथ ही पूरे क्षेत्र में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। शनिवार को नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से शिवभक्तों का एक बड़ा जत्था गंगाजल लेने के लिए पवित्र तीर्थ हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। नगर के जोगेश्वर महादेव मंदिर परिसर से 31 श्रद्धालुओं का कांवड़ जत्था रवाना हुआ, जबकि पास के ग्राम रामजीवनपुर से 17 कांवड़ियों का दल भी हरिद्वार की ओर कूच कर गया। हरिद्वार प्रस्थान से पूर्व सभी कांवड़िए जोगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एकत्र हुए, जहां विश्व हिंदू परिषद गौ-रक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस ने सभी शिवभक्तों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उनकी यात्रा की मंगलकामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर 'बम-बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। वहीं भक्तों में विशेष उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिला। डीजे पर शिव भजनों के बीच कांवड़िए हरिद्वार के लिए रवाना हुए। श्रद्धालु वहां से गंगा का पवित्र जल लेकर 21 जुलाई को नगर लौटेंगे। वापसी के बाद सभी कांवड़िए ऐतिहासिक जोगेश्वर महादेव मंदिर में एकत्र होकर पवित्र गंगाजल से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

शिवकुमार मित्तल, रोशन लाल अग्रवाल, सुरेश सिंघल, महेश मित्तल, विनय गर्ग, पंडित योगेश शर्मा, भगवान सिंह भंडारी, सुशील गोयल, कपिल मित्तल, जीवन शर्मा, मथुरा प्रसाद तिवारी, विंदेश जायसवाल, लक्ष्मी सिंघल, करोस्ता शर्मा, राजरानी गर्ग समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में दहशत

**बाजपुर :** विकासखंड लगातार तेंदुआ की मौजूदगी बनी हुई है जिसके चलते डरे-सहमे लोगों का देर-सवेर घरों से बाहर निकालना मुश्किल हो गया है। वहीं लोगों का आरोप है कि बार-बार अनुरोध के बावजूद भी वन विभाग आमजन की सुरक्षा के प्रति कतई गंभीर नजर नहीं आ रहा है। पिछले लंबे समय से क्षेत्रभर में तेंदुए दिख रहे हैं, जोकि अब आबादी में भी पहुंच गए हैं और घर के आंगन में घुसकर पालतू कुत्तों और अन्य मवेशियों को निशाना बना रहे हैं। हाल ही के दिनों में विक्रमपुर इंडस्ट्री एरिया स्थित पालीप्लेक्स कार्पोरेशन लि. एवं आसपास के क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक से कर्मचारी एवं आम लोग दहशत में हैं। अभी यह वन्य जीव पालतू कुत्तों व अन्य मवेशियों को ही अपना शिकार बन रहे हैं, आने वाले समय में लोगों पर भी हमला कर सकते हैं, ऐसे में लोग डर के माहौल में जी रहे हैं। लोगों का कहना है कि वन विभाग से तेंदुआ पकड़ने की मांग लगातार की जा रही है और वन कर्मी आते भी हैं, जोकि पूछताछ करके एवं सतर्कता बरतने की बात कहकर चले जाते हैं। तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा इत्यादि लगाने की कोई प्रक्रिया


अपर्णा जोशी।

तनुजा धामी।

नीतू आर्या।

वैशाली मौर्या।

शगुफ्ता फातिमा।

मेघा रावल।

दीपिका रावत।

विनीत जोशी।

# बीएड में अपर्णा जोशी ने पाया प्रथम स्थान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा आयोजित बीएड सत्र 2023-25 चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में बाजपुर के लक्ष्मी कॉलेज आफ एजुकेशन, पीडीजी कॉलेज आफ एजुकेशन एवं डीपीएस कालेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें डीपीएस कॉलेज की छात्रा अपर्णा जोशी ने 86.88 प्रतिशत, तनुजा धामी ने 84.23 प्रतिशत, नीतू आर्या ने 84.17 प्रतिशत अंक हासिल कर महाविद्यालय में क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार पीडीजी कॉलेज की छात्रा वैशाली मौर्या 83.76 प्रतिशत, शगुफ्ता फातिमा 83.47 प्रतिशत व मेघा रावल 82.18 प्रतिशत अंकों के साथ कालेज में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही है।

इसके अलावा लक्ष्मी कॉलेज की छात्रा दीपिका रावत ने 83.41 प्रतिशत, विनीता जोशी ने 82.64 प्रतिशत, जेनब कुरेशी ने 82.64 प्रतिशत व अंजली मेहरा ने 81.76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान हासिल किया है। तीनों महाविद्यालयों के प्रबंधक वर्ग एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

## नगरा, कुटरी पहेनियां, भूड़ा किशनी में खुलेगी लाइब्रेरी

**खटीमा :** विकासखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य, मनोरंजन एवं बच्चों की पढ़ाई, मानसिक विकास के लिए ब्लॉक परिसर सहित अन्य ग्रामों में पांच आधुनिक पुस्तकालय खोले जा रहे हैं। इन पुस्तकालयों में स्वास्थ्य एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों की व्यवस्था उद्योग संस्थान से मिलने वाले सीएसआर फंड से की जाएगी। खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह कन्याल ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी देवेश शासनी के प्रयास से नगर क्षेत्र के अलावा नगला तराई, कुटरी, पहेनियां और भूड़ा किशनी में लाइब्रेरी खोली जा रही हैं। इसके लिए उचित स्थान एवं सरकारी भवनों के कमरों की व्यवस्था की जा रही है। लाइब्रेरी खोले जाने से पुस्तक प्रेमियों के अलावा अन्य लोगों का भी पढ़ाई के प्रति रूझान बढ़ेगा।


**'एक पेड़ मां के नाम' : देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपनी माता बिशना देवी के साथ खटीमा में 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के अंतर्गत पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरणादायी आह्वान को आत्मसात करते हुए अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।

## शराब पीने से मना करने पर प्लॉट मालिक को पीटा

**बाजपुर :** प्लॉट में रखीं ईंटों की ओट लेकर शराब का सेवन कर रहे युवकों से मना किया तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए प्लॉट मालिक पर हमला कर दिया। घटना में घायल हुए व्यक्ति को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम कनौरा निवासी 36 वर्षीय राजवीर का गांव के ही नजदीक एक प्लॉट है, जिसमें ईंटें रखी हुई हैं। शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े 9 बजे वह भोजन ग्रहण करके प्लॉट पर पहुंचा तो वहां कुछ युवक ईंटों की आड़ में बैठे शराब का सेवन कर रहे थे। आरोप है कि जब मना किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। इतना ही नहीं इन लोगों ने प्लॉट मालिक पर हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# ग्राम प्रधान प्रत्याशी का समर्थन करने को लेकर किया हमला

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** ग्राम प्रधान पद पर अपने पक्ष के प्रत्याशी का समर्थन करने का दबाव डालने एवं मना करने पर साथियों के साथ घर में घुसकर तलवार से जानलेवा हमला कर माता-पिता को गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगा पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। ग्राम बरहैनी निवासी शाहरूख ने पुलिस को बताया कि उनका पड़ोसी पिछले एक सप्ताह से रोजाना उसके पिता असगर अली पर इस बार गांव के प्रधानी के चुनाव में समर्थन देने का दबाव बना रहा था।

आरोप है कि पिता के मना करने पर आरोपित 18 की देर सायं करीब 6:15 बजे अपने बेटे व गांव के ही अन्य युवक के साथ जबरन घर में घुस गया और पिता से पुनः समर्थन देने को कहने लगा। मना किया तो गाली-गलौज करते हुए तलवार से गर्दन पर वार कर दिया। बचने के लिए हाथ से रोका तो तीन अंगुलियां कट गईं। इतना ही नहीं हमलावरों ने जानलेवा हमला कर मां मगरूब जहां को भी घायल कर दिया। लोगों ने बमुश्किल बीच-बचाव किया।

### समर्थक को रास्ते में घेरकर हमला करने का आरोप

**बाजपुर :** ग्राम कनौरा में ग्राम प्रधान पद पर खड़ी बहन के लिए भाई के साथ चुनाव प्रचार कर रहे समर्थक युवक को रास्ते में घेरकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस चौकी दोराहा में तहरीर दी है। वहीं इस हमले में घायल युवक की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। ग्राम कनौरा निवासी शाहिद हुसैन ने पुलिस को बताया कि पुत्री राबिया ग्राम पंचायत कनौरा से ग्राम प्रधान पद पर चुनाव लड़ रही है। 18 जुलाई की देर रात करीब 9 बजे पुत्र मो .सादिक अपने साथी मो .तामिल गांव में चुनाव प्रचार के लिए घूम रहे थे। आरोप है कि तभी पहले से घात लगाए हुए दूसरे प्रत्याशी के पति व जेठ एवं एक अन्य साथी ने रोक लिया और धमकी देते हुए चुनाव प्रचार नहीं करने देने की बात कही। विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे के पंच आदि से हमला कर दिया। जिसमें मो .तामिल के सिर में गंभीर चोट आई है तथा मो .सादिक के भी काफी चोटें लगी हैं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए, जिन्होंने किसी तरह बचाया। इस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं मो .तामिल को सरकारी अस्पताल से हालत गंभीर होने पर हल्द्वानी रेफर कर दिया ।

# चोरी करने के इरादे से गांव में घुसे हथियारबंद बदमाश को दबोचा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में इन दिनों चोर गिरोह सक्रिय हो गए हैं। थाना क्षेत्र केलाखेड़ा के अंतर्गत ग्राम गणेशपुर में शुक्रवार की मध्य रात्रि चार अज्ञात हथियारबंद बदमाश घुस गए। ग्रामीणों ने घेराबंदी की तो तीन आरोपी भाग निकले, जबकि चौथे आरोपित को ग्रामीणों ने दबोच लिया, जिसे बाद में मौके पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। ग्रामीणों ने आरोपियों की ओर से फायरिंग करने की बात भी कही है।

ग्राम गणेशपुर में शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब एक बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चार हथियारबंद संदिग्ध बदमाशों ने एक घर में घुसने की कोशिश की। ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहे। ग्रामीणों के अनुसार इन अज्ञात लोगों के पास हथियार थे और इन्होंने फायरिंग भी की। चोरी या फिर अन्य कोई वारदात करने के इरादे से गांव में घुसे हैं। वहीं ग्रामीणों की सूचना से पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। कुछ देर बाद केलाखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी हासिल की। ग्रामीणों ने पकड़े गए आरोपित को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस आरोपी को थाने ले गई है।


ग्राम गणेशपुर में घटना के बाद पुलिस को जानकारी देते ग्रामीण।

## नगर निगम ने पकड़े 37 बंदर, जारी रहेगा अभियान

**हल्द्वानी :** बंदरों के आतंक से छूट दिलाने के लिए नगर निगम की ओर से मथुरा की संस्था के साथ अनुबंध किया गया है। कंपनी ने शनिवार को काठगोदाम बालिका इंटर कॉलेज और परिवहन निगम डिपो क्षेत्र में बंदर पकड़ने का अभियान चलाया। जिस दौरान कुल 37 बंदर पकड़े गए। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही क्षेत्र में बंदर ने काट कर लोगों को घायल किया था। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि बंदर पकड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बंदर पकड़े जाने से स्कूल में आने वाली बालिकाओं और राहगीरों को राहत मिली है। उन्होंने बताया कि ये अभियान जारी रहेगा और अन्य स्थानों पर भी सूचना मिलने पर टीम भेजी जाएगी।

# किसानों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

- **बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया जागरूकता शिविर**
- **सरकारी सब्सिडी के लाभों की जानकारी दी**

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** बैंक और ग्रामीण समुदायों के बीच विश्वास को मजबूत करने तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा चंदेली गांव में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

शिविर में किसानों को बैंक की विभिन्न कृषि आधारित योजनाओं, ऋण सुविधाओं और सरकारी सब्सिडी के लाभों के बारे में जागरूक किया गया। वहीं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पशुपालन एवं डेयरी ऋण, कृषि अव संरचना निधि, फसल बीमा योजना, सोलर पंप योजना तथा अन्य बैंकिंग उत्पादों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बैंक अधिकारियों ने किसानों को सरल दस्तावेज़ी प्रक्रिया, ब्याज दर में छूट और समय पर भुगतान से मिलने वाले प्रोत्साहन की जानकारी भी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, आत्मनिर्भर भारत पैकेज, और किसान सम्मान निधि जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और बैंक से जुड़े रहने के लाभों की सराहना की। शाखा प्रबंधक बॉबी थापा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बैंकिंग सेवाएं अंतिम किसान तक पहुंचे, ताकि कोई भी किसान जानकारी के अभाव में योजनाओं से वंचित न रह जाए।

वहीं नेहा जोशी ने वैज्ञानिक खेती, पशुपालन और मूल्यवर्धन गतिविधियों में वित्तीय सहायता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बैंक के अधिकारी, कृषि विशेषज्ञ तथा ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।


खटीमा के चंदेली में बैंक ऑफ इंडिया के जागरूकता शिविर में उपस्थित बैंककर्मी और ग्रामीण। ● अमृत विचार

**जिम्मेदारी** | अधिष्ठापन समारोह में डॉ . दीपिका ने अध्यक्ष तो डॉ . निमिषा ने संभाला सचिव का पद

# इनरव्हील क्लब काशीपुर की अध्यक्ष बनीं दीपिका

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ काशीपुर का अधिष्ठापन समारोह में डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने अध्यक्ष तो डॉ. निमिषा अग्रवाल ने सचिव का पदभार ग्रहण किया। शुक्रवार को एक होटल में आयोजित अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें नए पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। समारोह की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. सुरुचि सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट एडीटर प्राची अग्रवाल रहीं। इस अवसर पर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने अध्यक्ष एवं डॉ. निमिषा अग्रवाल ने सचिव का पद संभाला, इनके अतिरिक्त आईपीपी मोनिका अग्रवाल, उपाध्यक्ष ऋचा अग्रवाल, आईएसओ पूनम जोशी, कोषाध्यक्ष रुपाली अग्रवाल, एडीटर निशा अरोरा एवं संयुक्त सचिव डॉ. नवप्रीत सहोता बनीं। एग्जीक्यूटिव टीम में नीलम घई, रेनू रावल, स्वाति गर्ग, शोभा सिंघल, नेहा अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, डॉ. मौलश्री अग्रवाल एवं रंजीता कौर को शामिल किया गया। सीजीआर निधि अग्रवाल, सीपीसीसी रेखा जिंदल एवं ई- एडमिन रुपाली अग्रवाल बनीं। जेडपीसी साधना जिन्दल एवं रचना गर्ग बनीं। तीन नए सदस्यों मंजू अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, रुपिन गुप्ता ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की। निवर्तमान अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष ने विगत वर्ष की रिपोर्ट पढ़ी एवं प्राप्त पुरस्कारों का विवरण दिया।

मुख्य अतिथि सुरुचि सक्सेना ने कहा कि क्लब विभिन्न मेगा प्रोजेक्ट्स के जरिये शिक्षा, पर्यावरण, स्त्री शिक्षा एवं स्वास्थ्य एवं समाज के संवेदनशील मुद्दों पर योजनाएं तैयार कर पटल पर सक्रिय है। एडीटर निशा अरोड़ा ने न्यूज लेटर 'सिद्धहस्ता' का विमोचन करवाया।

कार्यक्रम का संचालन पूजा अग्रवाल ने किया। इसके बाद क्लब ने हरियाली तीज पूरे उल्लास से मनाई। ऋतु गुप्ता को तीज क्वीन चुना गया। इस मौके पर नीलम घई, रचना गर्ग, सीमा गोयल, शिल्पी सिंगल, स्मृति अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल एवं मनीषा अरोरा आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में समारोह के बाद नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सिद्धेश्वर शिव मंदिर में रामकथा का आयोजन

**खटीमा :** सावन के पवित्र माह में पीलीभीत रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में रामचरित मानस का अखंड पाठ तथा कंजाबाग रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर परिसर में द्वाराहाट से पधारे हरि शरण दास तथा पशुपतिनाथ मंदिर में सच्चिदानंद जी महाराज द्वारा रामचरित मानस का अखंड पाठ आयोजित किया जा रहा है। सिद्धेश्वर शिव मंदिर में दोपहर तीन बजे से श्री राम कथा का वृतांत सुनने को श्रोताओं की भीड़ उमड़ी। 14 जुलाई से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 22 जुलाई तक चलेगा। 23 को पूजा, अर्चना, हवन आदि के बाद भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# बिजली कटौती पर आदर्श नगर के लोगों ने जेई को घेरा

- **रातभर बिजली न आने पर लोगों का गर्मी से हुआ बुरा हाल**
- **जेई ने लाइनमैन को हटाया**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** कुंडेश्वरी के आदर्श नगर कॉलोनी में रात भर बिजली गुल रहने से लोगों को गुस्सा फूट पड़ा। कॉलोनी के लोगों ने जेई का घेराव कर लाइनमैन को हटाने की मांग की। जिस पर जेई ने लाइनमैन को हटा दिया।

कुंडेश्वरी के आदर्श नगर कॉलोनी में रात भर बिजली न आने पर दर्जनों लोग बिजली घर पहुंच गये। यहां मौजूद जेई से लोगों ने कहा कि शुक्रवार की रात को अचानक बिजली गुल हो गई। जिससे रातभर आदर्श नगर लोग अंधेरे व गर्मी में परेशान रहे। उन्होंने कहा कि लाइट नहीं आने पर जब लोगों ने लाइनमैन को फोन किया तो लाइनमैन ने फोन नहीं उठाया। गुस्साए लोगों ने जेई से लाइनमैन को हटाने की मांग की। इस पर जेई ने लाइनमैन को हटाकर उसकी जगह योगेश को कुंडेश्वरी फीडर का चार्ज दे दिया। जेई का घेराव करने वालों में कैप्टन बच्चन सिंह नेगी, त्रिलोक सिंह नेगी, किशन सिंह रावत, चन्दन सिंह मेहरा, रमेश बेलवाल, दुर्गा थापा, हरिपाल सिंह गोसाई आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में जेई का घेराव करते आदर्श नगर के लोग। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



पटपुरा गांव में समर्थकों के साथ जनसंपर्क करते ग्राम प्रधान प्रत्याशी धीरेंद्र सिंह।

### धीरेंद्र ने सैंजना, पटपुरा में जमकर किया जनसंपर्क

**खटीमा :** सैंजना ग्राम पंचायत के प्रत्याशी धीरेंद्र सिंह ने समर्थकों के साथ सैंजना और पटपुरा गांव के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क किया। धीरेंद्र ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। साथ ही माताओं, बहनों और युवाओं से समर्थन मांगा। उन्होंने प्रधान पद के लिए चुनाव निशान अनानास के सामने मोहर लगाकर भारी मतों से जिताने की अपील की। इस दौरान मिथिलेश, देवश्री, सोनाली, जानकी, रामेश्वरी, संजू, लवली देवी, रेखा देवी, द्रौपदी, बृजबाला, मिथलेश देवी, सोनू देवी, संतोषी देवी, मनवती, सुनीता, उमा देवी, राकेश सिंह, गायत्री देवी, प्रवीण देवी, राखी देवी, सुरेंद्र, सतीश, सतपाल, राजेंद्र, राजकुमार, शिवकुमार, रणधीर, नरेंद्र, राजेश, अमित, रघुनंदन, महिपाल, मोहित, सुमन, आर्यन आदि मौजूद रहे।



सिंथिया स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद कैडेट्स व अन्य।

### सिंथिया में सीनियर विंग कैडेट्स की भर्ती में 24 विद्यार्थी चयनित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सिंथिया सीनियर सेकंडरी स्कूल में एनसीसी की सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। इस भर्ती में 24 विद्यार्थियों का चयन किया गया। 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के नायब सूबेदार घनश्याम छेत्री, सीएचएम देवेन्द्र सिंह और एएनओ लेफ्टिनेंट नंद किशोर जोशी के नेतृत्व में शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा हुई। भर्ती प्रक्रिया में 30 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें दौड़, पुश-अप, 5 मीटर शटल रन और लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 24 कैडेट्स ने सफलता हासिल की। स्कूल प्रबंधन ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रविंद्र कुमार रौतेला, सुरेश मिश्रा, महेश जोशी, पुष्कर सिंह, प्रवीन स्कॉट, केसी पंत, सुनीता तिवारी, रुचिता पांडे आदि मौजूद रहे।



पटवाडांगर केंद्र के भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने पटवाडांगर केंद्र का भ्रमण किया

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग में चल रही एमएससी पर्यावरण विज्ञान विषय की सात दिवसीय कार्यशाला के दौरान शिक्षार्थियों के लिए उत्तराखंड काउंसिल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्रीय केंद्र पटवाडांगर नैनीताल का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो. पीडी पंत ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण प्रयोगात्मक कार्यशाला का अभिन्न हिस्सा है। विभाग के समन्वयक डॉ. एचसी जोशी ने बताया कि इस प्रायोगिक कार्यशाला में लगभग 50 शिक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। बताया कि शिक्षार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण की उनके व्यवहारिक ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इस भ्रमण के द्वारा उन्हें जैव प्रौद्योगिकी के पर्यावरण विज्ञान में विभिन्न अनुप्रयोगों को समझने में सहायता मिलेगी। विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. बीना तिवारी फुलारा, डॉ. प्रीति पंत, डॉ. दीप्ति नेगी एवं डॉ. खष्टी डसीला भी मौजूद रहे। डॉ. बीना फुलारा ने बताया कि शिक्षार्थियों को इन विट्रो पादप ऊतक संवर्धन, मशरुम उत्पादन, जैव विविधता उद्यान तथा हाइड्रोपोनिक्स पॉलीहाउस तकनीक के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। केंद्र के यंग प्रोफेशनल अंजू दोसाद, प्रीति बहुगुणा एवं राहुल भारद्वाज ने जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में परिषद की भूमिका और क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार एवं वैज्ञानिक डॉ. सुमित पुरोहित के सहयोग से शिक्षार्थियों ने नवीनतम जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रवि सिंघल का निधन

**काशीपुर :** नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रवि सिंघल का शनिवार सुबह 76 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार को स्थानीय श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर नगर क्षेत्र के समस्त चिकित्सकों समेत राजनीतिक, सामाजिक पार्टियों समेत गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# 154 मुस्लिम छात्रों के नाम पर हुए छात्रवृत्ति घोटाले की जांच तेज

## विद्यालय के फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर तथा स्कूल के फर्जी नाम के आधार पर योजना के तहत लाखों रुपये का हुआ घोटाला

- 154 मुस्लिम छात्रों के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी छात्रवृत्ति की धनराशि

राजेंद्र सहगल "राजू", किच्छा




किच्छा स्थित सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय। (इसी विद्यालय के नाम पर हुआ घोटाला)

**अमृत विचार :** किच्छा क्षेत्र में अल्पसंख्यक समाज के 154 छात्र छात्राओं के नाम पर कागजों में फर्जी मदरसा दिखाकर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से लाखों रुपये का घोटाला होने की प्रशासन द्वारा तेजी से जांच की जा रही है।

किच्छा अंतर्गत सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यालय पंजीकरण संख्या का दुरुपयोग कर तथा सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल को कागजों में मदरसा दिखाकर लाखों रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त करने का मामला सामने आने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरे मामले की बारीकी से जांच कर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने तथा घोटाले में शामिल अधिकारी- कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। पूरा मामला वर्ष 2019 से 2023 के बीच का बताया जा रहा है। फिलहाल पूरे मामले की केंद्रीय एवं राज्य स्तर पर जांच की जा रही है।

154 मुस्लिम छात्र-छात्राओं के नाम पर सत्र 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 सत्र के दौरान 154 मुस्लिम छात्रों के नाम पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति (केंद्र पोषित) के तहत लाखों रुपये का घोटाला कर 154 छात्र छात्राओं के बैंक खातों में धनराशि ट्रांसफर की गई। घोटाले के अनुसार मदरसा संचालक मोहम्मद शारिक एवं अतीक द्वारा कागजों में धोखाधड़ी कर इस पूरे घोटाले को अंजाम दिया गया। मामला प्रकाश में आने के बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी तोमर के निर्देश पर प्रशासन की टीम नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची। जहां विद्यालय का पंजीकरण कोड अलग होने के चलते जांच टीम आवास विकास स्थित सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंच गई। विगत 19 अप्रैल को टीम द्वारा विद्यालय में पहुंचकर प्रधानाचार्य उदय प्रताप सिंह को वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले 154 मुस्लिम छात्र-छात्राओं की सूची उपलब्ध कराई गई। टीम ने विद्यालय के छात्र पंजिका रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों की जांच के बाद पाया कि सूची में अंकित किसी भी छात्र का नाम विद्यालय के दस्तावेजों में अंकित नहीं है। प्रधानाचार्य उदय प्रताप सिंह ने टीम को बताया कि मोहम्मद शारिक तथा अतीक नाम का कोई भी व्यक्ति उनके विद्यालय में शिक्षक नहीं है तथा सूची में अंकित एक भी छात्र उनके विद्यालय का छात्र नहीं रहा है। छात्रवृत्ति घोटाले के अनुसार दर्शाया गया कि विद्यालय कक्षा 6 से कक्षा 10 तक संचालित है, जबकि स्थानीय विद्यालय कक्षा 6 से कक्षा 8 तक ही संचालित मिला। दोनों विद्यालयों में जांच के उपरांत टीम वापस लौट गई। दूसरे चरण में जिलाधिकारी के निर्देश पर 13 जून को टीम द्वारा पुनः विद्यालय पहुंचकर दस्तावेजों एवं छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले 154 छात्र-छात्राओं की सूची के साथ विद्यालय के दस्तावेजों का मिलान किया गया, लेकिन विद्यालय के दस्तावेजों में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले एक भी मुस्लिम छात्र का नाम अंकित नहीं मिला। फिलहाल घोटाले का मामला सामने आने के बाद शासन प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों की मानें तो जांच कर रही टीम द्वारा अब छात्रवृत्ति की धनराशि प्राप्त करने वाले 154 छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति जिन बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है, उन बैंक खातों को जांच के दायरे में लाने की तैयारी की जा रही है, इसके बाद खाता धारक के बयान के आधार पर एक-एक कड़ी को जांच टीम द्वारा जोड़कर मुख्य घोटालेबाज तक पहुंच बनाने की योजना बनाई जा रही है।

### जांच टीम को विद्यालय के दस्तावेजों में नहीं मिली कोई गड़बड़ी : प्रधानाचार्य



**किच्छा :** सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय प्रताप सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय के कोड संख्या का दुरुपयोग कर पूरी साजिश को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच टीम दो बार विद्यालय में पहुंचकर सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर चुकी है तथा सूची का मिलान करने के बाद एक भी छात्र का नाम विद्यालय के रजिस्टर में पंजीकृत नहीं पाया गया। बताया कि वर्ष 2019 से 2023 तक 4 वर्षों के अंतराल में कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं को यह छात्रवृत्ति वितरित करना दर्शाया गया है जबकि उनका विद्यालय कक्षा 6 से 8 तक संचालित है। उन्होंने कहा कि मामला सामने आने के बाद उनके विद्यालय की छवि लगातार घूमिल हो रही है जबकि इस घोटाले से विद्यालय स्तर पर कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पूरे मामले का जल्द खुलासा करने की मांग की है ताकि विद्यालय पर उठ रहे सवालों पर जल्द विराम लग सके।

# इंस्पिरेशन स्कूल में बच्चों ने लिया रेल यात्रा का आनंद




इंस्पिरेशन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों के लिए मिनी रेल जंक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अनोखे कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को रेल यात्रा के अनुभवों से अवगत कराना और यात्रा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी देना था।

छात्रों ने आईपीएस एक्सप्रेस ट्रेन में बैठकर यात्रा का आनंद उठाया। इस दौरान उन्होंने टिकट काउंटर, इंफॉर्मेशन बूथ, लोको पायलट, वेटिंग रूम, कुली आदि के बारे में जाना। कार्यक्रम में बच्चों ने चाय और पॉपकॉर्न का भी लुत्फ उठाया। टीटी और कुली की भूमिका में शिक्षकों द्वारा किए गए अभिनय ने बच्चों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम ने बच्चों की कल्पनाशीलता को उड़ान दी और उन्हें व्यवहारिक अनुभव भी प्रदान किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक दीपक बल्यूटिया, प्रबंधिका डॉ. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्य ममता तनेजा, कॉर्डिनेटर प्रियंका शर्मा, कला विभाग की नीरू जोशी, रिचा वर्मा, गरिमा मेवाड़ी सहित प्री-प्राइमरी विंग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## यूकेडी का धरना 13वें दिन भी जारी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) का धरना 13 वें दिन भी जारी रहा। धरने का नेतृत्व यूकेडी के पार्षद रवि वाल्मीकि ने किया और उन्हें पूरी मजबूती से समर्थन मिला। इस मौके पर पार्षद रोहित कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और धरने में भाग लिया।

इस दौरान रवि वाल्मीकि ने कहा कि हम उत्तराखंड क्रांति दल के लोग हैं, हम डरने वाले नहीं हैं। हमारी आवाज को दबाने की कोशिश नहीं की जा सकती। केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा हमें हल्द्वानी में स्वयं सहायता समूह के लोगों को कोई काम नहीं दिया जा रहा है, जबकि दूसरे राज्य से आने वाले लोगों को ठेके दिए जा रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय संगठन मंत्री भुवन सिंह बिष्ट ने कहा जब तक नुमाइश नहीं हटती हम आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। यूकेडी के नगर अध्यक्ष हरीश जोशी ने कहा अगर हमारी भावनाओं को नज़र अंदाज किया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। धरने में कंचन जोशी, काजल खत्री, करन जोशी, आर्येंद्र शर्मा, ललित सिंह बिष्ट, नमन नगदली आदि मौजूद रहे।




एसकेएम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन कर विद्यार्थियों ने चुने प्रतिनिधि

- एसकेएम स्कूल में हुआ विद्यार्थी परिषद शपथ ग्रहण समारोह
- चुनाव जीतने वाले छात्र-छात्राओं ने शपथ ग्रहण की

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एसकेएम स्कूल में शनिवार को विद्यार्थी परिषद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए विद्यार्थियों ने मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किया।

विद्यार्थी परिषद प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना और स्कूल के प्रति अपने कार्यों और उत्तरदायित्व को समझने एवं उनका पालन करने की क्षमता का विकास करना है।

चुनाव में जीतने वाले छात्र-छात्राओं ने अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन करने की शपथ ली। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक यूसी जोशी, सचिव पुष्पा जोशी, प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा, प्रशासक ऋषभ जोशी, भामिनी जोशी व शिक्षकों ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी।

### इन पदाधिकारियों का हुआ चयन

● हेड ब्यॉय : दीपांशु कुमार ● हेड गर्ल : दीक्षा मेलकानी ● कल्चरल हेड : देवांगी दुबे ● स्पोर्ट्स कैप्टन (ब्यॉय) : वेदांत जोशी ● स्पोर्ट्स कैप्टन (गर्ल्स) : खुशी आर्या ● ग्रीन हाउस कैप्टन : अर्सली शर्मा ● ब्लू हाउस कैप्टन : मानस जोशी ● रेड हाउस कैप्टन : अमन भगत ● यलो हाउस कैप्टन : शुभ सागर।

# कृषि सूचना केंद्र में बिजली-पानी की सुविधा नहीं

- चार्ज लेकर कार्यालय पहुंचीं सहायक कृषि अधिकारी
- इस कार्यालय में सप्ताह में दो दिन बैठना था

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** चंपावत से स्थानांतरित होकर ब्लॉक कैंपस कार्यालय पहुंचीं कृषि सूचना केन्द्र प्रभारी कमल राणा को वहां बिजली-पानी की सुविधा नहीं मिली। उन्हें इस कार्यालय में सप्ताह में दो दिन रहकर विकासखंड की चारों न्याय पंचायतों में सरकार की योजनाओं को संचालित करना था।

बिजली बिल बकाए के चलते विद्युत विभाग ने उनके कार्यालय में बिजली कनेक्शन महीनों पहले काट दिया था। कार्यालय में फोन चार्ज, लैपटॉप संचालन का कार्य होना मुश्किल था। कार्यालय में जलापूर्ति के अभाव में बाथरूम संचालन संभव नहीं था। फोन पर हुई वार्ता में कृषि सूचना केन्द्र प्रभारी कमल राणा ने बताया कि बिजली पानी के अभाव में किसानों के हित में कार्य संभव नहीं है। यह भी कहा कि उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है। वह खटीमा में दो दिन चारों न्याय पंचायतों के कार्यों का संचालन करेंगी। उन्होंने गीता कौर रुद्रपुर से कार्यभार ग्रहण किया है। वह चार दिन रुद्रपुर स्थित बीएसए कार्यालय में कार्य करेंगी और दो दिन यहां। ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने बताया कि कृषि सूचना केन्द्र का एक लाख से अधिक का बिल अदा नहीं होने की स्थिति में बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन विच्छेद किया गया है। जलापूर्ति के कनेक्शन की भी यही स्थिति है।

## वर्ग पहेली-37

**बाएं से दाएं**

1. मकान की सीमा में आने वाला वह खुला स्थान जिसे घर के कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है, अंगना।
4. गुंडागर्दी,गुंडाराज।
6. सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सचेतता।
8. चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि, पूर्णिमा या अमावस्या के बाद ग्यारहवीं तिथि 2. इस तिथि को रखा जाने वाला व्रत।
9. 1. जिसे कोई उपाधि या पदवी मिली हो 2. ख़िताब संबंधी।

**ऊपर से नीचे**

1. दे. अंगुल।
2. चांडालिन, चांडाल जाति की स्त्री।
3. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
5. दुनिया की समस्त बातों और घटनाओं के होने में ईश्वर की प्रेरणा को मानने का सिद्धांत; नियतिवाद।
7. 1. पशु होने की अवस्था या भाव, पशुत्व, जानवरपन, पाशविकता 2. पशुवत स्वभाव, पशुओं जैसा आचरण 3. बुद्धिहीनता, मूर्खता, जड़ता।



### वर्ग पहेली -36 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ा | 2 र | सी | | 3 ला | हो | ल |
| | दी | | 4 कु | | | |
| | 5 फ़ | त | ह | | 6 मू | |
| | | | रा | | ढ़ | |
| 7 ल | | 8 ढ | म | ढ | म | |
| गा | | | | | ति | |
| 9 म | ख़ | सू | स | | | |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- श्रावण, पक्ष- कृष्ण पक्ष,दशमी- 12.12 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 22.53 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिए समय अवश्य निकालें। आर्थिक मामलों में आज भाग्यशाली रहेंगे। बातचीत के दौरान सभ्य भाषाशैली का प्रयोग करें। बच्चों की सेहत की चिंता हो सकती है।

**वृष:** आज अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे। अच्छे लोगों के साथ आपके संपर्क मजबूत होंगे। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा।

**मिथुन:** आज अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। गर्मी के कारण त्वचा विकार हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। ऑनलाइन फ्रॉड और प्रलोभनों को लेकर सतर्क रहें।

**कर्क:** आज कारोबार में वृद्धि होने की संभावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेने से आपको लाभ होगा। युवा प्रेम संबंधों को लेकर अधिक भावुक हो सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज आपके मस्तिष्क में नए रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा। महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आप काफी सक्रिय रहेंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। आज आराम वाले समय का आनंद उठायेंगे।

**कन्या:** आज पिता अपने बच्चों से किसी कारण नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है। लेकिन साथ में समय बिताने से मन हल्का होगा। विदेश में रहने वाले परिजनों की चिंता हो सकती है। बुखार और शारीरिक कमजोरी महसूस होगी।

**तुला:** आज अपने मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपका मन किसी कारण अप्रसन्न हो सकता है। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अटका हुआ धन वापस मिलने में कठिनाई होगी। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। स्वयं की गलतियों पर पर्दा न डालें।

**वृश्चिक:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। पारिवारिक संबंधों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय में उत्तम लाभ प्राप्त होगा।

**धनु:** आज परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। आज अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं।

**मकर:** आज अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें। संतान की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। मन में नए काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फंस सकते हैं। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा।

**कुंभ:** आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। योजनाबद्ध तरीके से काम करना लाभकारी होगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें। माता के प्रति आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। मनोरंजन के साधनों पर धन खर्च करेंगे। नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रूढ़िवादी विचारों से बचें। तकनीक के प्रति आप आज थोड़े आकर्षित रहेंगे।

## सुडोकू -44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 1 | | | | 2 | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 5 |
| | 3 | | | | 8 | | 9 | |
| 8 | | | | 3 | | | 5 | |
| | | | | | | 2 | | 8 |
| | 1 | 4 | | 9 | | | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 5 | 6 | | | 4 | 7 | | |

### सुडोकू - 43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |

# रात में अस्पताल पहुंचे डीएम, परखीं व्यवस्थाएं

## जिलाधिकारी मनीष कुमार ने किया टनकपुर उपजिला अस्पताल का निरीक्षण, सुझाए सुधार के उपाय

संवाददाता, टनकपुर



टनकपुर उप जिला चिकित्सालय में रोगी का हाल-चाल जानते डीएम मनीष कुमार।



एवरेस्ट विजेता वीरेंद्र सिंह सामंत को सम्मानित करते डीएम।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने शुक्रवार देर रात्रि टनकपुर स्थित उपजिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय के विभिन्न विभागों जनरल वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, आईसीयू, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर आदि का निरीक्षण किया तथा वहां उपचाररत मरीजों से सीधे संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था तथा स्टाफ की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली।

डीएम ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपचार प्राप्त कर रहे लाभार्थियों से योजना के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने चिकित्सकों से वार्ता कर अस्पताल में संसाधनों की वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं के बारे में भी जाना।

डॉक्टरों द्वारा एयर कंडीशनर की आवश्यकता, अस्पताल में भोजन व कैंटीन सुविधा की अनुपलब्धता जैसे मुद्दों को सामने रखा गया।

डीएम ने अस्पताल प्रबंधन और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि डायलिसिस यूनिट को क्रियाशील करने, अस्पताल परिसर में स्वच्छ एवं नियोजित कैंटीन की व्यवस्था की जाए जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को पौष्टिक भोजन आसानी से उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकाश जोशी, सीएमएस डॉ. घनश्याम तिवारी, डॉ. जितेंद्र जोशी, डॉ. नोनिहाल सिंह, फार्मासिस्ट महेश भट्ट, जेएस कुंवर, लैब असिस्टेंट मोहित गड़कोटी, अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### एवरेस्ट विजेता वीरेंद्र सिंह सामंत को डीएम ने किया सम्मानित

**टनकपुर :** उत्तराखंड के युवाओं में छिपी साहसिक ऊर्जा अब हिमालय की चोटियों को पार कर विश्व पटल पर अपनी पहचान बना रही है। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जनपद चम्पावत के ग्राम बडौली निवासी वीरेंद्र सिंह सामंत ने 18 मई 2025 को विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक तिरंगा फहराकर न केवल अपने जनपद बल्कि पूरे उत्तराखंड को गर्वित किया है। वीरेंद्र ने यह अभूतपूर्व उपलब्धि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के 27 सदस्यीय विशेष पर्वतारोहण दल के साथ प्राप्त की। जिसे 3 अप्रैल 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने वीरेंद्र सिंह सामंत को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। उन्होंने वीरेंद्र को उनकी दृढ़ता, अनुशासन और उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि जनपद में ऐसी विलक्षण प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। वीरेंद्र जैसे युवाओं की उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए न सिर्फ प्रेरणा हैं, बल्कि चम्पावत को साहसिक खेलों के एक नए केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर हैं। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह सामंत ने बताया कि वे जनपद चम्पावत में साहसिक खेलों को लेकर सक्रिय रूप से काम करना चाहते हैं, ताकि यहां के युवाओं को राफ्टिंग, पर्वतारोहण, ट्रेकिंग और अन्य साहसिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित किया जा सके। डीएम ने इस सराहनीय विचार की खुलकर प्रशंसा करते हुए वीरेंद्र को सुझाव दिया कि वे जनपद में साहसिक खेल प्रेमियों का एक क्लब व समूह गठित करें, जिससे क्षेत्र की अन्य प्रतिभाएं भी सामने आ सकें। उन्होंने वीरेंद्र को वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना समेत राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता संसाधन और प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

## दीक्षारंभ कार्यक्रम का किया आयोजन

**बनबसा, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय बनबसा में उत्तराखंड उच्च शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में विद्यार्थी कल्याण एवं उत्थान हेतु शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रस्तावित 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम के प्रथम चरण का भव्य आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्रों का महाविद्यालय में स्वागत करना और उन्हें एक सहज एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है। प्राचार्य आनंद प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र, वर्तमान छात्र और पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका लक्ष्य नए विद्यार्थियों को नियम, प्रक्रियाओं और संस्कृति से अवगत कराना था ताकि वे अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा आरंभ कर सकें। प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्रों को अनुशासन, परिश्रम और संस्था के प्रति सम्मान बनाए रखने का महत्व समझाया। उन्होंने यूनिफॉर्म संहिता का पालन करने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर, महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# योगासन में दिखाया खिलाड़ियों ने दमखम



अल्मोड़ा में शनिवार को प्रतियोगिता के दौरान योग करते साधक। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा डिस्ट्रिक्ट योगासन एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय योगासन प्रतियोगिता शुरू हो गई है। शनिवार को प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न वर्गों में 50 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया।

नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ महिला जिलाध्यक्ष कांग्रेस राधा बिष्ट और एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह मेहरा ने किया। इसके बाद रिदमिक, ट्रेडिशनल और आर्टिस्टिक वर्ग में प्रतियोगिताएं हुई। इस दौरान खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक आसनों का प्रदर्शन कर लोगों की खूब तालियां बटोरी। प्रतियोगिता के पदक विजेता आगामी राज्य प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर हां कनक नेगी, कमल कुमार, डिस्ट्रिक्ट योगासन एसोसिएशन के संयोजक जसोद सिंह बिष्ट, जिला सचिव गिरीश सिंह अधिकारी, हेम लता वर्मा, नारायण सिंह रौतेला, चंद्र शेखर शिरडी, मंजू जोशी, तुलसी सियाड़ी, कमल जोशी, यशपाल भट्ट, अनंत बिष्ट, अमितेश, धारा वल्लभ पांडे, अजय, कविता बिष्ट आदि रहे।

# देवीधुरा बग्वाल मेले में श्रद्धालु उठा सकेंगे शटल सेवा का लाभ

- एसडीएम नीतू डांगर ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण, जारी किए दिशा निर्देश

संवाददाता, टनकपुर



देवीधुरा बग्वाल मेले को लेकर बैठक लेतीं एसडीएम नीतू डांगर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एसडीएम नीतू डांगर ने चम्पावत जिले के मां बाराही धाम देवीधुरा में पांच अगस्त से होने वाले बग्वाल मेले की तैयारियों का जायजा लिया और विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपैड, बाजार में चल रहा नाली निर्माण, सड़कों की सफाई, सुलभ शौचालयों की व्यवस्था, कमरों की साज-सज्जा और खामों के रास्तों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया।

आरटीओ मनोज बागोलिया ने बताया कि इस बार मेले में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए कनवाड़ बैंड से हनुमान मंदिर तक शटल सेवा शुरू की जाएगी। शटल सेवा का किराया 25 रुपये प्रति सवारी निर्धारित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग आसानी से मेले का आनंद ले सकें। एसडीम ने मेले को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए सुरक्षा, सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार ईश्वर सिंह भीम, कानूनगो मयंक सिंह चौड़िया, मेला समिति अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, रेंजर श्याम सिंह कठायत, कीर्ति बल्लभ जोशी, जगदीश कुमार सलमान, दीपक चम्याल, मनोज कठैत, सुनील शर्मा, हयात सिंह, विशन सिंह, हर्षवर्धन गड़िया, दीपक आदि रहे।

# अति संवेदनशील के साथ संवेदनशील केंद्रों पर नजर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी ब्लॉक में कई ग्राम सभाएं संवदेनशील और अतिसंवेदनशील हैं। चुनाव कार्य में जुटे अधिकारियों के मुताबिक इन ग्राम सभाओं में मतदान को लेकर विशेष तैयारी की जाएगी। फिलहाल 28 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए तैयारियां की जा रहीं हैं।

हल्द्वानी ब्लॉक में दूसरे चरण में मतदान संपन्न होंगे। ब्लॉक में 28 जुलाई को वोट डाले जाएंगे। हल्द्वानी ब्लॉक में भी कई ग्राम सभाएं संवेदनशील और अति संवेदनशील हैं। अति संवेदनशील ग्राम सभाओं में लाखनमंडी, चोरगलिया आमखेड़ा, सीतापुर, सुंदरपुर रैक्वाल, लछमपुर, देवलामल्ला, खेड़ा, हिम्मतपुर बैजनाथ, आनंदपुर, देवलचौड़ खाम, धौलाखेड़ा, जयपुर खीमा, जग्गीबंगर, बमेठाबंगर, दुम्काबंगर बच्चीधरमा, हल्दूचौड़ दीना, हल्दूचौड़ जग्गी शामिल हैं। इनके अलावा संवेदनशील ग्राम सभाओं में बसानी, चौसला, लामाचौड़ खास, रामपुर लामाचौड़, प्रेमपुर लोश्ज्ञानी, हल्दूपोखरा नायक, करायल चतुरसिंह, देवलचौड़ बंदोबस्ती, चांदनीचौक घुड़दौड़ा, हिरपुर जमनसिंह, बैड़ापोखरा, हरिपुर तुलाराम, फत्ताबंगर, हैड़ागज्जर, हरिपुर पूर्णानंद, हाथीखाल, किशनपुर सकुलिया, जयपुर बीसा, बमेठाबंगर, खड़कपुर, दुर्गापालपुर परमा शामिल हैं। एडीएम विवेक राय के अनुसार संवदेनशील और अति संवेदनशील ग्राम सभाओं में मतदान से पहले ही पुलिस से संपर्क किया जाएगा।

# कदली वृक्ष के चयन के लिए रैलाकोट दुलागांव पहुंचे भक्त

संवाददाता, अल्मोड़ा



कदली वृक्ष का चयन करते नंदा देवी मंदिर समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ऐतिहासिक नंदादेवी मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। शनिवार को समिति सदस्यों ने मेले को भव्य रूप देने के लिए बैठक की। इस दौरान मां नंदा-सुनंदा की प्रतिमा निर्माण के लिए दुलागांव, रैलाकोट में कदली वृक्ष का चयन किया गया। मेले का आयोजन 28 अगस्त से शुरू होगा।

अल्मोड़ा की धार्मिक, एतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक मां नंदा-सुनंदा मेला भव्यता के साथ मनाने के लिए समिति तैयारियों में जुटी है। श्री नंदा देवी मंदिर समिति ने मेले की औपचारिक तैयारियों की शुरुआत कर दी है। शनिवार को समिति के सदस्यों ने मां नंदा-सुनंदा की प्रतिमा निर्माण के लिए दुलागांव रैलाकोट क्षेत्र में कदली वृक्ष का चयन किया। समिति व्यवस्थापक अनूप साह ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव की भव्यता के साथ-साथ, श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते मनाया जाएगा। बैठने की व्यवस्था, प्रसाद वितरण, धार्मिक अनुष्ठान, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां अर्जुन बिष्ट, अमित साह मोनू, अभिषेक जोशी, कपिल मल्होत्रा, धीरेन्द्र सिंह रावत, हेमेंद्र सिंह रावत, कल्याण सिंह रावत, गोपाल सिंह, भगवान सिंह, धन सिंह, योगेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में किया पौधरोपण का आयोजन



महाविद्यालय में पौधरोपण करते एसएसबी के जवान व छात्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचारः सीमान्त मुख्यालय रानीखेत के कार्मिकों द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में पौधरोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे जैसे देवदार, बाज, माल्टा, तेजपत्ता, काफल और रीठा आदि 400 पौधों का पोधारोपण में किया गया।

इस अवसर पर डॉ. पुष्पेश पाण्डेय प्रधानाचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयंत कुमार शर्मा, कमांडेंट, एनसीसी के 50 छात्रों, महाविद्यालय के छात्र और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद सदस्यों को पर्यावरण सुरक्षित रखने को पेड़ों के महत्व और जल सरंक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## चौकोड़ी पहुंचा यात्रा का पहला दल

**पिथौरागढ़, अमृत विचारः** कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी कर लौटे प्रथम दल के 49 यात्री शनिवार को बेरीनाग के चौकोड़ी पहुंचे, जहां उप जिलाधिकारी आशीष जोशी, अधिकारियों व स्थानीय जनता ने यात्रियों का भव्य स्वागत किया।

आज रविवार को यह दल पाताल भुवनेश्वर गुफा और हाटकाली मंदिर के दर्शन कर अल्मोड़ा को प्रस्थान करेगा। दूसरी ओर, दूसरे दल ने तिब्बत के डेरापुक से कैलाश परिक्रमा मार्ग पर यात्रा शुरू की है और परिक्रमा पूर्ण कर मानसरोवर झील पहुंचेगा। तीसरे दल के 46 यात्री भी शुक्रवार को लिपुलेख दर्रे के रास्ते तिब्बत में प्रवेश कर चुके हैं। दूसरे दल में 48 यात्री शामिल हैं। यात्रा के सभी दलों का उत्साह देखते ही बनती है। प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# भव्य रूप से मनाएंगे सावन मेला



सावन मेले की तैयारियों को लेकर बैठक करतीं महिला कल्याण संस्था की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में सावन मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। शनिवार को महिला कल्याण संस्था ने बैठक कर मेले की तैयारियों पर चर्चा की। तय किया गया कि आगामी 30 जुलाई को सावन मेले का आयोजन किया जाएगा।

नगर के दुगालखोला में आयोजित बैठक में संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने बताया कि मेले के तहत 'दुल्हन बनो' और 'सेली सजाओ' समेत व्यंजन बनाओ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दुल्हन बनो प्रतियोगिता दो ग्रुप में होगी। प्रथम में 25 वर्ष से ऊपर और द्वितीय में 65 से 70 वर्ष की महिलाएं शामिल होंगी। बताया कि एक टीम में पांच महिलाएं होगी। यहां बैठक में शांति शाह, आशा कर्नाटक, चंद्रा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, मंजू जोशी, ममता चौहान, गीता शाह, रमा जोशी, आशा पंत, दीपा, रेखा चौहान, सुनैना मेहरा, पारू उप्रेती, प्रेमा, कुसुम जोशी, सीमा चौधरी समेत कई महिलाएं मौजूद रही।

# यात्रियों सेअभद्रता मामले में पीआरडी जवान पर कार्रवाई

- अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे के लोधिया बैरियर का मामला
- जबरन वाहनों को रोके जाने का वीडियो हुआ था वायरल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के पास लोधिया बैरियर के पास जबरन वाहनों को रोकने और यात्रियों को परेशान करने का मामला सामने आया है। मामले में पीआरडी जवान पर कार्रवाई करते हुए ड्यूटी से हटा दिया गया है। जवान की यात्रियों से अभद्रता करते हुए वीडियो वायरल हुई थी।

दरअसल, क्वारब के पास वाहनों के लिए बने खतरे को देखते हुए रात 11 बजे बाद वाहनों की आवाजाही बंद की है। ऐसे में आरोप है कि पीआरडी जवान ने तय समय से पहले ही यात्रियों को रोक दिया था। जबकि दूसरे छोर से वाहनों का आवगमन हो रहा था। यात्रियों के विरोध करने पर पीआरडी जवान ने उनसे अभद्रता शुरू कर दी।

मौके पर मौजूद यात्रियों ने पीआरडी जवान की वीडियो बना दी, जो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। यात्रियों ने जवान पर शराब के नशे में होने का भी आरोप लगाया। इधर, एसएसपी देवेंद्र पींचा ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल पीआरडी जवान को हटा दिया है। जबकि मामले की जांच के निर्देश दिए है।

## पंजीकरण पांच वर्ष के लिए निलंबित

**रामनगर, अमृत विचार :** अनुशासन समिति बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड द्वारा शिकायतकर्ता मोहम्मद फिरोज की शिकायत पर नबी रजा का पंजीकरण अधिवक्ता अधिनियम की धारा 35 के अंतर्गत 5 वर्ष के लिए निलंबित और पच्चीस हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

अनुशासन समिति बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड में शिकायतकर्ता मोहम्मद फिरोज अधिवक्ता निवासी निकट ब्लॉक रोड खताड़ी ने नबी रजा के विरुद्ध अक्टूबर 2023 में शिकायत दर्ज कराई थी। बार कौंसिल ने साक्ष्यों के आधार पर नबी रजा का पंजीकरण 5 वर्ष के लिए निलंबित करने के साथ ही पच्चीस हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में नबी का पंजीकरण 6 माह अतिरिक्त समयावधि तक निलंबित रहेगा।

# जनपद के 11 ब्लॉकों में 122 टेबलों पर होगी मतगणना

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शनिवार को कर्मचारियों का द्वितीय रैंडमाइजेशन हुआ। द्वितीय रैंडमाइजेशन के बाद 785 कर्मचारियों का चयन हुआ, जो आगामी मतगणना के कार्य को पूरा करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि मतगणना कार्य के लिए जिले के 11 विकासखंडों में 122 मतगणना टेबलों की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक और चार मतगणना सहायक तैनात किए जाएंगे। इस प्रकार कुल 157 पोलिंग पार्टियां गठित की गई हैं। जिनमें प्रत्येक में पांच सदस्य नियुक्त किए गए हैं। बताया कि मतगणना कार्य से पूर्व चयनित सभी कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न किया जा सके।

### अधिकारियों का तृतीय रैंडमाइजेशन सम्पन्न

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 को पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में पीठासीन अधिकारियों एवं आरओ का तृतीय रेंडमाइजेशन तथा मतगणना कार्मिकों हेतु प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सम्पन्न की गई।तृतीय रेंडमाइजेशन के अंतर्गत जनपद के 796 बूथों हेतु पोलिंग पार्टियों को बूथ आवंटित किए गए, जिनमें से 83 पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। वहीं मतगणना प्रक्रिया के लिए जनपद के 8 विकासखंडों में कुल 14 टेबल स्थापित किए जाएंगे, जिन पर 32 मतगणना सुपरवाइजर तथा 128 मतगणना सहायक कार्मिक तैनात रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रेषक बेरीनाग/गंगोलीहाट नरेंद्र सिंह (वीसी माध्यम से), मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक रमा गोस्वामी, मुख्य कृषि अधिकारी/प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण अमरेंद्र चौधरी तथा प्रभारी अधिकारी कंप्यूटराइजेशन/उपनिदेशक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हादसे के जिम्मेदार चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** स्कूटी सवार परिवार को अपनी चपेट में लेने वाले ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने हादसे में बाल-बाल बची स्कूटी चालक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

देवला तल्ला पजाया बागजाला काठगोदाम निवासी ममता देवी ने पुलिस को बताया कि 16 जुलाई की सुबह वह अपने पति कन्नू और बच्चों के साथ अपने भाई के घर हरेला पर्व के लिए जा रहीं थी। स्कूटी सवार परिवार गोरापड़ाव के पास पहुंचा था कि तभी ट्रक के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी और जिससे पति ट्रक के नीचे आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बच्चों ने बनाए रंग-बिरंगे चित्र



प्रतियोगिता में चित्र प्रदर्शित करते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ऑल सेंट्स कॉलेज में सावन मेला शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। पर्यावरण, भारतीय संस्कृति व प्रकृति के प्रति प्रेम व पारंपरिक कलाओं का समावेश मेले में देखने को मिला।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्राओं के बीच चित्रकला व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने मानसून पर आधारित रंग-बिरंगे चित्र बनाए। बच्चों ने वर्षा ऋतु के आकर्षक चित्र कागज में उतारे। प्रधानाचार्या अंजना रिचर्ड्स ने कहा कि सावन मेले का आयोजन अमेरिकन फील्ड सर्विस के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संस्कृति, प्रकृति के प्रति सम्मान तथा पारंपरिक कलाओं से छात्राओं को जोड़ना है। मेले में विद्यार्थी व शिक्षक शामिल रहे।

## जेल में बंदियों के बीच झगड़ा, एक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचारः** जिला कारागार में शनिवार को दो कैदियों में खाना खाने के दौरान हुए विवाद में एक बंदी की मौत हो गई।

उत्तराखंड के काशीपुर निवासी आशु चौहान (25) अमरोहा के थाना डिंडोली क्षेत्र में चोरी के मामले में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद था। किसी बात पर आशु की झड़प गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध जाकिब से हो गई। झगड़े के दौरान आशु गिर गया और बेसुध हो गया। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी सिटी संजीव बाजपेई, एडीएम प्रशासन विनय सिंह व सीओ सिटी राकेश वशिष्ठ ने मौके का जायजा लिया। जेल प्रशासन ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# भारत धर्मनिरपेक्ष, अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित

## केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू बोले- बहुसंख्यक हिंदू के कारण अल्पसंख्यकों को स्वतंत्रता और सुरक्षा प्राप्त

नई दिल्ली, एजेंसी



- रीजीजू ने कहा- ऐसा एक भी मामला नहीं है, जिसमें अल्पसंख्यक किसी भी चीज से वंचित होने से पलायन की इच्छा रखता हो

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और अल्पसंख्यक इस देश में सर्वाधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बहुसंख्यक हिंदू के कारण अल्पसंख्यकों को पूर्ण स्वतंत्रता और सुरक्षा प्राप्त है।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने कहा कि उन्हें ऐसा एक भी मामला नहीं मिला है जहां अल्पसंख्यक समुदाय का कोई सदस्य देश में किसी भी चीज से वंचित होने के कारण भारत से पलायन करने की इच्छा रखता हो। उन्होंने कांग्रेस समर्थित वामपंथी तंत्र पर आरोप लगाया कि वह लगातार यह अभियान चलाने में लिप्त है कि अल्पसंख्यकों को भारत में प्रताड़ित किया जा रहा है, उनका कत्लेआम हो रहा है, उनकी हत्या की जा रही है और वे सुरक्षित नहीं हैं। मुख्तार अब्बास नकवी मंत्री रहते हुए भारत अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है वाले बयान पर रीजीजू ने कहा कि भारत के लोग कानून का पालन करते हैं, हम धर्मनिरपेक्ष हैं, हमारा संविधान है और इसलिए चाहे बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक सभी समान हैं।

रीजीजू ने कहा, जो कुछ बहुसंख्यक को मिलता है वहीं अल्पसंख्यक को भी मिलता है, लेकिन कुछ चीजें जो अल्पसंख्यकों को तो मिलती हैं वह बहुसंख्यक को नहीं मिलतीं। भाजपा नेता ने कहा, अगर आप इतिहास को देखें, तो चीनी कब्जे से तिब्बत में समस्याएं थीं और तिब्बती भारत आ गए। म्यांमा, श्रीलंका बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लो समस्याओं के कारण भारत आए। आखिरकार वे भारत में शरण लेना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत के संविधान पर भरोसा है। कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान हुई घटनाओं और दंगों को छोड़कर, आमतौर पर अल्पसंख्यक भारत में सुरक्षित हैं। इसके बावजूद 11 वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। रीजीजू ने पूछा कि भारत को इस अभियान से क्या मदद मिल रही है। मैं अल्पसंख्यक समुदाय से हूं। मुझे खुले तौर पर यह स्वीकार करना होगा कि पुरानी जनगणना के अनुसार बहुसंख्यक हिंदू 78 से 79 % हैं। नई जनगणना में यह कम हो सकता है।

### भारत हर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए पसंदीदा जगह

केंद्रीय मंत्री ने कहा, हिंदू बहुसंख्यकों की वजह से सभी अल्पसंख्यक इस देश में पूर्ण स्वतंत्रता और सुरक्षा का आनंद ले रहे हैं। कल्पना कीजिए कि अगर मैं पाकिस्तान में होता। अगर विभाजन के दौरान हम बांग्लादेश का हिस्सा बन जाते, तो आज हम शरणार्थी होते। आज हर आदिवासी, हर अल्पसंख्यक समुदाय यहां सुरक्षित है क्योंकि बहुसंख्यक हिंदू धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि भारत हर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक पसंदीदा जगह है। मुसलमानों की सुरक्षा पर रीजीजू ने कहा, कुछ हिंदू कह रहे हों कि मुस्लिम बहुलता है इसलिए हमें खतरा है, लेकिन मुझे लगता है कि किसी को खतरा महसूस नहीं होना चाहिए और कोई दूसरे समुदाय को धमका रहा है तो राज्य सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में सभी समान हैं और सभी सुरक्षित हैं।

# ओडिशा : बदमाशों ने 15 साल की लड़की को लगाई आग, गंभीर हालत में एम्स में भर्ती

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के पुरी जिले में शनिवार को बदमाशों ने 15 वर्षीय लड़की को आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि लड़की को गंभीर हालत में एम्स-भुवनेश्वर ले जाया गया है। वह 70 प्रतिशत तक झुलस चुकी है और बोल नहीं पा रही है। उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रभाती परीडा ने कहा कि सरकार लड़की के इलाज का खर्च वहन करेगी। पुलिस को दोषियों की गिरफ्तार के निर्देश दिए गए हैं।

घटना बलंगा थाना क्षेत्र के बयाबर गांव में सुबह नौ बजे हुई, जब लड़की अपनी सहेली के घर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने लड़की को रोका, जबरन भार्गवी नदी के किनारे ले गए, और शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटनास्थल नुआगोपालपुर बस्ती में स्थित उसके घर से 1.5 किलोमीटर जबकि बलंगा थाने से 5-7 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने बताया कि लड़की को आग लगाने के बाद बदमाश फरार हो गए। स्थानीय लोग आग बुझाकर उसे पिपिली सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से उसे एम्स भुवनेश्वर भेज दिया गया। घटना पर पहुंचे पुरी के एसपी पिनाक मिश्रा ने बताया कि जांच के तहत कुछ लोगों से पूछताछ जारी। वैज्ञानिक टीम जांच में लगी हुई हैं।

पिपिली उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) देबाशीष मिश्रा ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए दो टीम बनाई गई हैं। आसपास के मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच हो रही है। पुरी की जिला कलेक्टर चंचल राणा ने कहा कि मामले में पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इलाज का खर्च उठाएगी सरकारः उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री परीडा ने कहा, पुरी जिले के बलंगा में बदमाशों ने 15 वर्षीय लड़की पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। लड़की को एम्स भुवनेश्वर भेज दिया गया। इलाज का सारा खर्च सरकार उठाएगी। पुलिस प्रशासन को दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने एम्स-भुवनेश्वर जाकर लड़की के परिजन और चिकित्सकों से मुलाकात की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना ने कहा कि अभी लड़की का उपचार किया जा रहा है... हम उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## एक नजर

### बेंगलुरु हवाई अड्डे पर चार किलोग्राम कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि डीआरआई अधिकारियों ने बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 40 करोड़ मूल्य की 4 किलो से अधिक कोकीन जब्त की है। एक यात्री को गिरफ्तार भी किया गया। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने 18 जुलाई को दोहा से बेंगलुरु आए भारतीय यात्री को रोका। यात्री के पास दो सुपरहीरो की कॉमिक्स/पत्रिकाएं थीं, जो भारी थीं। अधिकारियों ने पत्रिकाओं के कवर में छिपाए सफेद पाउडर को बरामद किया।

### गुजरातः मुख्यमंत्री कार्यालय व सचिवालय को धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय और गांधीनगर स्थित राज्य सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी जांच में अफवाह निकली। पुलिस ने बताया कि धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद परिसर की गहन तलाशी ली गयी थी। पुलिस उपाधीक्षक दिव्यप्रकाश गोहिल ने बताया कि राज्य सरकार को 17 जुलाई को धमकी भरा ईमेल मिला था।

### बिहार में एक परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या की

**नालंदा।** बिहार में नालंदा जिले के राजगीर कस्बे में एक ही परिवार के तीन किशोरों समेत कुल चार लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों में सोनी देवी, उनकी बेटियों दीपा कुमारी और अरीका कुमारी व बेटे शिवम है।

# राहुल पारिवारिक अपराधों को संरक्षण देने के लिए पद का कर रहे इस्तेमाल : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- रॉबर्ट वाड्रा का बचाव किए जाने पर राहुल गांधी पर भाजपा ने साधा निशाना

भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपने परिवार के अपराधों को संरक्षण देने के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में अपने संवैधानिक पद का दुरुपयोग करने का शनिवार को आरोप लगाया। कांग्रेस नेता द्वारा अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा का बचाव किए जाने पर भाजपा राहुल गांधी पर निशाना साध रही है।

वाड्रा पर ईडी ने धन शोधन का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन आंतरिक कलह और बिखराव से जूझ रहा है। त्रिवेदी ने कटाक्ष करते हुए सवाल किया कि जब उसका वर्तमान इतनी बुरी स्थिति में है, तो उसका भविष्य कितना बदतर होगा। आप ने पहले घोषणा कर दी है कि वह अब गठबंधन में शामिल नहीं है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने केरल सरकार पर गांधी के हमले के बाद उनकी आलोचना की थी। गांधी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल होने के बाद उनका बचाव किया था।

## अभिनंदन



हरियाणा के जींद में जन्मदिन पर बैठक के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अभिनंदन स्वीकार करतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। एजेंसी

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने को लेकर कांग्रेस का मार्च रोका

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस की विरोध जुलूस निकालने की योजना को पुलिस ने शनिवार को विफल कर दिया।

जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपने के लिए संभागीय आयुक्त कार्यालय तक जुलूस निकालने की योजना बनाई। पुलिस कर्मियों ने पार्टी कार्यालय के मुख्य द्वार को बाहर से बंद कर कांग्रेस को जुलूस निकालने से रोक दिया। कर्रा ने बताया कि पुलिस ने उन्हें विरोध जुलूस नहीं निकालने दिया। हम राज्य के दर्जे की बहाली की अपनी मांग दोहराना चाहते थे और अपनी मांगों पर एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे। पार्टी के कई नेताओं को कांग्रेस कार्यालय पहुंचने से रोक दिया गया।

### त्रिपुराः अवैध प्रवासियों का पता लगाने को एसआईटी का गठन

**अगरतला।** त्रिपुरा के पश्चिम त्रिपुरा जिले में बांग्लादेश और म्यांमा से आने वाले प्रवासियों का पता लगाने, उनकी पहचान करने और उन्हें निर्वासित करने के लिए 15 सदस्यीय विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया है।

टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के अध्यक्ष प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने इस कदम के लिए पुलिस को धन्यवाद दिया और स्थानीय लोगों से ऐसे किसी भी अवैध प्रवासी की सूचना देने को कहा। इस कार्य के लिए गठित 15 सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व एक वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक कर रहे हैं, जबकि सभी पुलिस थानों के प्रभारी अधिकारी (ओसी) भी इसमें शामिल हैं। एसपी किरण कुमार ने में कहा, अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी/रोहिंग्याओं के निर्वासन के वास्ते पश्चिम त्रिपुरा जिला पुलिस के लिए जिला-स्तरीय विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया गया है।

## खरड़ से आप विधायक अनमोल गगन मान ने दिया पद से इस्तीफा

चंडीगढ़, एजेंसी



- एक्स पर किया खुलासा, बोलीं- राजनीति छोड़ रही हूं

आप नेता अनमोल गगन मान ने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से रविवार को इस्तीफा दे दिया और कहा कि उन्होंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। अनमोल गगन मान (35) खरड़ विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुई थीं।

उन्होंने एक्स पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने पंजाब विस अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां से इस्तीफा स्वीकार करने का आग्रह किया है। मान ने 'एक्स' पर पंजाबी में कहा, मैंने भारी मन से राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। अध्यक्ष को दिया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, पार्टी के साथ मेरी शुभकामनाएं हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। गायिका से नेता बनीं मान ने यह नहीं बताया कि उन्होंने यह निर्णय क्यों किया। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# मानसून सत्र : सरकार को घेरने को इंडी गठबंधन तैयार

- सदन में पहलगाम हमला, ट्रंप के दावे और एसआईआर को प्रमुखता से उठाने का लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी



विपक्षी इंडी गठबंधन के 24 दलों के नेताओं ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को फैसला किया कि वे पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर को रोकने, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता के दावे, बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कई अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे।

विपक्षी गठबंधन के दलों के प्रमुख नेताओं ने ऑनलाइन बैठक की और उन्होंने तय किया कि शीघ्र ही वे बैठक करेंगे। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, सपा के रामगोपाल यादव, शिवसेना (उबाठा) के उद्धव ठाकरे, राजद के तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, भाकपा (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और कुछ अन्य नेता शामिल हुए। बैठक में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन शामिल नहीं हुए।

## कारोबार/कृषि

# भारत अमेरिका व्यापार समझौते को पांचवें दौर की वार्ता पूरी

## दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



- कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा किया

भारत और अमेरिका की टीमों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए 17 जुलाई को वाशिंगटन में पांचवें दौर की वार्ता पूरी कर ली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह वार्ता वाशिंगटन में चार दिन (14-17 जुलाई) तक चली।

अधिकारी ने कहा कि भारतीय टीम वापस आ रही है। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल वार्ता दल का नेतृत्व कर रहे हैं। ये विचार-विमर्श इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं, जब भारत सहित दर्जनों देशों पर लगाए गए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क (26 प्रतिशत) की निलंबन अवधि का अंतिम दिन है।

इस साल दो अप्रैल को, ट्रंप ने इन उच्च जवाबी शुल्कों की घोषणा की थी। उच्च शुल्कों के कार्यान्वयन को तुरंत 90 दिनों के लिए नौ जुलाई तक और फिर एक अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया था क्योंकि अमेरिका कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है।

### श्रम-प्रधान क्षेत्रों में शुल्क रियायत की भारत कर रहा मांग

प्रस्तावित व्यापार समझौते में देश श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले के लिए शुल्क रियायत की भी मांग कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, वाहन, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, कृषि वस्तुओं, डेयरी उत्पादों, सेब, मेवे और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।

### कृषि और वाहन से जुड़े मुद्दों पर दोनों पक्षों में हुई चर्चा

पांचवें दौर की वार्ता में कृषि और वाहन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं और 'स्कॉमेट' (विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी) से निपटने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। कुछ किसान संगठनों ने सरकार से आग्रह किया है कि व्यापार समझौते में कृषि से जुड़े किसी भी मुद्दे को शामिल न किया जाए।

### अतिरिक्त शुल्क हटाने को लेकर भारत ने रखा अपना पक्ष

भारत इस अतिरिक्त शुल्क (26 प्रतिशत) को हटाने की मांग कर रहा है। वह इस्पात और एल्युमीनियम (50 प्रतिशत) और वाहन (25 प्रतिशत) क्षेत्रों पर शुल्क में ढील की भी मांग कर रहा है। इनके विरुद्ध, भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत प्रतिशोधात्मक शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

## वीजा-आव्रजन नियम का व्यापार में प्रभाव

वीजा और आव्रजन नियम किसी देश में व्यापारियों के प्रवेश, निवास व कामकाज के अधिकार को नियंत्रित करते हैं। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए ये नियम वैश्विक व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाले कारक होते हैं। इनसे विदेशी निवेश, कुशल श्रम की आवाजाही, तकनीकी सहयोग, और निर्यात क्षेत्र में अवसर मिलते हैं। वहीं, इनकी जटिलता या कठोरता व्यापार में रुकावट बन सकती है।

बात काम की



### वीजा और आव्रजन के नियम

वीजा वह अनुमति है जो किसी विदेशी को दूसरे देश में प्रवेश, काम या अध्ययन करने की सुविधा देती है। आव्रजन नियम किसी देश में स्थायी या अस्थायी रूप से बसने के लिए बनाए कानूनी ढांचे हैं। ये नियम श्रमिकों, छात्रों, निवेशकों और उद्यमियों के लिए अलग-अलग होते हैं।

### भारत को इन नियमों से लाभ

- **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश :** सरल वीसा नियम विदेशी निवेशकों को आकर्षित करते हैं, जिससे भारत में उद्योग और तकनीक को बढ़ावा मिलता है।
- **तकनीकी विशेषज्ञता का आदान-प्रदान :** विदेशी तकनीकी विशेषज्ञों का भारत आना आसान होता है, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में सुधार होता है।
- **सेवा क्षेत्र में वृद्धि :** आईटी, हेल्थकेयर, शिक्षा आदि क्षेत्रों में विदेशी ग्राहकों और विशेषज्ञों की आवाजाही आसान होती है।

### व्यापार में संभावित हानि

- **ब्यूरोक्रेटिक जटिलता :** यदि वीसा प्रक्रिया जटिल और धीमी है तो विदेशी निवेशक और साझेदार हतोत्साहित होते हैं।
- **अप्रवास विरोधी रवैया :** कुछ देशों के कड़े आव्रजन नियम भारतीय व्यवसायों को प्रभावित करते हैं, जैसे एच1बी वीजा पर अमेरिका की नीतियां।

# भारत-ईएफटीए समझौता एक अक्टूबर से किया जाएगा लागू : केंद्रीय मंत्री गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत को यूरोपीय समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता हुई प्राप्त

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत, भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और तराशे व पॉलिश किए हुए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति दी गई है। गोयल ने एक्स पर कहा, भारत-ईएफटीए समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। इस संगठन ने 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसके तहत समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्षों में 50 अरब डॉलर और पांच वर्षों में 50 अरब डॉलर का निवेश होगा, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इस ब्लॉक में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड है। शेष तीन देशों के साथ भारत का व्यापार कम है।

## भारत का चाय निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 2.85% बढ़ा

**कोलकाता।** पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में भारत का चाय निर्यात सालाना आधार पर 2.85% बढ़कर 25.79 करोड़ किलो हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

2023-24 में देश का चाय निर्यात 25.07 करोड़ किलो था। चाय बोर्ड के अनुसार, 2024-25 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात की मात्रा 16.12 करोड़ किलो तक पहुंच गई, जो 2023-24 के 14.90 करोड़ किलो से 8.15% की वृद्धि है। इसी प्रकार] दक्षिण भारत से निर्यात 2024-25 में 4.92% घटकर 9.67 करोड़ किलो रह गया, जो उससे पिछले वित्त वर्ष में 10.17 करोड़ किलो था। प्रति किलो चाय निर्यात का मूल्य बढ़कर 290.97 रुपये हो गया, जो 2023-24 के 258.30 रुपये से 12.65% की वृद्धि दर्शाता है। कैलेंडर वर्ष 2024 में चाय निर्यात 25.62 करोड़ किलो तक पहुंच गया, जो 2023 की तुलना में 10.57% की वृद्धि है।

# देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात हुआ 40 अरब डॉलर

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पिछले 11 वर्षों में आठ गुना वृद्धि के साथ 40 अरब डॉलर को पार कर गया है। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़ गया है। आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह में वैष्णव ने देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तेज प्रगति का जिक्र भी किया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है।

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि 11 वर्षों में, हमने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को छह गुना बढ़ाया है। यह दोहरे अंकों की वृद्धि है। हमने निर्यात को आठ गुना बढ़ाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 40 अरब डॉलर के निर्यात को पार किया। यह वृद्धि की अभूतपूर्व गति है, जो बहुत कम देशों ने पहले कभी देखी है। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया और कहा कि साढ़े तीन वर्षों में, भारत संपूर्ण 4जी दूरसंचार स्टैक डिजाइन कर सकता है। आज, यह 90,000 दूरसंचार टावरों पर स्थापित है, जो दुनिया के कई देशों के नेटवर्क से भी अधिक है।

### देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप 2025 में होगी पेशः अश्विनी वैष्णव



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि घरेलू स्तर पर निर्मित देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप इस साल जारी होने की उम्मीद है। वैष्णव ने केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के 85वें स्थापना दिवस पर कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उद्योग में महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। आज कुछ सबसे जटिल चिप हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे, गुरुग्राम और चेन्नई जैसे शहरों में डिजाइन किए जाते हैं। अब हम सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण शुरू कर रहे हैं। हमने पहले ही छह सेमीकंडक्टर संयंत्र को मंजूरी दे दी है। उनका निर्माण कार्य जारी है। हमारे पास 2025 में पहली भारत निर्मित (सेमीकंडक्टर) चिप होगी। इंडिया एआई मिशन के तहत नि :शुल्क डेटासेट और अन्य सामग्री अपलोड की जा रही है।

## एक नजर



इंग्लैंड की कप्तान नैटली सिवर-ब्रंट टॉस करती हुईं साथ में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर। • एजेंसी

### भारतीय महिला टीम ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को दिया 144 रनों का लक्ष्य

**लंदन :** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे में इंग्लैंड के खिलाफ 29 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन बनाए। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 51 गेंद में 42 रन की पारी खेली जबकि दीप्ति शर्मा 30 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टोन सबसे सफल गेंदबाज रही, उन्होंने छह ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट झटके। लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने में विलंब हुआ और इसे 29-29 ओवर का कर दिया गया। भारत तीन मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाए है।

### हैदराबाद करेगा दूसरे महिला कबड्डी विश्वकप की मेजबानी

**हैदराबाद :** बिहार के हटने के बाद हैदराबाद तीन से 10 अगस्त तक चलने वाले महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) द्वारा भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) के सहयोग से हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विश्वकप में 14 टीमें भाग लेंगी। भारत के अलावा, ईरान, बंगलादेश, नीदरलैंड, जापान, पोलैंड, यूगांडा, केन्या, हंगरी, थाईलैंड, नेपाल, जर्मनी और अर्जेंटीना महिला कबड्डी विश्वकप के दूसरे संस्करण में भाग लेने की पुष्टि कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट मूल रूप से बिहार के राजगीर में आयोजित होना था, लेकिन राज्य द्वारा मेजबानी से हटने के बाद इसे हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया। हैदराबाद 2005 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुका है। बिहार ने 2012 में पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप के पहले संस्करण की भी मेजबानी की थी। इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया था। भारत ने फाइनल में ईरान को 25-19 से हराकर खिताब जीता था।

### निजी कारणों से यॉर्कशर के लिए नहीं खेल पाएंगे गायकवाड़

**लंदन :** भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ निजी कारणों से यॉर्कशर की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने यॉर्कशर के साथ पांच मैचों में खेलने के लिए समझौते पर सहमति व्यक्त की थी, जिसकी शुरुआत 22 जुलाई को स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ मैच से होनी थी। लेकिन यॉर्कशर ने एक बयान में पुष्टि की कि गायकवाड़ उपलब्ध नहीं होंगे। यॉर्कशर के मुख्य कोच एंथनी मैकग्रा ने कहा दुर्भाग्यवश गायकवाड़ निजी कारणों से अब काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे। यह निराशाजनक है। मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा। हमें अभी-अभी पता चला है। इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स और रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी करने वाले गायकवाड़ ने छह वनडे और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। कोहनी की चोट के कारण वह इस साल आईपीएल में केवल पांच मैच खेल पाए थे।

### भारत के अर्जुन काढे और विजय सुंदर स्विस ओपन से बाहर

**नई दिल्ली :** भारत के अर्जुन काढे और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी स्विस ओपन के सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती और जर्मनी के हेंडरिक जेबेंस से सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गई। काढे और प्रशांत को एक घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले में 7.5, 7.5 से पराजय मिली। काढे ने पिछले साल भारत के ही रित्विक बोलीपल्ली के साथ अलमाटी ओपन खिताब जीता था। इस साल एटीपी टूर पर भारत की तीन अलग अलग जोड़ियां खेल रही है। एन श्रीराम बालाजी और बोलीपल्ली के अलावा जीवन नेदुंचेझियान तथा निकी कल्याण पूनाचा भी साथ खेल रहे हैं।



बिहार की भाला फेंक खिलाड़ी अंजनी कुमारी शनिवार को पटना में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीटिंग 2025 के दौरान प्रतिस्पर्धा करती हुईं। • एजेंसी

# ध्रुव जुरेल को मैनचेस्टर टेस्ट में मिल सकती है अंतिम एकादश में जगह

## बेकेनहम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड पर टीम इंडिया ने किया अभ्यास

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारतीय अभ्यास सत्र के दौरान बेकेनहम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड से गेंद नेट्स के बाहर आ रही थी। बल्ले से गेंद टकराने के बाद टुक, टुक, टुक की एक मधुर आवाज भी आ रही थी जो खाली पड़े मैदान में गूंज रही थी। शॉट्स इतने ताकतवर थे कि गेंद सीधे प्लास्टिक की सीटों पर जाकर गिर रही थी, लॉन्ग ऑन से लेकर पेड़ों के बीच होते हुए ध्रुव जुरेल के लॉफ्टेड शॉट्स काऊ कॉर्नर तक पहुंच रहे थे। जुरेल सफेद टी-शर्ट में बेहद सहज अंदाज में आक्रामक शॉट्स खेल रहे थे।

**भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल की गेंदों पर लगाए शॉट :** जुरेल के सामने अब थे पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल, जो 20 यार्ड से गेंदबाजी कर रहे थे। मॉर्कल उनके स्टंप्स और ऑफ स्टंप के बाहर बल्ले के किनारे को निशाना बना रहे थे। जुरेल उनके सामने तकनीकी तौर पर बिल्कुल सहज थे और अच्छे फुटवर्क के साथ डिफेंस कर रहे थे। जुरेल का डिफेंस इसलिए भी अच्छा हो रहा था क्योंकि यही उनकी खासियत है, जब से उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू किया है तब से ही उनकी तकनीक डिफेंस और आक्रामक खेल दोनों में ही शानदार है। जिस वजह से उनकी बल्लेबाजी बेहद सहज नजर आती है।

**सैनिक जैसा दिख रहा आत्मविश्वास :** भारतीय सैनिक के पुत्र जुरेल की शारीरिक भाषा भी एक सैनिक की ही तरह है, वह सीना चौड़ा कर चलते हैं और हमेशा आत्मविश्वास से लबरेज नजर आते हैं। जिस समर्पण और दिमागी तौर से बिल्कुल स्पष्ट अंदाज में वह खेलते हैं उसी की बदौलत कम समय में ही उन्होंने भारत के लिए मैच जिताऊ पारियां खेल ली हैं। इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में धीमी और कम उछाल वाली पिच पर भी उन्होंने बेहतरीन 90 रन की पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से भी नवाजा गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अभ्यास मैच में एक मुश्किल पिच पर उन्होंने 80 और 68 रन की पारियां खेली थी। जुरेल ने इस दौरे पर भी इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ दो मैचों में तीन अर्धशतक जड़ते हुए बतौर बल्लेबाज अंतिम ग्यारह में दस्तक दे दी थी।



ध्रुव जुरेल।

### भारतीय सहायक कोच कर चुके हैं इशारा

**मैनचेस्टर :** ध्रुव जुरेल अब तक तीनों ही टेस्ट में अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाए हैं, लेकिन गुरुवार को भारतीय सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे ने इस बात का इशारा कर दिया है कि जुरेल हमारे विकल्पों में शामिल हैं। बतौर विकेटकीपर भी जुरेल को कई एक्सपर्ट काफी बेहतरीन मानते हैं। स्काई क्रिकेट के साथ बातचीत में पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने भी जुरेल की जमकर तारीफ की। कार्तिक के मुताबिक जुरेल के पास एक बेहतरीन तकनीक है और विकेट के पीछे उनका संतुलन भी लाजवाब है जिसका उदाहरण है ऑली पोप का वह कैच जो उन्होंने लपका था।

### विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों के लिए कर रहे हैं प्रयास

गुरुवार को भारतीय फील्डिंग कोच टी दिलिप के मार्गदर्शन में जुरेल ने विकेटकीपिंग अभ्यास भी किया था। ऋषभ पंत को लॉर्ड्स टेस्ट में उंगली में चोट लगी थी जिसके बाद उन्होंने उस टेस्ट में विकेटकीपिंग नहीं की थी। अभ्यास सत्र में भी उन्होंने विकेटकीपिंग दस्ताने नहीं पहने हैं, हालांकि बतौर बल्लेबाज उनका खेलना तय माना जा रहा है। यानी पंत और जुरेल दोनों ही ग्यारह में रहते हैं तो फिर जुरेल के लिए कौन बाहर जाएगा? करुण नायर, नीतीश रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। हालांकि नायर ने भले ही इस सीरीज में मिली शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं किया है लेकिन उम्मीद है कि मैनेजमेंट उनपर अभी और भरोसा जताएगा और मौका देगा। सुंदर भी अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं क्योंकि उन्होंने अब तक गेंद और बल्ले दोनों से ही प्रभावित किया है और मैनचेस्टर की पिच में स्पिनरों के लिए थोड़ी मदद रहने की भी गुंजाइश होती है। कुल मिलाकर रेड्डी को ही जुरेल के लिए रास्ता खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बतौर बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न टेस्ट में शतक लगाने के अलावा कुछ खास नहीं कर पाए हैं। जुरेल के लिए स्थिति सुखद है और वह अपने करियर का पांचवां टेस्ट खेलने के बेहद क़रीब हैं। हां भारतीय टीम मैनेजमेंट के लिए ये एक मीठा सिरदर्द जरूर होगा।

### पुजारा के जीवन पर लिखी पत्नी की किताब लंदन में लांच




**लंदन :** पूजा पुजारा की अपने पति और भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पर लिखी किताब 'द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर वाइफ' को लार्ड्स क्रिकेट मैदान की लाइब्रेरी में जगह मिली है जिसे शुक्रवार को आधिकारिक रूप से लंदन के नेहरू सेंटर में लांच किया गया। किताब की लेखिका पूजा का कहना है कि इस किताब में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। इसमें पूजा ने एक पत्नी के मैदान के बाहर के नजरिए से भारतीय बल्लेबाज के 2010 से 2023 तक के अंतरराष्ट्रीय करियर की उपलब्धियों और संघर्षों के बारे में लिखा है।

# गिल की असली परीक्षा अब होगी शुरू : चैपल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है और युवा कप्तान के रूप में अपनी क्षमता की झलक दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब शुरू होगी जबकि भारत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से पीछे चल रहा है। दोनों टीमें 23 जुलाई से मैनचेस्टर में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में आमने-सामने होंगी।

चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो में अपने कॉलम में लिखा भारतीय टीम अब इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच की तैयारी कर रही है। ऐसे में अब सभी की नजरें उनके 25 वर्षीय कप्तान शुभमन गिल पर टिकी हैं। एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी के रूप में उन्होंने बल्लेबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और नेतृत्व क्षमता की झलक भी दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी। यह वह मौका है जो टेस्ट कप्तान के रूप में उनकी दिशा तय करेगा।

चैपल चाहते हैं कि गिल अपने प्रदर्शन से टीम के लिए मानदंड स्थापित करें। उन्होंने कहा गिल को यह दिखाना होगा कि वह भारत को किस तरह की टीम बनना चाहते हैं। कप्तान न केवल अपनी बातों से बल्कि अपने प्रदर्शन और स्पष्ट मानदंडों से टीम के अंदर माहौल तय करता है।

# स्विटजरलैंड को हराकर स्पेन महिला यूरो के सेमीफाइनल में



महिला यूरो 2025 के क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड को हराने के बाद जश्न मनाती स्पेन की खिलाड़ीं। • एजेंसी

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

स्पेन ने दो पेनल्टी चूकने के बावजूद मेजबान स्विट्जरलैंड को 2-0 से हराकर इतिहास में दूसरी बार महिला यूरो फुटबाल मैच के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल के पहले हॉफ में पिना ने स्पेन के लिए कई मौके बनाए, लेकिन मेजबान टीम की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। स्पेन की फॉरवर्ड एथीनिया डेल कैस्टिलो ने बेंच से उतरकर स्कोरिंग की शुरुआत की और क्लाउडिया पिना ने शानदार दूसरा गोल किया। स्पेन का सेमीफाइनल में मुकाबला फ्रांस या जर्मनी से होगा।

**फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम**

### अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल में लेवोन अरोनियन से हारकर हुए बाहर

**लास वेगास (अमेरिका) :** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में स्वप्निल सफर सेमीफाइनल में आर्मेनिया के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका की तरफ से खेल रहे लेवोन अरोनियन से 0-2 से हार के साथ समाप्त हो गया। एरिगैसी ने प्रतियोगिता में इससे पहले शानदार प्रदर्शन किया था तथा वह फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। अरोनियन के खिलाफ वह अपनी जादुई लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें दोनों बाजियों में हार का सामना करना पड़ा। इस भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए प्रारंभिक दौर के प्ले-ऑफ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को तथा क्वार्टर फाइनल में हिकारू नाकामुरा को हराया था। अरोनियन के खिलाफ भी पहली बाजी में वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे लेकिन मौकों को भुनाने में असफल रहे। अरोनियन ने मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी और अर्जुन बढ़त का फायदा नहीं उठा सके।



# रसेल ने सेमीफाइनल में जीत को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बताया

**जमैका, एजेंसी**

आंद्रे रसेल अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने की तैयारी कर रहे हैं, और जमैका के इस ऑलराउंडर ने 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेली गई अपनी तेज-तर्रार पारी को वेस्टइंडीज के लिए अपना सबसे गौरवपूर्ण पल बताया है। 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में घरेलू मैदान पर भारत के 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंद्रे रसेल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, जब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों पर 77 रनों की जरूरत थी।

रसेल ने क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) को दिए एक साक्षात्कार में कहा निश्चित रूप से (मेरा सबसे अच्छा पल) 2016 विश्व कप था, भारत के खिलाफ वह सेमीफाइनल मैच जहां मैंने और लेंडल सिमंस ने टीम को जीत दिलाई, और जाहिर है कि हमें दूसरे बल्लेबाजों से जो शुरुआत मिली वह भी शानदार थी।



आंद्रे रसेल। एजेंसी

अपनी विस्फोटक शैली की एक विशिष्ट पारी में, आंद्रे रसेल ने मात्र 20 गेंदों पर 43 रन बनाकर वेस्टइंडीज को दो गेंद शेष रहते जीत दिलाई। उन्होंने विराट कोहली की गेंद पर चौका लगाकर जीत पक्की कर दी। भारत में हुए उस सेमीफाइनल में 190 से ज्यादा रनों का पीछा करते हुए, दर्शकों का समर्थन सिर्फ भारत के पक्ष में था, लेकिन विकेट बहुत अच्छा था, इसलिए हमारा आत्मविश्वास बढ़ा था।

### 22 जुलाई को खेलेंगे आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच

आंद्रे रसेल ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क, जमैका में खेले जाने वाले पहले दो टी20 के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। सीरीज के पहले मैच से कुछ दिन पहले, रसेल ने अपने क्रिकेट करियर को गर्व से याद किया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा एहसास है, जब मैं पहली बार एक बच्चे के रूप में सबीना पार्क आया था, और फिर घास पर चलना, माहौल को महसूस करना, स्टैंड्स और हर चीज को देखना, और अब तक, मैंने पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट से बहुत कुछ हासिल किया है। मैंने वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करते हुए हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रसेल ने आगे कहा मुझे लगता है कि यह मेरे अंतर्राष्ट्रीय करियर के अंत के लिए एकदम सही मैदान और एक अच्छी श्रृंखला है - एक अच्छी टीम, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी।

## हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों की घोषणा की

**बेंगलुरु :** हॉकी इंडिया ने यहां 21 जुलाई से 29 अगस्त तक भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र (साइ) पर होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। पांच सितंबर से चीन के हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप को देखते हुए यह शिविर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह टूर्नामेंट 2026 एफआईएच महिला विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने का भी जरिया होगा।

### भारतीय सीनियर कोर ग्रुप की सूची

**गोलकीपर :** सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी, माधुरी किंडो, समीक्षा सक्सेना।

**डिफेंडर :** महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति, अक्षता ढेकाले, अंजना डुंगडुंग, सुमन देवी।

**मिडफील्डर :** सुजाता कुजूर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, महिमा टेटे, अलबेला रानी टोप्पो, पूजा यादव।

**फॉरवर्ड :** दिपिमोनिका टोप्पो, रितिका सिंह, दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रूतुजा पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, अन्नु, चंदना जगदीश, काजल अत्पडकर।

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक नए युग की शुरुआत करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में दी जानकारी
- खेल समुदाय के लिए यह एक ऐतिहासिक विधेयक है जिसके जल्द कानून बनने की उम्मीद

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का मानना है कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में पेश होने वाला राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक भारत में खेलों के लिए एक 'नए युग' की शुरुआत करेगा। रिजिजू 2019 से 2021 के बीच दो वर्षों के लिए केंद्रीय खेल मंत्री रहे थे। वह मौजूदा खेल मंत्री मनसुख मांडविया के उन पूर्ववर्तियों में शामिल है, जिन्होंने देश के खेल प्रशासकों और अन्य हितधारकों से बात करके विधेयक के लिए आम सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अरुणाचल पश्चिम से लोकसभा सांसद 53 वर्षीय रिजिजू ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह इस विधेयक के शीघ्र ही कानून बनने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा खेल समुदाय के लिए यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने खेलों के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए ऐसा दूरदर्शी विचार रखा है। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में सुशासन के लिए एक ढांचा तैयार करना है। इसमें एक नियामक बोर्ड के गठन का भी प्रावधान है, जिसके पास अच्छे प्रशासन से संबंधित प्रावधानों के अनुपालन के आधार पर एनएसएफ को मान्यता प्रदान करने तथा वित्त पोषण का फैसला करने का अधिकार होगा। नियामक बोर्ड उच्चतम प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा। एनएसएफ को कई वर्षों तक चली व्यापक चर्चा के बाद शामिल किया गया है, जिसमें पिछले साल मांडविया के कार्यभार संभालने के बाद तेजी आई थी।

विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मुकदमेबाजी में कमी लाने के लिए नैतिक आयोग और विवाद समाधान आयोग के गठन का भी प्रस्ताव है, जिसके कारण कभी-कभी चयन से लेकर चुनाव तक के मुद्दों पर खिलाड़ियों और प्रशासकों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो जाती है। आईओए ने इसका विरोध किया है। उसका मानना है कि नियामक बोर्ड सभी एनएसएफ के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। वर्तमान में आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा ने तो यहां तक कह दिया है कि सरकारी हस्तक्षेप के कारण अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) भारत को निलंबित भी कर सकती है।

खेल मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान खेल प्रशासकों की स्वायत्तता, लेकिन अधिक जवाबदेही की वकालत करने वाले रिजिजू ने कहा कि उन्हें संसद में इस विधेयक के सुचारू रूप से पारित होने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा दो (अन्य) चीजें हैं - खेलो भारत नीति और डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों (डोपिंग रोधी और खेल प्रशासन) को एक साथ मिला दिया जाएगा और हम संसद में इस पर चर्चा करेंगे। रिजिजू ने कहा नया खेल विधेयक पारित हो जाने के बाद देश में नई खेल संस्कृति की शुरुआत होगी। डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 में पारित किया गया था, लेकिन विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने इसको लेकर कुछ आपत्तियां व्यक्त की थी जिसके कारण यह लागू नहीं हो पाया था।



### आईओसी से ली गई है सलाह

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि प्रस्तावित विधेयक का मसौदा तैयार करते समय आईओसी से सलाह ली गई है। आईओसी का इसमें शामिल होना बेहद जरूरी है क्योंकि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए प्रयासरत है।

# चीन ने ब्रह्मपुत्र पर सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू किया

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर 167.8 अरब डॉलर की लागत से बांध का निर्माण शनिवार को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया।

सरकारी मीडिया की खबर के अनुसार, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने न्यिंगची शहर में ब्रह्मपुत्र नदी के निचले क्षेत्र में आयोजित समारोह में बांध के निर्माण कार्य के शुरू होने की घोषणा की। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार यह समारोह तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्यिंगची मेनलिंग जलविद्युत स्टेशन के बांध स्थल पर आयोजित हुआ। दुनिया की सबसे बड़ी परियोजना मानी जाने वाली इस जलविद्युत परियोजना ने भारत और बांग्लादेश में चिंता पैदा कर दी है। इस परियोजना में पांच जलविद्युत स्टेशन होंगे। वर्ष 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार जल विद्युत स्टेशन से प्रत्येक वर्ष 300 अरब किलोवाट घंटे से अधिक बिजली पैदा होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग और चीन के विद्युत निर्माण निगम समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने समारोह में हिस्सा लिया।



● तिब्बती क्षेत्र में निर्माण, भारत और बांग्लादेश की चिंताएं बढ़ीं

# अवैध सट्टा : गूगल मेटा के अधिकारियों को ईडी ने तलब किया

**नई दिल्ली।** ईडी ने कई अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के खिलाफ धनशोधन के आरोपों की जारी जांच के तहत प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा और गूगल के प्रतिनिधियों को तलब किया है।

अधिकारियों को 21 जुलाई को यहां एजेंसी के समक्ष पेश होने और पीएमएलए के तहत बयान दर्ज कराने को कहा गया है। दोनों कंपनियों की अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। संघीय एजेंसी अवैध सट्टेबाजी और जुए के लिंक साझा करने वाले कई प्लेटफॉर्म की जांच कर रही है, जिसमें विभिन्न इंटरनेट-आधारित सोशल मीडिया संस्थान और ऐप स्टोर्स पर उनके लिए उपलब्ध किये गए विज्ञापनों के उदाहरण भी शामिल हैं।

# विकसित देशों का सबसे बड़ा हथियार आर्थिक प्रतिबंध

बमबारी और तोपों से पहले दूसरे देशों को पस्त करने के लिए आर्थिक प्रतिबंधों का इस्तेमाल किया जाता है। आर्थिक प्रतिबंध ऐसे नीतिगत उपाय होते हैं जिनमें किसी देश, संगठन या व्यक्ति पर आर्थिक, व्यापारिक या वित्तीय सीमाएं लगा दी जाती हैं। आमतौर पर ये प्रतिबंध मानवाधिकार उल्लंघन, युद्ध, परमाणु कार्यक्रम, आतंकवाद आदि के खिलाफ दबाव बनाने के लिए लगाए जाते हैं लेकिन विकसित देशों ने अब इन्हें अपनी शर्तें मनवाने का हथियार भी बना लिया है। व्यापार प्रतिबंध के तहत आयात/निर्यात पर रोक लगाई जाती है तो वित्तीय प्रतिबंध के तहत बैंकिंग और फंड ट्रांसफर की रोकथाम की जाती है। सेक्टोरल प्रतिबंधों में विशेष क्षेत्र जैसे ऊर्जा, रक्षा, तकनीक को निशाना बनाना शामिल है।

## कब और क्यों हुई शुरुआत

- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूएन और पश्चिमी शक्तियों विशेषकर अमेरिका ने औपचारिक प्रयोग शुरू किया था।
- शीत युद्ध के दौरान अमेरिका ने सोवियत संघ और उसके सहयोगियों के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंधों का बड़े पैमाने पर प्रयोग किया।
- 1990 के दशक में ईराक में सद्दाम हुसैन शासन पर प्रतिबंधों ने इस नीति को वैश्विक मान्यता दिलाई। इसके बाद ये आम बात हो गई।




## देशों पर क्या होता है असर

- **सकारात्मक :** भूराजनीतिक दबाव का हथियार, वैश्विक नियमों के उल्लंघन पर नियंत्रण और घरेलू जनसमर्थन को बढ़ावा।
- **नकारात्मक :** आर्थिक मंदी जैसे जीडीपी और व्यापार में गिरावट, जरूरी वस्तुओं का महंगा होना, उद्योगों पर असर होने से बेरोजगारी।

## प्रमुख उदाहरण

- हाल ही में ईरान पर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने उसके परमाणु कार्यक्रम के चलते प्रतिबंध लगाए जिससे उसके तेल निर्यात में गिरावट आई और मुद्रा अवमूल्यन हुआ।
- रूस पर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने 2014 में क्रीमिया अधिग्रहण और 2022 यूक्रेन युद्ध के कारण प्रतिबंध लगाए। इससे उसे सामने भीषण आर्थिक संकट झेलना पड़ा।
- उत्तर कोरिया पर संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने परमाणु परीक्षण के चलते प्रतिबंध लगाए जिसे वैश्विक व्यापार से उसका कटाव हो गया और खाद्य संकट झेलना पड़ा।
- वेनेजुएला पर अमेरिका ने चुनावी धांधली और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप में प्रतिबंध लगाए, इससे देश में तेल उत्पादन में गिरावट आई और महंगाई बढ़ गई।

## ब्रिक्स देशों की पहल

- ब्रिक्स के सदस्य देश प्रतिबंधों के जवाब में डॉलर के विकल्प की तलाश कर रहे हैं। दरअसल, डॉलर आधारित वैश्विक व्यवस्था में अमेरिका को शक्ति मिलती है कि वह अपने वित्तीय संस्थानों के माध्यम से किसी भी देश को आर्थिक रूप से अलग-थलग कर सके।
- ब्रिक्स सदस्य देश इससे बचाव के लिए स्थानीय मुद्राओं में व्यापार, ब्रिक्स पेमेंट सिस्टम, डिजिटल करेंसी और खुद का विकास बैंक स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिका इससे नाराज है और इन देशों पर दबाव बनाने की लगातार कोशिश कर रहा है।

## क्या हैं संभावनाएं

आर्थिक प्रतिबंध एक सशक्त लेकिन विवादास्पद हथियार है जिसका प्रयोग पश्चिमी देश अपने भू-राजनीतिक हितों के लिए करते हैं। ब्रिक्स जैसे समूहों का वैकल्पिक व्यवस्था की ओर झुकाव एक भविष्य की बहुध्रुवीय दुनिया की ओर संकेत करता है। ब्रिक्स देशों के सफल होने से विकासशील देशों को आर्थिक आजादी मिल सकती है, लेकिन इसके लिए दीर्घकालिक सामंजस्य जरूरी है।

## एक नजर

### बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 28 जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुंछ जिले में 13 दिवसीय बूढ़ा अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्रवक्ता ने कहा, पहला जत्था 28 जुलाई को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना होगा और सुरक्षा के बीच पुंछ की मंडी तहसील की ओर बढ़ेगा। राजौरी और पुंछ के उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे मार्ग पर बिजली आपूर्ति, पेयजल, लंगर, पार्किंग, वाटरप्रूफ टेंट और शौचालय सहित आवश्यक सुविधाओं के साथ पर्याप्त आवास सुनिश्चित करें।

### बीएसएफ कर्मी भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बीएसएफ के सहायक लेखा अधिकारी को एक ठेकेदार से 40,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि लोक लेखा कार्यालय में कार्यरत धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने ठेकेदार के लंबित बिलों को मंजूरी देने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। वर्मा ने कुल बिल की 15 से 20 प्रतिशत राशि यानी लगभग दो लाख रुपये की कथित तौर पर मांग की। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी और अन्य अज्ञात व्यक्ति शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये रिश्वत लेने पर सहमत हो गए।

### पाकिस्तान: दो दिन के लिए बंद किए कुछ हवाई मार्ग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी ने अनिर्दिष्ट परिचालन कारणों से अगले सप्ताह दो दिन के लिए चुनिंदा हवाई यातायात मार्गों को बंद करने की घोषणा की है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) में कहा, 22 और 23 जुलाई को सुबह 5:15 से रात 8:15 बजे तक चुनिंदा हवाई यातायात मार्ग बंद रहेंगे। पीएए ने कहा, कराची और लाहौर उड़ान सूचना क्षेत्र के अंतर्गत चुनिंदा मार्ग परिचालन कारणों के चलते उपलब्ध नहीं हैं। पीएए ने संकेत दिया गया है कि परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण ये मार्ग सभी विमानों के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

### युवा अकाली दल अध्यक्ष झिंजर घर में नजरबंद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार तड़के युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर को उनके परिवार सहित घर में नजरबंद कर दिया। झिंजर के एक्स पर बताया कि, सुबह चार बजे से ही पंजाब पुलिस के 8-10 जवान बिना कोई कारण बताए उनके घर में घुस आए। अन्य पुलिस अधिकारियों ने परिसर को घेर लिया है। पूरे परिवार के फ़ोन ज़ब्त कर लिए गए हैं और उन्हें नज़रबंद कर दिया गया है। फिर भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

# ओबामा के अफसरों का प्रोपेगंडा थी चुनाव में रूसी हस्तक्षेप की अफवाह

## खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने जारी की रिपोर्ट, न्यायिक कार्रवाई शुरू होगी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने शनिवार को एक रिपोर्ट जारी कर आरोप लगाया कि ओबामा प्रशासन के अधिकारियों ने 2016 के चुनाव में रूसी हस्तक्षेप से संबंधित खुफिया जानकारी फैलाई थी। गबार्ड ने एक बयान में दावा किया कि पूर्व अधिकारी एक देशद्रोही षड्यंत्र में शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय संभावित आपराधिक संदर्भों के लिए अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) को सबूत सौंप रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के कार्यालय ने शुक्रवार को खुलासा किया कि ओबामा प्रशासन ने 2016 चुनाव में रूस के तथाकथित हस्तक्षेप के मामले को तैयार किया जबकि खुफिया रिपोर्टें लगातार इसके विपरीत संकेत दे रही थीं। कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गबार्ड ने ठोस सबूत का खुलासा किया है जो दर्शाता है कि कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ 2016 का चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति ओबामा और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के सदस्यों ने खुफिया जानकारी का निर्माण और राजनीतिकरण किया।

डीएनआई ने पाया कि छह जनवरी 2017 को जारी रूस के चुनाव हस्तक्षेप पर खुफिया समुदाय (आईसी) का आकलन खुद उसी के द्वारा पिछले छह महीनों में किए गए आकलनों के विपरीत था जिसमें चुनाव से पहले किए गए आकलन भी शामिल थे। बयान में यह भी संकेत दिया गया कि ओबामा प्रशासन ने नौ दिसंबर, 2016 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद रूस के हस्तक्षेप की बात को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।





### मीडिया संस्थानों में लीक की गई थीं फर्जी खबरें

डीएनआई ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि बैठक के बाद ओबामा के अधिकारियों ने वाशिंगटन पोस्ट सहित मीडिया संस्थानों में भ्रामक बयान लीक किया जिसमें कहा गया था, रूस ने साइबर माध्यमों से चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया भले ही वह सक्रिय रूप से प्रभावित न कर सके। डीएनआई ने बयान में निष्कर्ष निकाला कि जनवरी 2017 का नया आईसी आकलन, स्टील डोजियर सहित, ट्रम्प के खिलाफ एक बदनाम अभियान के अंतर्गत झूठी सूचनाओं पर आधारित था। इसके परिणामस्वरूप राजनीतिक जांच एवं गिरफ्तारियां हुईं और अमेरिका-रूस में तनाव बढ़ गया।

### किए गए थे ट्रंप की रूस से मिलीभगत के दावे

पिछले सप्ताह फॉक्स न्यूज ने कहा था कि पूर्व सीआईए निदेशक जॉन ब्रेनन और मॉरीन कॉमी के पिता जेम्स के खिलाफ 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रूस के कथित हस्तक्षेप से संबंधित संभावित हेरफेर के लिए आपराधिक जांच चल रही है जिसमें कांग्रेस को गलत बयान देना भी शामिल है। 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के बाद, अमेरिकी अधिकारियों ने ब्रिटेन के पूर्व खुफिया अधिकारी क्रिस्टोफर स्टील के डोजियर पर भरोसा कर ट्रंप और रूस के बीच मिलीभगत के दावों की जांच की लेकिन इसे साबित करने में असमर्थ रहे। रूस ने अमेरिकी चुनावों सहित अन्य मामलों में हस्तक्षेप के अमेरिकी आरोपों का बार-बार खंडन किया।

# पटना अस्पताल हत्याकांड
## कोलकाता में पांच गिरफ्तार, पटना में पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड

**पटना/कोलकाता।** पटना के अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के मामले में लापरवाही के आरोप में पांच पुलिसकर्मियों को शनिवार को निलंबित कर दिया गया। उधर, कोलकाता के पास न्यू टाउन से पांच को गिरफ्तार किया गया है।

पटना (मध्य) की एसपी दीक्षा ने कहा कि निलंबित पुलिस कर्मियों में एक उपनिरीक्षक और दो सहायक उप निरीक्षक शामिल हैं। ये पुशास्त्री नगर थाने में तैनात थे। उधर, पटना पुलिस व पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने कोलकाता के पास न्यू टाउन से पांच लोगों को शनिवार तड़के एक फ्लैट से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया, इनमें चार लोग सीधे तौर पर हत्या में शामिल हैं। घटना के बाद ये लोग पटना से भागकर कोलकाता आ गए थे। बिहार पुलिस उन्हें एक स्थानीय अदालत में पेश कर 'ट्रांजिट रिमांड' का आग्रह करेगी। पुलिस ने शनिवार को तीन मुख्य आरोपियों के घरों पर नोटिस चस्पा कर उन्हें तुरंत आत्मसमर्पण का भी निर्देश दिया।

● तीन मुख्य आरोपियों के घर पुलिस ने चस्पा किए नोटिस

# युद्धविराम पर सहमत हुए इजराइल और सीरिया, क्षेत्र में शांति की उम्मीदें बढ़ीं

**मॉस्को, एजेंसी**

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने युद्धविराम पर सहमति जताई है। इस युद्धविराम के बाद क्षेत्र में शांति की उम्मीदें बढ़ गईं हैं।

अमेरिकी राजदूत टॉम बैरक ने यह घोषणा की। बैरक तुर्की में अमेरिकी राजदूत और सीरिया के लिए विशेष दूत भी है। उन्होंने सभी पक्षों से हथियार डालने और शांति की दिशा में काम करने का आग्रह किया है। बैरक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के समर्थन से एक ऐसे युद्धविराम पर सहमति जताई है जिसे तुर्की, जॉर्डन और उसके पड़ोसी देशों ने भी स्वीकार किया है। हम ड्रूज़, बेडौइन और सुन्नियों से हथियार डालने का आग्रह करते हैं और चाहते हैं कि वह अन्य अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर अपने पड़ोसियों के साथ शांति और समृद्धि में नए सीरिया का निर्माण करें।

तुर्की के विदेश मंत्रालय के सूत्र ने बताया कि विदेश मंत्री हाकन फिदान ने अमेरिकी विदेश मंत्री से फोन पर कहा कि उनका देश, सीरिया के भविष्य को सुनिश्चित करने और स्थायी रूप से संघर्ष और तनाव को समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार है। पिछले सप्ताह सशस्त्र बेडौइन समूहों ने सुवेदा प्रांत में कई ड्रूज़ बस्तियों पर हमला किया और ड्रूज़ आत्मरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई।

● अमेरिकी राजदूत ने सभी पक्षों से हथियार डालने और शांति के लिए काम करने की अपील की

### कांगो, रवांडा समर्थित विद्रोहियों में संघर्षविराम

**डाकर।** कांगो और रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने पूर्वी क्षेत्र में दशकों से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए शनिवार को कतर में एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत विद्रोही स्थाई युद्धविराम और एक महीने के भीतर हस्ताक्षरित एक व्यापक शांति समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं और शांति बहाली के लिए अंतिम समझौते पर 18 अगस्त से पहले हस्ताक्षर किए जाने हैं और यह समझौता कांगो एवं रवांडा के बीच जून में अमेरिका द्वारा आयोजित शांति समझौते के अनुरूप होगा।

# रूस के यूक्रेन पर 300 से ज्यादा ड्रोन हमले, ओडेसा में तबाही

**कीव, एजेंसी**

रूस ने शुक्रवार रात यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन से एक बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही, तीन साल पहले शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने के प्रयास सफल होने की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने 300 से अधिक ड्रोन से हमले किए और इसके साथ 30 से अधिक क्रूज मिसाइलें दागीं। शहर के मेयर हेन्नादी ट्रूखानोव ने शनिवार को 'टेलीग्राम' पर बताया कि रूसी सेना द्वारा काला सागर के तट पर स्थित ओडेसा शहर में 20 से अधिक ड्रोन और एक मिसाइल से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक ऊंची आवासीय इमारत में आग लग गयी। जेलेंस्की के अनुसार, ओडेसा पर हुए हमले में एक बच्चे सहित छह अन्य लोग घायल हो गए तथा यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।



● एक व्यक्ति की मौत और कई घायल, युद्ध समाप्त होने की उम्मीदें फिर हुईं धूमिल

### रूस को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही यूक्रेनी सेना

**कीव।** यूक्रेनी सेना रूस के खिलाफ कमजोर स्थिति के बावजूद हर संभव तरीके से अपनी स्थिति को मजबूत करने और रूस को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसमें ड्रोन का उपयोग करके रूसी सैनिकों और उपकरणों को नष्ट करना और इसके लिए अंक अर्जित करना शामिल है। सूत्रों के अनुसार हथियारों और संख्याबल में कमजोर यूक्रेनी सेना अपने कहीं ज्यादा शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी रूस के खिलाफ हर संभव फायदा उठाने की कोशिश कर रही है।

# वॉल स्ट्रीट जर्नल और मर्डोक पर 10 अरब डॉलर का मुकदमा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल और मीडिया जगत के दिग्गज रूपर्ट मर्डोक के खिलाफ 10 अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया। समाचार पत्र ने ट्रंप और बाल यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंधों पर एक खबर प्रकाशित की थी।

ट्रंप का नाम एक पत्र में सामने आया है जो 2003 में बाल यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को जन्मतिथि पर लिखा गया था। ट्रंप ने यह पत्र लिखने से इन्कार किया है। उन्होंने कहा था कि वह अखबार पर मुकदमा करेंगे। बाल यौन अपराधों के दोषी एपस्टीन की 2019 में जेल में मौत हो गई थी। मुकदमा मियामी की संघीय अदालत में दायर किया गया है, जिसमें अखबार और उसके पत्रकारों पर जानबूझकर झूठे और अपमानजनक बयान छापने का आरोप लगाया गया है।

## अमरनाथ यात्रा



जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान लोग। शनिवार को जम्मू से यात्रा के लिए छह हजार श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा में रवाना हुए। एजेंसी

# शाहरुख खान पहुंचे अमेरिका, चोट लगने की अभी पुष्टि नहीं

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान इन अटकलों के बीच अमेरिका पहुंचे हैं कि उन्हें मुंबई में अपनी एक्शन फिल्म 'किंग' की शूटिंग के दौरान चोट लग गई है। हालांकि, उनकी टीम की ओर से इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है।

मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रसारित रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख को इस सप्ताह की शुरुआत में गोल्डन टोबैको स्टूडियो में शूटिंग के दौरान पीठ में चोट लग गई थी। एक टीवी चैनल की खबर के अनुसार, शाहरुख के घायल होने की खबरें झूठी हैं। शाहरुख पहले भी अन्य फिल्मों की शूटिंग के दौरान चोटिल हो चुके हैं और उनकी पुरानी चोटें उभरने के कारण वह इलाज के लिए अमेरिका जाते रहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर अभिनेता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# हुर्रियत बीती बात, भारत में आगे बढ़कर अपनी जगह ढूंढें कश्मीरी

**श्रीनगर, एजेंसी**

पूर्व अलगाववादी नेता बिलाल गनी लोन ने कहा है कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस अपनी अप्रासंगिकता के लिए खुद जिम्मेदार है और अब वह निष्क्रिय अवस्था में है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में गड़बड़ी और दरार पैदा करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की।

पारंपरिक अलगाववादी रुख से अलग अपनी टिप्पणी में लोनने स्वीकार किया कि हुर्रियत और पाकिस्तान दोनों ने क्षेत्र में प्रगति लाने के अवसरों को गंवा दिया है। लोन के मुताबिक, मुख्यधारा की राजनीति में आने के पीछे की मुख्य प्रेरणा अगली पीढ़ी है। उन्होंने युवा पीढ़ी से इस वास्तविकता को स्वीकार करने का आग्रह किया कि भारत बहुत बड़ी शक्ति है, जिससे लड़ना संभव नहीं है। लोन ने युवाओं को सलाह दी कि वे देश को राजनीतिक दलों के चश्मे से न देखें, बल्कि देश के भीतर अपने लिए जगह बनाने के लिए भारत को भारत के रूप में देखें।

लोन ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को पिछले 35 वर्षों के बारे में सच्चाई बताई जानी चाहिए क्योंकि उनके पास इस नए राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है क्योंकि शोषण की राजनीति को रोकना होगा। लोन ने कहा कि 1993 में गठित अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस ने घाटी में अपनी प्रासंगिकता खो दी है।



● पूर्व अलगाववादी नेता बिलाल गनी लोन के बदले सुर

# गाजा: खाद्य वितरण स्थलों पर गोलीबारी 30 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल-बलाह।** इजराइली सैनिकों ने दक्षिणी गाजा में अमेरिका एवं इजराइल समर्थित समूह द्वारा संचालित वितरण केंद्रों से खाद्य सामग्री लेने जा रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई।

ये दोनों घटनाएं गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित केंद्रों के पास हुईं। इस संगठन ने अमेरिका और इजराइल के समर्थन से मई के अंत में सहायता सामग्री की आपूर्ति करने का अभियान शुरू किया था। अमेरिका और इजराइल की सरकारें गाजा में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली पारंपरिक सहायता वितरण प्रणाली का स्थान लेने की कोशिश कर रही हैं। उनका कहना है कि संयुक्त राष्ट्र की सहायता सामग्री हमास के आतंकवादी हड़प लेते हैं।

**पुस्तक में खुलासा** — कारगिल युद्ध से ऐन पहले अटल बिहारी वाजपेयी और नवाज शरीफ के बीच हुई थी गोपनीय बातचीत

# जम्मू-कश्मीर के विभाजन पर सहमत थे भारत-पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक नई पुस्तक में खुलासा किया गया है कि 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले, क्रमशः अटल बिहारी वाजपेयी और नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकारों ने कश्मीर मुद्दे का समाधान तलाशने का प्रयास किया था। इस पहल के तहत चिनाब नदी को भौगोलिक सीमा रेखा मानने पर सहमति बनी थी, जिसे 'चिनाब फॉर्मूला' नाम दिया गया।

अभिषेक चौधरी ने 'बिलीवर्स डायलेमा : वाजपेयी एंड हिंदू राइट्स पाथ टू पावर' में लिखा है कि वाजपेयी की 1999 की ऐतिहासिक पाकिस्तान यात्रा और लाहौर घोषणा के बाद दिल्ली के एक होटल में सेवानिवृत्त पाकिस्तानी राजनयिक और पूर्व उच्चायुक्त (भारत में नियुक्त रहे) नियाज नाइक तथा भारतीय वार्ताकार आरके मिश्रा के बीच सिलसिलेवार गुप्त वार्ता हुई थीं। पुस्तक के अनुसार, मार्च 1999 के अंतिम सप्ताह में शरीफ के दूत नियाज नाइक गुप्त रूप से दिल्ली के एक होटल में रुके और आरके मिश्रा के साथ वार्ता शुरू की।

पुस्तक में कहा गया है, अगले पांच दिनों में उन्होंने कश्मीर पर अपने असंभव प्रस्ताव पर चर्चा की: एक ऐसा समाधान जो न केवल तीनों संबंधित पक्षों (जिनमें से एक पक्ष कश्मीरी भी थे) के लिए उचित हो, बल्कि लागू करने के लिए व्यावहारिक भी हो। वाजपेयी द्वारा दोनों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किये जाने के बाद, मिश्रा और नाइक कई दौर की चर्चा के बाद, दोनों देशों के बीच जम्मू कश्मीर के विभाजन के लिए एक चिह्नित किए जाने योग्य भौगोलिक सीमा पर राजी हुए जिसे 'चिनाब फॉर्मूला' कहा गया।

पुस्तक में दावा किया गया है, 17 मई को, आरके मिश्रा, वाजपेयी का संदेश लेकर इस्लामाबाद पहुंचे। इसी दिन नवाज को कारगिल अभियान पर पहली ब्रीफिंग मिली थी। इस ब्रीफिंग का उद्देश्य शरीफ को सेना के निजी अभियान को सरकारी कवर प्रदान करने के लिए राजी करना था। पाकिस्तान के विदेश मंत्री सरताज अजीज और अन्य अधिकारी कथित तौर पर स्तब्ध थे, लेकिन शरीफ ने उनसे कहा था, अजीज साहब, क्या हम कभी कागजी कार्रवाई से कश्मीर हासिल कर सकते हैं। पैनमैकमिलन इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक में दावा किया गया है कि शरीफ ने पाकिस्तानी सेना को सलाह दी, अल्लाह का नाम लो और इस अभियान को जारी रखो, यह मुद्दा बसें परिचालित कर नहीं सुलझ सकता।




### सांप्रदायिक आधार पर विभाजन पर हुई थी रजामंदी

पुस्तक में कहा गया है, दोनों देशों के बीच जम्मू कश्मीर के सांप्रदायिक आधार पर विभाजन पर सहमति बनी थी। चिनाब के पश्चिम के सभी मुस्लिम बहुल जिलों को पाकिस्तान को देने का प्रस्ताव था जबकि पूरब के सभी हिंदू बहुल जिलों को भारत में रखा जाना था। एलओसी को अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में रखना और कश्मीर के लिए स्वायत्तता के विकल्प नाइक ने खारिज कर दिए थे। कश्मीर की स्वतंत्रता और जनमत संग्रह के विकल्प मिश्रा ने अस्वीकृत किए थे। एक अप्रैल को लौटने से पहले नाइक वाजपेयी से मिले, जिन्होंने नवाज के लिए घुसपैठ और सीमा पर गोलाबारी बंद करने का संदेश भेजा लेकिन मई की शुरुआत तक भारतीय खुफिया इकाइयों ने नियंत्रण रेखा पर बढ़ती आक्रामकता की सूचना दी। कुछ ही समय बाद कारगिल हमला हो गया।